सुप्रभात
रांची, बुधवार
11.09.2024
* * नगर संस्करण। पेज :12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net भादो, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 63

12 फिल्म गांधारी में काम करेंगी तापसी

## न्यूज डायरी

### 13 सितंबर तक कई हिस्सों में भारी बारिश

**रांची।** बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के कारण झारखंड के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने 13 सितंबर तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

### चाल धंसने से 30 श्रमिकों के दबने की आशंका

**मैथन।** इसीएल मुगमा एरिया के कापासारा आउटसोर्सिंग में अवैध खनन में फिर से एक बार बड़ी घटना घटी है। सुभाष कॉलोनी के समीप चाल धंसने से मलबे में 25-30 लोगों की दबे होने की आशंका है।

### हज के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितंबर

**रांची।** झारखंड से हज की यात्रा पर जाने के लिए आवेदन करने की तिथि अब 23 सितंबर तक बढ़ा दी गयी है। झारखंड राज्य हज कमेटी की ओर से इससे संबंधित आदेश जारी किया गया है। हज कमेटी के सीईओ ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के बाद एक कॉपी हज कमेटी के कार्यालय में भी देना है।

### 15 को मोदी टाटा से 11 वंदे भारत ट्रेन करेंगे रवाना

**रांची।** पीएम मोदी 15 सितंबर को टाटानगर रेलवे स्टेशन से कुल 11 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इनमें टाटा-पटना, बाबाधाम-वाराणसी, रांची-दुमका वंदे भारत ट्रेन भी शामिल है। दक्षिण पूर्व रेलवे जीएम अनिल मिश्रा ने कहा कि पीएम सुबह 10.30 बजे टाटा-पटना वंदे भारत को रवाना करेंगे।

## केंद्रीय गृह मंत्री बोले- साइबर सुरक्षा के बिना देश की प्रगति असंभव

# 5 साल में 5 हजार साइबर कमांडो तैयार करेगी सरकार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि साइबर सुरक्षा, अब डिजिटल दुनिया तक सीमित न रहकर राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम विषय बन गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साइबर सुरक्षा के बिना किसी भी देश का विकास असंभव है। उन्होंने कहा कि सरकार ने साइबर अपराध से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में करीब 5 हजार साइबर कमांडो को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि तीन नये आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में देश को



साइबर सुरक्षित बनाने के सभी कानूनी इंतजाम किये गये हैं। श्री शाह ने नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के प्रथम स्थापना दिवस समारोह के दौरान ये बातें कही।

**भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र साइबर सुरक्षा के लिए हो सकता है वरदान :** केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि तकनीक के बढ़ते उपयोग से आज कई खतरे भी पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आई-4-सी (भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र) इस प्रकार के खतरों से निपटने में बहुत बड़ा योगदान कर सकते हैं। उन्होंने आई-4-सी से सभी स्टेक होल्डर्स के साथ मिलकर जागरूकता, समन्वय और साझा प्रयास को जारी रखने का आह्वान किया।

इस मौके पर अमित शाह ने यहां आइ-4-सी के चार प्रमुख साइबर प्लेटफॉर्म्स- साइबर कमांडो, सीएफएमएस, सस्पेक्ट रजिस्ट्री और समन्वय प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया। श्री शाह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना थी, जिसका शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे साइबर अपराधियों पर चौतरफा हमले कर साइबर अपराधों की ना केवल रोकथाम की जा सकेगी, बल्कि ऐसे अपराधियों को पकड़ने में भी तेजी आयेगी। श्री शाह ने कहा कि देश के 72 से अधिक टीवी चैनल्स, 190 रेडियो एफएम चैनल्स, सिनेमाघरों और कई अन्य प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से इस अभियान को गति देने का प्रयास किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा और केंद्र सरकार की नीतियों पर खूब बरसे, कहा

# हमें तोड़ने की कोशिश में भाजपा नेता केंद्र ने मनरेगा की राशि भी रोक दी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/सरायकेला/जमशेदपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत डोबो काजू मैदान में मंगलवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। उन्होंने परिसंपत्तियों का वितरण करते हुए मौजूदा केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार को जादूगर बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेताओं के घर पर नोट छापने की मशीन लगी है। इसका नतीजा है कि वे हमारे विधायकों को खरीद कर सरकार गिराने की जुगत में लगे हैं। उन्होंने कहा कि चील-

**केंद्र सरकार पर मनरेगा में सबसे कम मजदूरी दर झारखंड को देने का लगाया आरोप**



**पीएम मोदी के आगमन पर कहा- उनका स्वागत है :** 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर आगमन को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका स्वागत है, जो व्यक्ति पूरा विश्व घूम सकता है, उसे राज्य घूमने में मनाही नहीं है। वहीं बाबूलाल मरांडी द्वारा पति-पत्नी की सरकार के सवाल पर कहा कि बाबूलाल सीनियर हैं कुछ नहीं कहेंगे।

कौओं की तरह भाजपा के नेता लोग मंडराने लगे हैं। कल-परसों केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री कोल्हान क्षेत्र में घूम रहे थे। उनसे पूछना चाहिये कि मनरेगा में सबसे कम मजदूरी झारखंड को क्यों देते हैं। अब भी मनरेगा का पैसा अटका हुआ है और वे यहां हमारे विधायकों को खरीदने और पार्टी को तोड़ने की कोशिश में पैसे लेकर घूम रहे हैं। सीएम ने कहा कि जनता इनको नहीं चुनती है। पैसे के बल पर ही ये सरकार बनाते हैं।

### कोरोना में उल्टा-सीधा टीका लगवा दिया

सीएम ने भाजपा की केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरे देश को कोरोना में उल्टा सीधा टीका लगवा दिया। पूरी दुनिया में उस टीके पर रोक लगा दी गयी थी। देशभर में फर्जी दवा सप्लाई की गयी। हमलोगों को भी लगा दिया, पता नहीं कब मर जायेंगे। लोग चलते फिरते मर जा रहे हैं। ये लोग सत्ता में आने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

### हमें खूब परेशान किया, जेल में भी डाला

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के लोग नहीं चाहते हैं कि झारखंड समृद्ध हो। केंद्र सरकार ने लॉकडाउन लगाकर 2 सालों तक राज्य को पीछे धकेल दिया। ईडी-सीबीआई से परेशान कर कर हमें जेल में भी डाल दिया। फिर भी जनता की सरकार के हौसले को वे हिला नहीं सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जितनी भी योजनायें बनायी, ये लोग गिनने लगेंगे तो और पांच साल लग जायेंगे। डबल इंजन की सरकार के पास पेंशन का पैसा नहीं था। महिलाओं को देने के लिए कुछ नहीं था, लेकिन अरबपति व्यापारियों का हजारों करोड़ का ऋण माफ कर दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच साल में हर घर में एक-एक लाख रूपया जायेगा। राज्य को हम मजबूत बनायेंगे।

## सीएम के राजनीतिक गिद्ध वाले बयान पर बोले चौहान

# जल जीवन मिशन के पैसे की बर्बादी बड़ा भ्रष्टाचार, एक भी गांव में पैसा नहीं गया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सीएम हेमंत सोरेन के राजनीतिक गिद्ध वाले बयान पर तंज कसा है। श्री चौहान मंगलवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कहा कि हम इस तरह की भाषा नहीं बोलते, लेकिन झारखंड में सत्ताधारी दल के लोग इस राज्य को चील कौअे की तरह नोच-नोच कर खा रहे हैं। हेमंत सरकार ने जल जीवन मिशन के पैसे को पूरा बर्बाद कर दिया। यह भ्रष्टाचार की अति है और अन्याय की पराकाष्ठा भी। प्रधानमंत्री ने हर घर जल नल योजना के लिए पैसा भेजा। एक गांव में भी पैसा नहीं पहुंचा। आखिर ये पैसा कहां गया।

उन्होंने कहा कि यहां सत्ताधारी दल के लोगों के पास नोटों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी है कि कोई सुरक्षित नहीं है। बालू से लेकर खनिज तक में भ्रष्टाचार है।



### वोट पाने के लिए जाल बिछा रहा इंडी गठबंधन

शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि पांच साल तक राज्य सरकार ने एक भी नौकरी नहीं दी और अब चुनाव के समय 10-10 किलोमीटर तक दौड़ा रहे हैं। युवाओं की जान जा रही है। डेमोग्राफी चेंज होना भयावह है। इसलिए झारखंड को बचाना भाजपा का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पांच साल में एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। अब चुनाव के समय एक हजार रुपये पकड़ाकर वोट पाने का जाल बिछा रहे हैं। हम इसे उजागर करेंगे।




# योजना का लाभ लेकर जीवन में मिली उम्मीद

## मनरेगा के अंतर्गत सिंचाई कूप निर्माण से सशक्त हुए किसान

**खूंटी**

**खूंटी** के कर्रा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बमरजा निवासी कोयलो उराँव अपने जीवन को उन्नत करने की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। मनरेगा के तहत संचालित बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना कोयलो उराँव जैसे हजारों किसानों के लिए सार्थक सिद्ध हो रहा है। सफलता के पथ पर बढ़ते ये किसान अब आत्मविश्वास से लबरेज हैं।

कोयलो उराँव के जीवन में एक आशा की किरण तब नजर आई, जब उसने मनरेगा अंतर्गत सिंचाई हेतु कुआँ की जरुरत से ग्राम सभा को अवगत कराया। उसकी जरुरत को देखते हुए ग्राम सभा और प्रखंड स्तर से उसे योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई। देखते ही देखते उसके खेत में कुआँ निर्माण का कार्य शुरू हो गया।



बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना (लाभुक) - कोयलो उराँव की परिजन

### खेती में हो रही थी परेशानी

कोयलो को अपने खेत में सिंचाई के लिए पानी की कमी के कारण खेती में परेशानी हो रही थी। कोयलो दूसरे के खेत में खेती करने को विवश था। उसकी परेशानियां तब कम हुई, जब मनरेगा के अंतर्गत उसके खेत में कुआँ का निर्माण हुआ। इससे न केवल वह अपने खेत में खेती करने लगा, बल्कि उसकी आंखों में उम्मीदों की चमक भी दिखाई देने लगी है। वह दोगुने मेहनत से खेती के कार्य में जुट गया। उसकी मेहनत रंग लाई और उसके खेत लहलहाने लगे।

### किसानों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव

किसान कोयलो उराँव का कहना है कि पहले से अब वो चार से पांच गुना ज़्यादा फसल उपजा रहा है। आलू, मटर, बीन, करेला, गोभी, प्याज़, टमाटर इत्यादि से करीब 2 लाख रुपये तक की आमदनी हुई। निकट भविष्य में भी उसे उम्मीद है कि उसके द्वारा उत्पादित फसलों से उसे लाभ होगा। मनरेगा के अंतर्गत कुआँ निर्माण से बमरजा गांव के ही नहीं बल्कि कर्रा प्रखंड के दर्जनों किसानों को भी लाभ हुआ है। किसान कहते हैं कि अब वे हर मौसम में खेती करते हैं और परिवार का भरण-पोषण एवं बच्चों की शिक्षा बेहतर ढंग से कर रहें हैं।

योजना का लाभ लेकर कोयलो कर्रा प्रखंड में एक उभरते हुए किसान के रूप में अन्य किसानों को प्रेरित कर रहा है। मनरेगा से मिली ये सुविधा किसानों तक बेहतर संदेश देने में सहायक सिद्ध हुई हैं। अब ऊर्जावान किसान उन्नत भी हैं और कुशल भी। मालूम हो कि सिंचाई की व्यवस्था के लिए बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के तहत राज्य भर में 1 लाख कुआँ निर्माण का लक्ष्य रखा गया है

जोहार, मेरा नाम मलविना पूर्ति है। मुझे फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत योजना का लाभ मिला था। योजना में मिली मदद से मैंने अपना व्यवसाय शुरू किया है। मैं बहुत खुश हूं। हेमन्त दादा को आभार।

मलविना पूर्ति, पश्चिमी सिंहभूम



# नियुक्तियों से युवाओं के सपने हो रहे साकार

## सरकार के लगातार प्रयास से युवाओं को मिला रोजगार और नियुक्ति के अवसर

**हेमन्त सरकार** ने राज्य में होने वाली नियुक्ति में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिले इसके लिए लगातार प्रयास किये हैं। इसका फायदा भी दिखा है। JPSC एवं JSSC द्वारा ली गयी परीक्षाओ में जो चयन हुआ है उसमें स्थानीय लोगों के चयन का प्रतिशत चौकाने वाले हैं। हाल के दिनों में हुए विभिन्न पदों पर नियुक्तियों में 75 प्रतिशत से 100 प्रतिशत नियुक्ति झारखण्ड के अभ्यर्थियों की हुई है।

JPSC द्वारा जहां लेखा पदाधिकारी के पद पर 100 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई, वहीं JSSC द्वारा कनीय अभियंता (सिविल) में 75 प्रतिशत युवा झारखण्ड के चयनित हुए। झारखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों की संख्या पर नजर डालें तो कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी 94 प्रतिशत, सहायक अभियंता 85 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) 88 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) 95 प्रतिशत एवं स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर 81 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है। इस तरह झारखण्ड डिप्लोमा संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में मोटरयान निरीक्षक में 97.63 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) में 91 प्रतिशत, कनीय अभियंता (असैनिक) में 79.93 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) में 92.30 प्रतिशत समेत अन्य में झारखण्ड के अभ्यर्थी नियुक्त हुए हैं।

झारखण्ड को बने दो दशक से अधिक हो गए। लेकिन, विभिन्न विभागों में जहां कई पदों पर पहली बार नियुक्ति हुई तो कहीं नियुक्ति नियमावली भी पहली बार बनायी गयी। सभी अड़चनों को दूर कर झारखण्ड सरकार क्रमबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से पूरी तेजी के साथ खाली पदों को भरने का अभियान शुरू कर चुकी है और यह सिलसिला लगातार जारी है।




मुख्यमंत्री ने 1500 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

### नियुक्ति में स्थानीय युवाओं ने मारी बाजी

(नगर विकास एवं आवास विभाग में विभिन्न पदों के आंकड़े)

| | |
|---|---|
| लेखा पदाधिकारी | 100% |
| कनीय अभियंता (सिविल) | 75% |
| कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी | 94% |
| सहायक अभियंता | 85% |
| कनीय अभियंता (विद्युत) | 88% |
| कनीय अभियंता (यांत्रिक) | 95% |
| स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर | 81% |

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 335331 (IPRD) 24-25

# हमने नयी जिम्मेवारी संभाली है, ऐसे में संवाद जरूरी है : राज्यपाल

## साहेबगंज के शिबु सोरेन कॉलेज में ग्रामीणों के साथ किया संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को साहेबगंज के शिबु सोरेन कॉलेज (बिचपुरा) के सभागार में ग्रामीणों के साथ संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हाल ही में इस राज्य में नई जिम्मेदारी संभाली है। राज्य के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों को समझने और वहां के लोगों से संवाद करना आवश्यक है। इस संवाद से यह जानकारी मिलती है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का कार्यान्वयन किस प्रकार हो रहा है। संवाद के माध्यम से लोगों की समस्याओं और सुझावों को भी जानने का अवसर मिलता है।

**देखना जरूरी है कि योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं :** राज्यपाल ने कहा कि देश को आजादी मिले लंबा समय हो गया। अब यह देखना महत्वपूर्ण है कि क्या सभी को सरकार द्वारा पर्याप्त सुविधाएं मिल रही हैं। सरकार की प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कई परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिए गए हैं। दूषित जल से होने वाली बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की समस्या अधिक गंभीर है और इसके समाधान के लिए सरकार जल जीवन मिशन के तहत निरंतर प्रयास कर रही है।

**आवास योजनाओं के लिए सरकार के पास पर्याप्त संसाधन :** राज्यपाल ने बताया कि आवास योजनाओं के लिए सरकार के पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं और आवास निर्माण का कार्य भी तेजी से हो रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस योजना से लाभान्वित लोगों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने दिव्यांग और वृद्धा पेंशन योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली।

**स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी दी जानकारी :** स्वंय सहायता समूह की एक सदस्य ने बताया कि उनके समूह में लगभग 300 महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जो खेती के साथ-साथ विभिन्न अन्य कार्यों में संलग्न हैं। इन समूहों की महिलाएं किराना दुकान, ऋंगार सामग्री, पत्तल और पापड़ बनाने, मल्टीग्रेन आटा, अचार बनाने, और सिलाई जैसे कार्यों से प्रतिमाह लगभग 10,000 रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। राज्यपाल ने इन महिलाओं के आत्मनिर्भरता के प्रयासों की सराहना की और कहा कि वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते हुए समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। समूह की एक और सदस्य ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ भी लोगों को मिल रहा है, बैंक से फर्स्ट और सेकंड लिंकेज के तहत भी सहायता प्राप्त हो रही है।

**मशरूम योजना की भी जानकारी दी :** एक अन्य व्यक्ति ने पहाड़िया जनजातियों के लिए चल रही मशरूम योजना के सफल होने की जानकारी दी और बताया कि रिटेल आउटलेट के माध्यम से लोगों को इसका और अधिक लाभ मिलने की संभावना है। राज्यपाल ने विभिन्न लाभुकों के मध्य परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। उन्होंने कहा कि जनमानस के विकास के सभी आवश्यक प्रयास किये जायेंगे। राज्यपाल महोदय ने हूल क्रान्ति के अमर महानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके वंशजों से भेंट की।

### सिदो- कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानों को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** राज्यपाल ने मंगलवार को सिदो कान्हू मुर्मु पार्क, भोगनाडीह, बरहेट, साहेबगंज में अमर शहीद सिदो- कान्हू, चाँद-भैरव और फूलो-झानों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सिदो-कान्हू की वीरता और साहस हमारे देश के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। वहीं, राज्यपाल ने शहीदों के परिजनों से भेंट कर उनका हाल-चाल पूछा।

### हूल क्रांति के अमर महानायकों को दी श्रद्धांजलि

राज्यपाल मंगलवार को साहेबगंज जिला के बरहेट स्थित पंचकठिया में वीर शहीद सिदो कान्हू की स्मृति में निर्मित क्रांति स्थल पर जाकर हूल क्रांति के अमर महानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन पर उनकी प्रतिक्रिया जानने आये हैं : राज्यपाल

### पाकुड़ के सोनाधनी पंचायत में राज्यपाल ने ग्रामीणों के साथ किया संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को पाकुड़ जिले के लिप्तीपाड़ा प्रखंड के सोनाधनी पंचायत में ग्रामीणों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे यहां पर सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन पर लोगों की प्रतिक्रिया और सुझाव प्राप्त करने आए हैं। उन्होंने बताया कि पहले योजनाओं के लिए आवंटित धन का केवल एक छोटा हिस्सा ही जनता तक पहुंचता था, लेकिन आज की स्थिति पूरी तरह बदल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बात पर विशेष ध्यान देते हैं कि योजनाओं का 100% लाभ लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है और हर घर नल योजना के माध्यम से सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार सतत प्रयासरत है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण आवास दिए जा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध है। साथ ही, स्वंय सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। आज गांव-गांव तक बिजली पहुंच गई है।

**इंटर तक आवासीय स्कूल बनवा दिजिये :** संवाद के दौरान राज्यपाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। ग्रामीणों ने इंटर तक के लिए आवासीय स्कूल की मांग की। सिंचाई की समस्याओं का समाधान करने और सड़कों के निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल जाने के लिए सड़क के निर्माण से बच्चों को सुविधा होगी। विद्यार्थियों ने आदिम जनजाति के छात्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रखंड स्तर पर पठन-पाठन की व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, विद्यालयों में शिक्षकों की कमी का मुद्दा भी उठाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने आदिम जनजातियों के बीच परिसंपत्तियां भी बांटी।

## सीएम हेमंत ने कहा सरकार ने चार वर्षों में विकास की लंबी लकीर खींची

# गांव समृद्ध होंगे तभी राज्य समृद्ध होगा खेत-खलिहान ग्रामीणों का एटीएम

### किसानों के 2 लाख रुपये तक का कृषि ऋण माफ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार तथा कृषि विभाग का उद्देश्य एवं लक्ष्य राज्य में किसान वर्ग को मजबूती प्रदान करना रहा है। श्री सोरेन मंगलवार को द कार्निवल बैंक्विट हॉल में आयोजित प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन के उदघाटन एवं 236 चलंत पशु चिकित्सालय वाहन के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड गांवों का प्रदेश है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले अधिकतर लोगों का जुड़ाव खेती-बाड़ी के कार्यों से है। विगत 4 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा किसान वर्ग के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन और नीति निर्धारण की गई है जो आने वाले समय में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जब गांव समृद्ध होंगे तभी राज्य समृद्ध होगा। उनकी सरकार राज्य के गांवों की जड़ों को मजबूत करने पर लगी है। जब गांव की जड़े मजबूत होगी तब स्थायी तौर पर राज्य भी मजबूत होगा।

**कृषि की वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष बल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। इस देश में किसान वर्ग के लिए जो नीतियां बनाई गई है उसका फलाफल बहुत कारगर साबित नही हुआ है। बड़े पैमाने पर किसान वर्ग के लोग अब खेतीहर मजदूर के रूप में गिने जा रहे है। उन्होंने कहा कि भौतिकवादी युग में विकास के विभिन्न मापदंड, सही नीति निर्धारण की कमी तथा जलवायु परिवर्तन किसानों को मजदूर बनने पर मजबूर कर रही है। यह एक बहुत गंभीर और चिंतनीय विषय है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में किसान वर्गों के लिए खेती की वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष बल दिया है। उन्होंने कृषकों से अपील किया कि वे पशुपालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ जरूर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में परंपरागत खेती कृषि के साथ-साथ पशुपालन की परंपरा भी रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सदैव यहां के किसान परिवारों के साथ खड़ी है। राज्य सरकार द्वारा कृषकों के 2 लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफी का निर्णय भी लिया गया है। राज्य सरकार अब कृषि कार्य के लिये किसान परिवारों को बेहतर गुणवत्ता वाले पशु प्रदान कर रही है। राज्य सरकार ने पहली बार ऐसी नीति बनाई जिसमें कृषकों को प्रदान किये जाने वाले सभी पशुओं का इंश्योरेंस किया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर लोग मछली पालन के व्यवसाय से भी जुड़े हैं। राज्य सरकार यहां विभिन्न पशुपालन योजनाओं को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का मूलधन खेत.खलिहान और पशुधन होता है। ग्रामीण किसान परिवारों की हर जरूरत इसी से पूरी होती है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने वनोपज को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य को पूरा कर रही है। ग्रामीणों को वन उपज का सही मूल्य मिल सके इसके लिये भी उनकी सरकार संकल्पित है।

## खबर एक नजर में

### युवा आक्रोश रैली केस में बाबूलाल, संजय सेठ, अमर बाउरी, दीपक प्रकाश को हाईकोर्ट से राहत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, सांसद दीपक प्रकाश, ढुल्लू महतो, प्रतुल शाहदेव, युवा मोर्चा के अध्यक्ष शशांक राज समेत 18 को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने मोरहाबादी में भाजपा के कार्यक्रम के दौरान पुलिस के साथ झड़प मामले में पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दरअसल भाजपा के युवा आक्रोश मार्च में हुए उपद्रव के बाद उक्त सभी लोगों समेत दस हजार अज्ञात के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट के हुई। बाबूलाल मरांडी व अन्य की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने बहस की।

### सोशल मीडिया में जेबीवीएनएल कर रहा प्रचार, कनेक्शन करायें केवाईसी और व्हाट्सएप नंबर का लाभ उठायें

**रांची।** बिजली उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर अपडेट करने के लिए जेबीवीएनएल की ओर से कैंप लगाया जा रहा है। कैंप अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग तारीखों में लगाया जा रहा है। वहीं, सोशल मीडिया में भी इसके लिये प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जहां वीडियो के माध्यम से मोबाइल अपडेट कराने की जानकारी दी जा रही है। जेबीवीएनएल की मानें तो कैंप और सोशल मीडिया प्रचार का मुख्य फोकस ग्रामीण इलाकों में जागरूकता फैलाना है। जहां अधिक से अधिक उपभोक्ता व्हाट्सएप पर बिजली संबंधी सुविधाओं और बिल की जानकारी लें सकें। सोशल मीडिया में प्रचार के साथ ही जेबीवीएनएल जानकारी दे रहा है कि उपभोक्ता अपना केवाईसी करायें। इसके लिये नजदीकी बिजली कार्यालय में या व्हाट्सएप नंबर के जरिये उपभोक्ता नंबर लिंक करा सकते है।

इसके लिये व्हाट्सएप नंबर 9431135503 पर उपभोक्ता सभी जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही रांची और धनबाद में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिये भी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उपभोक्ता बिजली बिल और अन्य संबंधित जानकारी अपने मोबाइल पर प्राप्त हो जाएगी। जो उपभोक्ता अभी भी पुराने मीटर का उपयोग कर रहे हैं, उन्हें स्मार्ट मीटर से उसे बदलवाने की सलाह दी जा रही है। यदि उनका मोबाइल नंबर लिंक नहीं है, तो शिकायत नंबर 0651-2710002 या 1912 पर संपर्क करके इसे लिंक करवा सकते हैं।

### हजारीबाग के तत्कालीन डीएसओ को निंदन की लघु शास्ति दंड

**रांची।** राज्य सरकार ने हजारीबाग के तत्कालीन जिला खेल पदाधिकारी (डीएसओ) हजारीबाग, सम्प्रति जिला क्रीड़ा पदाधिकारी लोहरदगा को मामूली दंड दिया है। उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चलायी जा रह थी। इसमें रिटायर आइएएस पदाधिकारी गणेश कुमार की अनुशंसा के बाद उन्हें आंशिक रूप से दोषी पाया गया। उन्हें निंदन की लघु शास्ति दंड देते हुए विभागीय कार्यवाही को समाप्त कर दिया गया है। दरअसल, हजारीबाग के पदस्थापन काल में उपवन बाड़ा का आचरण सरकारी सेवक आचार नियमावली के नियम के तहत नहीं पाया गया, जिसमें उन्हें आंशिक दोषी माना गया। पर्यटन संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने इस संबध में आदेश जारी किया है।

### कांग्रेस स्क्रीनिंग कमिटी झारखंड दौरे पर आज पहुंचेगी रांची, जिलों में जाकर कार्यकर्तओं से करेगी संवाद

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा गठित स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडाऩकर, सदस्य प्रकाश जोशी एवं श्रीमती पूनम पासवान पांच दिवसीय दौरे पर बुधवार,11 सितंबर को झारखंड पहुंचेंगे। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस की स्क्रीनींग कमिटी जमीनी स्तर पर चुनावी रणनीति के तहत कार्यकताओं से सीधे संवाद करेगी। इस दौरान समिति के सदस्य नेताओं, कार्यकताओं और चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से मुलाकात कर प्रत्येक विधानसभा के समीकरणों और परिस्थितियों से अवगत होंगे तथा आवश्यकता अनुसार उस क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत होने का प्रयास करेंगे ताकि विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के मजबूत उम्मीदवारों तथा मुद्दों का चयन हो सके।

उन्होंने कहा कि समिति 11 सितंबर को रात सेवा विमान से रांची पहुंचेगी। 12 सितंबर को पलामू में पलामू,गढ़वा,लातेहार जिला के नेताओं कार्यकताओं से मुलाकात करेगी तत्प्रात शाम में हजारीबाग प्रस्थान करेगी, जहां 13 सितंबर को हजारीबाग परिसदन में चतरा,कोडरमा, रामगढ़, हजारीबाग एवं 13 सितंबर को ही शाम 5:00 बजे से धनबाद परिसदन में धनबाद जिला एवं 14 सितंबर को धनबाद परिसदन में सुबह 8:00 बजे से गिरिडीह,बोकारो,जामताड़ा एवं 14 सितंबर को ही रांची परिसदन में रांची जिला तथा 15 सितंबर को सुबह 8:00 बजे से लोहरदगा,गुमला,सिमडेगा,खुंटी जिला के नेताओं कार्यकताओं एवं चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से मुलाकात करेगी।

## परिवर्तन यात्रा में सरकार की विफलताओं को उजागर करेगी भाजपा : बाबूलाल

### 6 सांगठनिक प्रमंडलों से निकलेगी परिवर्तन यात्रा

### 20 से 30 सितंबर तक होगी यात्रा, विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा शीघ्र

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमे आगामी 20 सितंबर से शुरू होने वाली परिवर्तन यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, यात्रा के संयोजक सांसद दीपक प्रकाश, समीर उरांव, सांसद आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी, सांसद, विधायकगण, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी गण उपस्थित थे। यात्रा संयोजक दीपक प्रकाश ने बैठक के बाद बताया कि भ्रष्ट और निकम्मी हेमंत सरकार से जनता ऊब चुकी है। सभी वर्गों में राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मजबूत विपक्ष के नाते जन भावनाओं की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि जन मुद्दों और सरकार की विफलताओं को जमीनी स्तर पर उजागर करने केलिये भाजपा ने सभी 6 सांगठनिक प्रमंडलों से परिवर्तन यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। यात्रा की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रा की संभावित तिथि 20 से 30 सितंबर के बीच होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द यात्रा कार्यक्रमों की विधिवत घोषणा करेगी। बैठक का संचालन प्रदीप वर्मा ने किया। स्वागत अनंत ओझा, नीलकंठ सिंह मुंडा, बड़कुवर गगराई, नवीन जायसवाल, नीरा यादव, केदार हाजरा, राज सिन्हा, शशि भूषण मेहता ने किया।

## जनशिकायतः जमीन से लेकर दहेज प्रताड़ना की फेहरिस्त, आवेदन पर होगी समीक्षा

# जिनकी गलती होगी, उन पर कार्रवाई होगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर 21 जिलों में जन शिकायत कार्यक्रम की शुरूआता की गयी। पहले दिन राज्य भर के जिन- जिन जिलों में जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वहां जमीन जायदाद, दहेज प्रताड़ना से लेकर पुलिस अधिकारियों की शिकायत तक की गयी। कार्यक्रम में तमाम शिविरों पर भीड़ उमड़ी और सभी ने बारी-बारी से शिकायत आवेदन पुलिस अधिकारियो को सौंपा। अब इस आवेदन के आधार पर जिन- जिन थाना क्षेत्रों से शिकायतें आई हैं। उनका बारी- बारी से समीक्षा की जायेगी और दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जायेगी। इधर, रांची में जन शिकायत कार्यक्रम में बेटे के शहीद होने के बाद बहू के द्वारा मां-बाप को प्रताड़ित किए जाने का मामला भी सामने आया।

झारखंड के 21 जिलों में चल रहे जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में रांची में आईजी मनोज कौशिक, रामगढ़ में आईजी अमोल होमकर, खूंटी में आईजी प्रभात कुमार, सिमडेगा में आईजी असीम विक्रांत मिंज, गुमला में आईजी अखिलेश झा, लोहरदगा में डीआईजी अनूप बीरथरे, बोकारो में आईजी माइकल राज, धनबाद में डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा, हजारीबाग में आईजी पंकज कंबोज, चतरा में डीआईजी कार्तिक एस, गिरिडीह में डीआईजी सुनील भास्कर, कोडरमा में डीआईजी पटेल मयूर, लातेहार में आईजी राजकुमार लकड़ा, पलामू में आईजी नरेंद्र कुमार सिंह, गढ़वा में डीआईजी वाईएस रमेश, देवघर में आईजी विजयलक्ष्मी, दुमका में आईजी इंद्रजीत महता, साहिबगंज में आईजी क्रांति कुमार, पाकुड़ में डीआईजी संजीव कुमार और जामताड़ा में आईजी शैलेंद्र कुमार सिंह को डिपुट किया गया था।

### गिरिडीह में सर्वाधिक 1100 लोगों की शिकायतें सुनी गयी

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता की पहल पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में राज्य के 21 जिले के 74 केंद्रों पर 6396 लोगों की समस्या सुनकर झारखंड पुलिस ने उसका समाधान किया। कार्यक्रम मॉनिटरिंग के लिए राज्य के 21 जिले में 21 आईजी और डीआईजी रैंक के अधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया था। सबसे अधिक गिरिडीह जिले में 1100 लोगों की शिकायत सुनी गई और सबसे कम देवघर में सिर्फ 38 लोगों की शिकायतें सुनी गयी।

**शिकायतों का किया गया समाधान :** रांचीः 824, खूंटीः 145, सिमडेगाः 79, लोहरदगाः 123, गुमलाः 223, रामगढ़ः 184, हजारीबागः 392, चतराः 149, कोडरमाः 104, गिरिडीहः 1100, बोकारोः 205, धनबादः 686, लातेहारः 283, पलामूः 335, गढ़वाः 418, दुमकाः 374, जामताड़ाः 162, पाकुडः 86, साहेबगंजः 342, देवघरः 38, गोड्डाः 144, कुलः 6396

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सेठ का ऑस्ट्रेलिया में भारतवंशियों से संवाद

# विदेश में भारतवंशियों से मिलकर अद्भुत आनंद मिला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मंगलवार को मेलबॉर्न स्थित युद्ध स्मारक पहुंचे। यहां अपने देश के लिये सर्वोच्च बलिदान देने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस स्मारक का निर्माण ऑस्ट्रेलिया के लिये किसी भी युद्ध की सेवा देने वाले की स्मृति में किया गया है । वही काउंसलेट जनरल ऑफ इंडिया के द्वारा मेलबर्न शहर में भारतीयों के साथ एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि दूर देश में अपने लोगों से मिलकर अपनत्व का बोध होता है। आप सब ऑस्ट्रेलिया में रहकर अपने कार्यों से भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। सभी भारतीय यहां अपने कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर अपने और अपने देश का नाम रोशन कर रहे हैं। विदेश में भी रहकर आप सबों का भारत के प्रति जो स्नेह है, यही भारत की ताकत है। उन्होंने कहा कि हमारा भारत अमृतकाल से गुजर रहा है। मैं आप सब भारतवंशियों से यह अनुरोध करता हूं कि भारत के विकास में आप सब अपना योगदान दें। इसके बाद श्री सेठ 1853 में स्थापित ऑस्ट्रेलिया के ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड का भ्रमण किया।

# तीन दिनी हड़ताल पर गये झारखंड मंत्रालय के पदाधिकारी-कर्मचारी

## प्रोजेक्ट भवन, नेपाल हाउस और निदेशालयों में कामकाज पूरी तरह से ठप

### फाइल के इंतजार में बैठे रहे अधिकारी और बाहर बिना काम के बैठ रहे कर्मी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो के साथ झारखंड सचिवालय सेवा संघ के विभिन्न मांगों पर वार्ता के बाद सहमति नहीं बनी तो मंगलवार से झारखंड सचिवालय सेवा संघ के सदस्य तीन दिनी सामूहिक अवकाश पर चले गये। इस कारण झारखंड के सचिवालय (प्रोजेक्ट भवन और नेपाल हाउस) और निदेशालयों में मंगलवार को कामकाज पूरी तरह ठप रहा। संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद व महासचिव सिदार्थ बेसरा ने कहा कि यह अवकाश 12 सितंबर गुरूवार तक रहेगा। संघ ने कार्मिक सचिव के खिलाफ नराजगी जताते हुए कहा है कि जिन प्रस्तावों पर मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त है, उसमें कार्मिक सचिव अड़ंगा लगा रहे हैं। इस कारण संघ के प्रत्येक सदस्य की यह जिम्मेदारी है कि यह कार्यक्रम पूर्ण -रूपेण सफल हो। हम सब मिल कर यह सुनिि>त करेंगे कि हमारे हक-हुकूक की आवाज सरकार के कानों तक पहुंचे। इधर इनके अवकाश पर जाने से अफसर ऑफिस में बैठे फाइल का इंतजार करते रह गये।

**तीन महीने से चल रहा है आंदोलन :** सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारी-कर्मचारी अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर पिछले तीन महीने से आंदोलन कर रहे हैं। सचिवालय सेवा में लगभग 1000 पदाधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं। मंगलवार को सामूहिक अवकाश में रहने के कारण सरकारी विभागों में लगभग 3500 फाइलों का मूवमेंट रूक गया है। हर दिन एक विभाग में औसतन 100 से अधिक फाइलों का मूवमेंट होता है।

**महासचिव के विभागीय प्रमुखों को लिखा था पत्र :** संघ के महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और सभी विभागाध्यक्षों को पत्र लिख कर कहा था कि उनकी मांगें कई सालों से सरकार के पास लंबित हैं। इस उपेक्षापूर्ण रवैया की वजह से संघ के पास चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा है। संघ की कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि आंदोलन के अगले चरण में 10 से 12 सितंबर तक सभी पदाधिकारी व कर्मचारी सामुहिक अवकाश पर रहेंगे।

#### उड़नदस्ता तैयार

सचिवालय सेवा संघ के निर्णय के खिलाफ सचिवालय सेवा का कोई पदाधिकारी या कर्मचारी काम न करे, इसके लिए संघ की ओर से छह उड़नदस्ता की टीम गठित की गई है। जो औचक निरीक्षण कर देखेगी कि सचिवालय सेवा के कौन पदाधिकारी और कर्मचारी संघ के निर्णय के खिलाफ काम कर रहे हैं।

#### संघ की क्या हैं छह मांगें

- सचिवालय सेवा के पदाधिकारी व कर्मचारी की लंबित प्रोन्नति दी जाये।
- प्रशाखा पदाधिकारी के पदों पर भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति का लाभ दें।
- प्रशाखा पदाधिकारियों को अकार्यात्मक वेतनमान की स्वीकृति दें।
- सचिवालय सेवा के उप सचिव एवं संयुक्त सचिव स्तर के पदों का सृजन हो।
- संयुक्त सचिव, उप सचिव, अवर सचिव व प्रशाखा पदाधिकारी के रिक्त पदों पर प्रोन्नति मिले।
- शिशु शिक्षण भत्ता दें और सचिवालय सेवा के मूल कोटि के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती हो।

## प्रतिबिंब ऐप की उपलब्धियों के लिए डीजीपी को शाह ने किया सम्मानित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिबिंब ऐप की उपलब्धियों के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता को सम्मानित किया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता को मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए काम करने वाली आई 4 सी संस्था की पहली वर्षगांठ पर सम्मानित किया गया। इसको लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता व ऐप बनाने वाले गुंजन कुमार को दिल्ली बुलाया गया था।

**साइबर अपराधियों को ट्रैक करने के लिए अनुराग गुप्ता ने तैयार कराया था प्रतिबिंब ऐप :** बता दें कि अनुराग गुप्ता ने साइबर अपराधियों को ट्रैक करने के लिए प्रतिबिंब ऐप तैयार कराया था। इसके जरिये ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबर के आधार पर साइबर अपराधियों को ट्रैक किया जाता है। यह सुविधा सीआईडी द्वारा सभी जिलों की पुलिस को प्रदान किया गया है।

सीआईडी मोबाइल नंबर को ट्रैक कर साइबर अपराधियों के बारे में संबंधित जिला की पुलिस को जानकारी देती है। इसके बाद जिला पुलिस छापेमारी कर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करती है। सीआईडी मुख्यालय के अधिकारियों के अनुसार, झारखंड पुलिस के इस प्रयास से न सिर्फ साइबर अपराधी पकड़े जा रहे हैं। बल्कि साइबर फ्रॉड को लेकर दूसरे राज्य जैसे बंगाल, बिहार, दिल्ली सहित अन्य राज्यों के केस का खुलासा हो रहा है।

## जिनके कारण जलापूर्ति योजना में विलंब हुआ उनपर कार्रवाई करे राज्य सरकार : हाई कोर्ट

**रांची।** साहिबगंज जिले में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना शीघ्र चालू करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को जिले में जलापूर्ति योजना पूरी होने में विलम्ब के लिए जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। अदालत ने सरकार को अगली सुनवाई तक एक्शन टेकेन रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष जमा करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से बहस कर रहे महाधिवक्ता ने अदालत को बताया कि कोर्ट में गलत जानकारी देने वाले एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को विभाग ने शो कॉज किया है। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने मौखिक रूप से कहा है कि 16 वर्षों से पानी के नाम पर आश्वासन ही मिला है, जिसके कारण झारखंड के ग्रामीण इलाकों में लोगों को पानी को लेकर जूझना पड़ रहा है। पानी मौलिक जरूरत होती है।

## जिसका दामन खुद दागदार हो, वह दूसरों के दामन पर धब्बा नहीं खोजता : सोनाल शांति

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने प्रदेश भाजपा प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिनका दामन खुद दागदार हो वह दूसरों के दामन पर धब्बे नहीं खोजते। उन्होंने कहा कि श्री चौहान उस दल से आते हैं जिसका इतिहास कालिखो से भरा है। स्वतंत्रता संग्राम से भागने वाले कुनबे से आने वाले आज कांग्रेस को देशभक्ति की नसीहत दे रहे हैं। भाजपा नेताओं के नीतियों सिद्धांतों से देश का सर कई बार शर्मसार हुआ है। कफन और ताबूतों में घोटाला करने वालों के रास्ते पर चलने वाले, देश की आर्थिक नीतियों को ताक पर रखकर उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने वाले, विरोधियों के विरुद्ध सरकारी एजेंसीयों का दुरुपयोग करने वालों की करतूते पूरी दुनिया ने देखा है। सोनाल शांति ने कहा कि राहुल गांधी ने उसी सच को उजागर किया है, जो वैश्विक हकीकत है और आज की इस डिजिटल युग में छुप नहीं सकता। अपनी सरकार और आका के विरुद्ध सच सुनने का साहस श्री चौहान में नहीं है, शायद इसी वजह से वह विफर पड़े हैं।

## प्राचार्य पद सृजन की मांग को झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ करेगा आंदोलन


**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर ने प्राचार्य पद सृजन को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। इसके लिए सभी जिला कार्यकारिणी, प्रमंडल कार्यकारिणी, राज्य कार्यकारिणी समेत राज्य के सभी पीजीटी शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक व प्लस टू विद्यालयों में नियुक्त लिपिकों से आंदोलन का आ ान किया है। उन्होंने कहा है कि राज्य में गुणात्मक शिक्षा की सुनिि>तता व सरकारी प्लस टू विद्यालयों के समुचित संचालन के लिए अनिवार्य नियमावली के अनुरूप प्राचार्य पद की नियुक्ति हो। साथ ही संवर्गीय वरीयता को मानते हुए राज्य के सभी सरकारी प्लस टू विद्यालयों के संचालन का दायित्व सभी नियमों के तहत वरीय संवर्ग के पीजीटी शिक्षकों को दिया जाए। कहा कि नियमावली के अनुरूप ही प्राचार्य पद को भरने के लिए कई बार फाइल वित्त विभाग को भेजा गय। लेकिन फाइल हर बार लौटा दी गई। इस संबंध में विधायकों द्वारा कई बार विधानसभा में प्रश्न भी उठाया गया है। लेकिन सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसलिए मजबूर होकर झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ ने चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के तहत 12 सितंबर को संघ के सभी शिक्षक काला बिल्ला लगाकर विद्यालय में काम करेंगे और जिला कार्यालयों में ज्ञापन सौंपेंगे। इस संबंध में मंगलवार को संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर ने राज्यस्तरीय गूगल मीट का आयोजन कर सभी राज्य, प्रमंडल व जिलास्तरीय कार्यकारिणी को 12 सितंबर को आयोजित विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने का आ ान किया है।

# दादा स्व. दुर्गा सोरेन जी की जयंती पर मैं उनको नमन करता हूं: सीएम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** स्व दुर्गा सोरेन स्मारक समिति के तत्वावधान में झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे नामकुम स्थित लोवाडीह दुर्गा सोरेन चौक पर दुर्गा सोरेन की जयंती मनाई गई। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ शामिल हुए। साथ ही विशिष्ट अतिथियों में पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सह राज्य समन्वय समिति सदस्य विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य, राज्य सभा सांसद डॉ महुआ माजी शामिल हुए। हेमंत सोरेन ने कहा आज आदरणीय दादा स्व दुर्गा सोरेन जी की जयंती पर मैं उनको नमन करता हूं। झारखंड आन्दोलन मे उनकी भूमिका और गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए उनका संघर्ष सभी के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम मे केन्द्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, जिला सचिव डॉ हेमलाल कु मेहता, जिला उपाध्यक्ष बीरू साहू, कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, जनक नायक, संगठन सचिव जुल्फिकार खान, संयुक्त सचिव आदिल इमाम, सुकुआ महतो अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, कुदूस अंसारी, मंटू लाला, रामशरण तिर्की, अरुण वर्मा, तालकेश्वर महतो, संजय राय, बबलू राम, महिला मोर्चा जिला सचिव शांति तिर्की, उपाध्यक्ष सालो देवी, अंशु लकड़ा, राखी देवी, संगठन सचिव मुसर्रत परवीन, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष परवेज आलम गुड्डु, कोषाध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, सोमवित माजी, छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा, किसान मोर्चा जिला सचिव सज्जाद अंसारी, माईकल रुंडा, मांडर प्रखंड अध्यक्ष रौशन एनामुल तिग्गा, रिशु सिंह, नीरज वर्मा, ओम शर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।

## रतन हाइट्स के जमीन मालिक को सुप्रीम कोर्ट से झटका हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ दाखिल एसएलपी खारिज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स के जमीन मालिक को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने रतन हाइट्स के जमीन मालिक अशोक कुमार वालमजी परमार एवं अन्य की ओर हाई कोर्ट के खंडपीठ एवं एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली एसएलपी को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के खंडपीठ एवं एकल पीठ के आदेश को सही बताते हुए कहा कि इस एसएलपी को सुनने का कोई ग्राउंड नहीं बनता है।

दरअसल, हाई कोर्ट की खंडपीठ ने मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स का मामले में हाई कोर्ट के एकल पीठ के आदेश के खिलाफ बिल्डर वीकेएस रियलिटी की अपील को खारिज कर दिया था। यहां बता दे सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट की खंडपीठ में प्रतिवादी फ्लैट ओनर की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने बताया था कि मामले में एकल पीठ ने उनके पक्ष में फैसला दिया है, लेकिन बिल्डर एवं लैंड ओनर ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि एकल पीठ के आदेश के बावजूद भी बिल्डर ने रतन हाइट के बहु मंजिला इमारत के बगल में स्थित गड्ढे को नहीं भरा है। जिससे इस बहुमंजिला इमारत का अस्तित्व खतरे में है, यहां रहने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**हाई कोर्ट की एकल पीठ ने जुलाई 2023 में दिया था आदेश :** रतन हाईट्स बिल्डिंग रेसिडेंशियल सोसाइटी की याचिका पर हाई कोर्ट की एकल पीठ ने इस जुलाई 2023 में अपना फैसला सुनते हुए नगर आयुक्त द्वारा संशोधित नक्शा पास किए जाने के आदेश एवं संशोधित नक्शे को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि 46 कळा पर जो कॉमन एरिया था वह कॉमन एरिया ही रहेगा। कोर्ट ने लैंड ओनर और बिल्डर वीकेएस रियलिटी को गड्ढा भरने और यदि उसमें कोई कंस्ट्रक्शन किया है तो उसे हटाने, रिटेनिंग वॉल हटाने और उस जमीन को एक माह में सोसाइटी को हैंड ओवर करने का दिया निर्देश दिया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि 86 कळा का नक्शा पास हुआ था वह सही था, उसमें कॉमन एरिया डिसाइडेड था। इसलिए 86 कळा में से 46 कळा को अलग कर उसका संशोधित नक्शा पास करना गलत है।

### धीरज और सत्यम के खिलाफ कुर्की जब्ती की कर्रवाई करेगी पुलिस

**रांची।** रांची पुलिस दिवंगत पार्षद वेद प्रकाश हत्याकांड के आरोपियों धीरज मिश्रा और सत्यम पाठक के खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू करेगी। इस मामले के जांच अधिकारी ने रांची सिविल कोर्ट के चीफ ज्यूडीश्यल मजिस्ट्रेट की कोर्ट में दोनों अभियुक्तों के खिलाफ इश्तेहार जारी करने का आग्रह किया। इससे पहले कोर्ट दोनों अभियुक्तों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो चुका है।

गौरतलब हो कि पिछले महीने धुर्वा में वेद प्रकाश को गोली मार दी गयी थी। लंबे इलाज के बाद दिल्ली में वेद प्रकाश की तीन अगस्त को मृत्यु हो गयी थी। इस केस के एक अभियुक्त को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

## झारखंड राजद करेगा इंडिया गठबंधन में सम्मानजनक समझौता : जयप्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड राजद प्रभारी सह पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रदेश राजद सम्मानजनक समझौता के साथ इंडिया गठबंधन में रहकर चुनाव लड़ेगा। उन्होंने यह बताने से इंकार कर दिया कि झारखंड में पार्टी कितने सीटो पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने सीटों की सूची दी है। उनका काम है उस सूची को पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव तक पहुंचाना। जयप्रकाश यादव मंगलवार को प्रदेश राजद की बैठक के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। मालूम हो कि प्रदेश राजद नेताओं ने 22 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए रिपोर्ट दिया है। सीटों की संख्या को लेकर बैकफुट का कारण पूछने पर प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि सम्मानजनक समझौता में बहुत कुछ होता है। इसी दौरान प्रभारी ने कहा कि यह फैसला राष्ट्रीय अध्यक्ष लेंगे। उनसे यहां तक पूछा गया कि क्या झारखंड में भाजपा को हराने के लिए झारखंड में राजद अपनी कुबार्नी देता रहेगा। इसके बावजूद भी उन्होंने सीट संख्या पर कुछ नहीं कहा। वह इस सवाल को भी टाल गये कि झारखंड में राजद किन किन विधानसभा सीटों पर खुद को मजबूत मानता है।

जयप्रकाश नारायण यादव ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अब भाजपा का ग्राफ गिरने लगा है। लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दिया था लेकिन पार्टी कहां आ गई। उनकी पहली प्राथमिकता है भाजपा को हराना।

# राज्य सरकार ने शिवराज व हिमंता की चुनाव आयोग से की शिकायत

### झारखंड के विभिन्न समुदायों के बीच में नफरत फैला रहे दोनों


**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य सरकार ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ शिकायत की है। सरकार की प्रधान सचिव वंदना डाडेल ने दो सितंबर को यह पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि हिमंता बिस्वा सरमा और शिवराज सिंह चौहान झारखंड के विभिन्न समुदायों के बीच में नफरत फैला रहे हैं। साथ ही, राज्य के शीर्ष अफसरों को धमकी दे रहे हैं। हिमंता बिस्वा सरमा ने झूठे बयान दिये हैं। क्या यह राज्य, राज्य के शीर्ष अफसरों और सरकारी पदाधिकारियों का चरित्र हनन नहीं है। विधानसभा चुनाव के लिये भाजपा के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता लगातार झारखंड आ रहे हैं। यहां दोनों नेता विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं और लोगों से मिल रहे हैं। झारखंड सरकार ने चुनाव आयोग से मांग की है कि दोनों नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। इस पर आयोग का कहना है कि झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू नहीं है। लिहाजा वह इस मामले में कुछ नहीं कर सकते हैं। राज्य सरकार की तरफ से लिखे गये पत्र में कहा गया है कि अभी तक राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू नहीं हुई है।

**पत्र के साथ सोशल मीडिया पोस्ट की स्क्रीनशॉट भी अटैच :** पत्र के मुताबिक दोनों नेताओं के दौरे के दौरान यह पाया गया है कि उनके भाषण व बयान उत्तेजक, शत्रुतापूर्ण और झारखंड के प्रशासन के खिलाफ होते हैं। दोनों नेता डीजीपी, एसएसपी, एसपी जैसे शीर्ष अधिकारियों की गतिविधियों के खिलाफ बयान देते हैं। दोनों नेता कई गांवों में दौरा और रैलियां कर रहे हैं और इस तरह के बयान देते हैं। इस कारण सरकारी अधिकारी में प्रतिशोध का डर है। पत्र के साथ हिमंता बिस्वा सरमा और शिवराज सिंह चौहान समेत अन्य भाजपा नेताओं द्वारा सोशल मीडिया पर किये गये पोस्ट की स्क्रीनशॉट भी चुनाव आयोग को भेजी गयी है।

## मुख्यमंत्री विधानसभा चुनाव में संभावित हार से भयभीत : बाउरी



रांची। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान और हिमंत विश्व सरमा का आचरण अगर विधि विरुद्ध है तो एफआईआर दर्ज कराये राज्य सरकार। श्री बाउरी मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा चुनाव आयोग में शिकायत करने पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग में रोना क्यों रो रही राज्य सरकार। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी विधानसभा चुनाव में सुनिश्चित हार को देखते हुए बौखलाहट में हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पदाधिकारियों को आगे कर लोकतंत्र की मर्यादा को तार-तार कर रहे हैं। लोकतंत्र का गला घोंटने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था है न कि राजतंत्र। एक राजनीतिक नेता, कार्यकर्ता, देश के किसी हिस्से में जाकर अपने दल की बात रख सकता है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी बनाया है। इसी क्रम में अपने दायित्वों के निर्वहन में दोनों नेता झारखंड प्रवास पर आ रहे हैं।

### यौन उत्पीड़न के दोषी को तीन वर्ष कैद की सजा

**रांची।** सिविल कोर्ट ने नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी कैफी खान को दोषी करार देते हुये सजा का एलान किया है। पोक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने कैफी खान को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना की राशि नहीं देने पर कैफी को तीन महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दोषी के खिलाफ पीड़िता ने डोरंडा थाना में 7 सितंबर 2019 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन 28 मामले सुलझे

**रांची।** डालसा के बैनर तले आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन 28 मामले सुलझाए गए। हालांकि, विभिन्न न्यायालयों से कुल 35 मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केंद्र पहुंचा था। अन्य 7 मामलों में अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है। विशेष मध्यस्थता अभियान 13 सितंबर तक चलेगा। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने अपील की है कि वादकारी अपने वादों को अभियान के दौरान मध्यस्थता के माध्यम से निबटा सकते हैं।

### दशहरा पर्व को देखते हुए 20 तक बांटें राशन

**रांची।** विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची मोनी कुमारी द्वारा मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित अपने कार्यालय कक्ष में रांची शहरी क्षेत्र के एम.ओ. सभी एजीएम एवं डीएसडी के साथ, सभी राशन लाभुकों को सही समय पर राशन मिलें इसको लेकर समीक्षा बैठक की गई। मोनी कुमारी द्वारा सभी सम्बंधित पदाधिकारी को समय पर राशन वितरण करने का निर्देश दिया एवं दशहरा पर्व को देखते हुए 20 सितंबर 2024 तक राशन वितरण सुनिि>त कराने को कहा गया। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से कहा की राशन देने पर अनियमियता पाए जाने पर राशन डिलरों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी राशन सम्बंधित शिकायत पाए जाने पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जाँच किया जायेगा।

## बीमार पशुओं के इलाज के लिए मोबाइल वेटनरी क्लिनिक वैन व वैकल्पिक कृषि पर जोर

# सीएम हेमंत ने चलंत पशु चिकित्सालय वाहन को दिखायी हरी झंडी

- अब पशुपालकों के घर पर ही बीमार पशुओं का इलाज संभव हो पायेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के पशुपालकों के लिए अच्छी खबर है। अब उनके घर पर ही बीमार पशुओं का इलाज संभव हो पाएगा। मंगलवार को सीएम हेमंत सोरेन ने चलंत पशु चिकित्सालय वाहन यानी मोबाइल वेटनरी क्लिनिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य में 236 ऐसे वैन चलेंगे। रांची के डिबडीह में आयोजित प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन में सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। किसानों के दो लाख रुपये तक की ऋण माफी की चर्चा की।

**खेती की वैकल्पिक व्यवस्था पर जोर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में किसान वर्ग के लिए खेती की वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष बल दिया है। राज्य सरकार का प्रयास है कि किसान बंधुओं को कृषि के साथ-साथ पारंपरिक व्यवस्थाओं से जोड़कर आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मछली पालन, गाय पालन, मुर्गी पालन, दुग्ध उत्पादन सहित विभिन्न पशुपालन के माध्यम से जोड़कर कृषकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए निरंतर योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कृषकों से अपील की है कि वे पशुपालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ जरूर लें।

**पशुओं का भी इंश्योरेंस करा रही सरकार :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने पहली बार ऐसी नीति बनाई जिसमें कृषकों को प्रदान किए जाने वाले सभी पशुओं का इंश्योरेंस किया जाता है, ताकि पशुओं के मरने पर उन्हें बीमा की राशि उपलब्ध करायी जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों का मूलधन खेत-खलिहान और पशुधन होता है। आप इसे यह कह सकते हैं कि किसानों का बैंक और एटीएम कार्ड खेत-खलिहान और पशुधन ही हैं।

**कार्यक्रम में ये भी थे मौजूद :** कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, सांसद सुखदेव भगत, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद आदि मौजूद थे।

### किसानों के लिए बनायी गयी नीतियां कारगर नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि प्रधान हमारे देश में किसान वर्ग के लिए जो नीतियां बनाई गई हैं उसका फलाफल बहुत कारगर साबित नहीं हुआ है। बड़े पैमाने पर किसान वर्ग के लोग अब खेतीहर मजदूर के रूप में गिने जा रहे हैं। भौतिकवादी युग में विकास के विभिन्न मापदंड, सही नीति निर्धारण की कमी और जलवायु परिवर्तन किसानों को मजदूर बनने पर मजबूर कर रही हैं। यह एक बहुत गंभीर और चिंतनीय विषय है।

## खबर एक नजर में

### परमवीर अब्दुल हमीद को सीएम ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर कांटाटोली चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने परमवीर अब्दुल हमीद चौक के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सांसद महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कांके क्षेत्र में चलाया कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम



रांची। झारखंड प्रदेश असंगठित कामगार कांग्रेस कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष प्रेम कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को कांके विधान सभा के चंदवे, बालू,सुत्याम्वे, पिठोरिया,बुकरु, कांके आदि क्षेत्रों में कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान वयोवृद्ध पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मो. इदरीस से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। अगले विधान सभा चुनाव में आधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस में जोड़ने का संकल्प लिया। इस अभियान में महफूज अली, इम्तियाज, तुलसी पासवान, अरविंद कुमार राम,अमित मुंडा, तलहा,चंचल उरांव, बिरसा उरांव,शाहीद अली खान आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

### सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



रांची। सतर्कता जागरूकता अभियान के स्मृति तरु पहल के तहत सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली अध्ययन केंद्र, गांधीनगर में मंगलवार को पौधारोपण किया गया। सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान और मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार द्वारा अध्ययन केंद्र परिसर में फलदार पौधे लगाए गए। अवसर विशेष पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र में कार्यरत सफाई कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों और सीसीएल के लाल एवं सीसीएल के लाडली के छात्रों ने भी पौधा लगा कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। पौधारोपण अभियान के बाद, सीएमडी, सीसीएल श्री सिंह ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें परिणामों के बारे में बहुत अधिक चिंता किए बिना कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ऐसे कई वास्तविक जीवन के उदाहरण साझा किए जिन्होंने असफलता का अनुभव करने के बाद सफलता पाई। छात्रों ने इस दौरान पठन-पाठन और छात्रावास में प्रदान की गई सुविधाओं के बारे में अपने अनुभव और प्रतिक्रिया गणमान्यों के साथ साझा किया।

### श्रीश्याम मंदिर में श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**रांची।** हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर आज 118वें श्री सुन्दरकाण्ड, श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ में उत्तम स्वर में हो रहा था। श्री श्याम मित्र मण्डल, रांची के तत्वावधान में हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में आज श्री सुन्दरकाण्ड पाठ - श्री हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ का आयोजन सायं 4.30 से किया गया। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने हनुमान जी महाराज की दिव्य पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, चना, गुड़, नारियल, फल का भोग अर्पित करके श्री रामचरितमानस व पाठ वाचक का पूजन वंदन किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य ने ढोलक, ढफली, झांझ, खड़ताल,आरगेन के संगीतमय गूंज के बीच श्री सुन्दरकाण्ड पाठ सामुहिक रूप से करवाया। श्री श्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि इस आयोजन में राजेश जायसवाल ने फल प्रसाद, श्रवण ढाढ़ंनिया ने चना प्रसाद, पुष्पा देवी पौदार ने केसरिया पेड़ा प्रसाद, एवं मुकेश मित्तल ने गिरीगोला की सेवा निवेदित की। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़ंनिया, अनिल नारनोली, स्नेह पौदार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### श्रीश्याम मंदिर में एकादशी कीर्तन 14 सितंबर को

**रांची।** शनिवार 14-09-2024 को श्री श्याम मित्र मण्डल द्वारा करमा/ पदमा एकादशी के अवसर पर रात्रि 9.30 बजे हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में एकादशी कीर्तन होगा। तितला, रातु निवासी विकी कुमार, शोभा कुमारी खाटू नरेश की अखण्ड ज्योति प्रज्वलित करेंगे।

## क्लीनिंग थेरेपी से ठीक हो रहे किडनी हार्ट, फैटी लीवर और लकवा के रोगी



- अक्षत आरोग्यं रांची का गया में आयोजित त्रिदिवसीय क्लीनिंग थेरेपी कैंप संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अक्षत आरोग्यम रांची की ओर से बिहार के गया में तीन दिनी क्लींजिंग थेरेपी कैंप का आयोजन किया गया था। इसका मंगलवार को समापन हो गया।

इस कैंप में वाराणसी के डॉ संतोष पांडे प्रसिद्ध प्राकृतिक चिकित्सक के साथ-साथ डॉ अवनींद्र सिंह प्रा. चिकित्सक, सुधीन्द्र कुमार, राकेश रंजन एवं हेमंत किशोर सुपर क्लीनिंग थैरेपिस्ट की टीम ने कैंप में आए कुल 14 असाध्य बीमारियों से ग्रसित प्रतिभागियों का क्लीनिंग थेरेपी के माध्यम से उपचार किया और प्रशिक्षण दिया। इनमें से 2 लकवा से ग्रसित, 4 गॉल ब्लडर स्टोन के साथ साथ फैटी लीवर, हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, किडनी और हार्ट के रोगी भी थे। सभी ने अपने स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार से प्रसन्नता व्यक्त किया।

कैंप आयोजक सुधीन्द्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों, चिकित्सकों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया।

समापन कार्यक्रम में आयोजक डा अवनींद्र सिंह ने सभी से अनुरोध किया कि आप स्वयं स्वस्थ और प्रसन्न रहते हुए प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें और हमारे मेंटर डॉक्टर पीयूष सक्सेना के दवा मुक्त भारत अभियान और हृदय रोग मुक्त भारत अभियान को सफल बनने में एक स्वयंसेवक के रूप में सहयोग करें। मालूम हो कि डॉ पीयूष सक्सेना के मार्गदर्शन में लोगों में प्राकृतिक चिकित्सा एवं क्लींजिंग थेरेपी के बारे में जागरूकता के लिए क्लीनिंग थेरेपी कैंप भारत के विभिन्न शहरों में नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

## स्वयं को परिभाषित करने के लिए इतिहास को जानें : डॉ टीके शांडिल्य

- डीएसपीएमयू के स्नातकोत्तर इतिहास के विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने मंगलवार को संवाद और विमर्श कार्यक्रम किया। इस दौरान उन्होंने स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के प्रथम और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के साथ इतिहास विषय की बारीकियों पर चर्चा करने के साथ महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक युद्धों , ऐतिहासिक तिथियों और संकल्पनाओं के विषय में विद्यार्थियों के साथ गहन संवाद किया। अपने विमर्श के क्रम में कुलपति डॉ शांडिल्य ने प्रसिद्ध चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस की उक्ति को सामने रखते हुए कहा कि, स्वयं को परिभाषित करने के लिए इतिहास को जानना और पढ़ना आवश्यक है।

उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों और दर्शन को विस्तार से समझाने के दौरान उनके ट्रस्टशिप सिद्धांत को समझाया और कहा कि आज के संदर्भ में यह काफी प्रासंगिक है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध पर संवाद करते हुए उसके तात्कालिक कारणों और परिणामों की चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में इतिहास विषय की महत्ता से अवगत कराया।

इस अवसर पर इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो राजेश कुमार सिंह, विभागीय शिक्षिका हनी कुमारी, पुष्पा कुमारी, शुभ्रा लकड़ा के अलावा रवि प्रकाश, दीप्ति गौरव और मितेश के साथ स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## झारखंड जनाधिकार महासभा के महाधरना में बीजेपी रही निशाने पर

- महाधरना में आये लोगों ने भाजपा भगाओ झारखंड बचाओ के नारे लगाये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड जनाधिकार महासभा के द्वारा मंगलवार को राजभवन के समक्ष आयोजित महाधरना सह प्रदर्शन में आए लोगों ने ना केवल भाजपा भगाओ झारखंड बचाओ के नारे लगाए। बल्कि इस संबंध में एक पंप्लेट भी बांटकर लोगों को जागरूक करने की कोशिश की। इस दौरान राज्य की वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार से जनमुद्दों पर वादा भी निभाने की मांग की गई।

जाने माने अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज, योगेंद्र यादव सहित कई सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों की मौजूदगी में आयोजित इस महाधरना में हेमंत सोरेन सरकार को अपूर्ण वादों और झारखंड से भाजपा को भगाने की जरूरत को बार बार याद दिलाने की कोशिश की गई। इस धरने की शुरूआत में सामाजिक कार्यकताओं ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन दल अपने घोषणा पत्र में अनेक जन मुद्दों पर कार्रवाई का वादा किया। पिछले 5 साल में राज्य सरकार ने जन अपेक्षा अनुरूप कई काम किये हैं लेकिन अनेक महत्त्वपूर्ण वादे अभी भी अपूर्ण हैं। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता बिरसा हेम्ब्रम ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा राज्य की 22 लाख एकड़ गैर-मजरुआ व सामुदायिक जमीन को लैंड बैंक में डाल दिया गया। बिना ग्राम सभा से पूछे, लैंड बैंक से जमीन का आवंटन विभिन्न सरकारी और निजी परियोजनाओं के लिए किया जा रहा है। झामुमो ने इसे रद्द करने का वादा किया था लेकिन इस पर सरकार चुप्पी साधी हुई है।

## राजधानी रांची में सुनी गयीं 824 शिकायतें, 35 मामले दर्ज

### कुछ मामलों में पुलिस की कार्यशैली की खुली पोल, कहा- आवेदन देने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं करते हैं अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर जन शिकायत कार्यक्रम में केवल रांची जिले में 824 शिकायतों का आवेदन आया। इन आवेदनों में कई पर पुलिस अधिकारी ने त्वरित समाधान कर दिया। वहीं पुलिस ने विभिन्न शिविरों में 35 मामले दर्ज किये गये। रांची के पुलिस लाइन में आयोजित शिविर में 294 आवेदन प्राप्त किया गया, जिनमें 17 मामलों में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। बुंडू अनुमंडल में 80, नामकुम में 50, अनगड़ा में 65, खलारी में 80, मांडर में 107, रातू में 31, बेड़ो में 26, डोरंडा में 27 और खेलगांव में 64 मामलों की सुनवाई की गयी। शिकायत कार्यक्रम में कुछ थानों में पुलिस की भी पोल खुल गयी। शिकायत कर्ताओं ने कहा कि जब भी वे थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिये जाते हैं, तब उन्हें यह कहकर भगा दिया जाता है कि जाओ, पहले सबूत लाओ, फिर दर्ज होगी एफआईआर।

**केस 1**
डोरंडा में एक परिवार ऐसा आया, जहां पर उनलोगों ने जनशिकायत में मौजूद पदाधिकारियों से कहा कि हुजूर, उनके पुश्तैनी जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। दबंगों के द्वारा कब्जा करने के बाद जब वे लोग उनकी शिकायत की तो अबतक पुलिस की ओर से कोई सुनवाई नहीं की गयी। पीड़ित परिवार जब यह दास्तां पुलिस को सुना रहे थे, उस वक्त उनकी आंखों से आंसू भी बह रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने उनकी शिकायत पर जल्द एक्शन लेने की बात कही, तब पीड़ित परिवार शांत हुआ।

**केस 2**
रातू थाने में जन शिकायत सुनी जा रही थी। जनशिकायत में रातू की एक महिला माथे पर चंदन टीका लगाकर पहुंची। उसने पुलिस वालों को बताया कि उसकी जमीन को कुछ दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। कब्जा करने के बाद वे लोग उनके घर के पास फायरिंग भी कर दी। फायरिंग करने की सूचना जब उसने थाना पुलिस को दी थी तो पुलिस ने उल्टे उस पर और उसके पति पर जबरन केस करा दिया और उनलोगों का आरोपी बना दिया।

**केस 3**
राजधानी के पुलिस लाइन में आयोजित जन शिकायत केंद्र में एक महिला अपनी बच्ची को गोद में लेकर पहुंची थी। गोद में लेते हुए उसने पुलिस अधिकारियों को बताया कि उसके पति और ससुराल पक्षों के द्वारा बेतरतीब तरीके से दहेज को लेकर मारपीट की जाती है। जब उसने इसकी शिकायत महिला थाने से की तो वहां केवल मध्यस्था के लिये दबाब दिया जाने लगा। ऐसे में उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है।

### एसएसपी ने जारी किया नंबर

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने आमलोगों की शिकायतों के लिये एक मोबाइल नंबर जारी किया है। जारी मोबाइल नंबर 8987790619 तथा व्हाटसप नंबर जारी किया है। जन शिकायत कार्यक्रम में राजस्व विभाग से अधिक भूमि विवाद के मामले सुने गये। इसके बाद नगर निगम, बिजली विभाग, औद्योगिक व श्रम विभाग तथा चेक बाउंस इत्यादि से संबंधित थे।

## बाबूलाल मरांडी ने ओबीसी का आरक्षण घटा दिया : राजेश गुप्ता




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा चाहती तो ओबीसी का आरक्षण 27% आराम से हो जाता। बाबूलाल मरांडी ने ओबीसी का आरक्षण 27% से घटाकर 14% कर दिया था। भाजपा का समर्थन नहीं मिलने से अब तक 27% तक भी नहीं बढ़ाई गई है, जबकि राज्य सरकार 2 वर्षों के अंतराल में दो दफा कैबिनेट में और दो दफा विधानसभा में 27% आरक्षण बढ़ाने का पारित प्रस्ताव महामहिम राज्यपाल के पास भेजा है, जो लंबित है। यहां से पारित होने के बाद इसे 9वीं अनुसूची में डालने के लिए केंद्र सरकार को भेजना था। यह बातें मंगलवार को राजभवन के समीप महाधरना को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहीं। मौके पर मोर्चा के सलाहकार सुनील जायसवाल, प्रमोद कुमार शंकर विश्वकर्मा सुरेश ठाकुर,बसंत नारायण मेहता, लोकनाथ महतो भुनेश्वर मेहता, शुभम गुप्ता,प्रदीप गुप्ता, सुग्रीव यादव प्रमोद कुमार, सुरेंद्र राय, शिव जन्म सिंह, अनीता देवी भगवानी देवी लवली देवी अमित कुमार सहित काफी संख्या में मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच का संचालन मोर्चा वरिष्ठ नेता विद्याधर प्रसाद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश सचिव सुग्रीव यादव ने किया।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव 22 सितंबर को

### अंतिम दिन 46 लोगों ने किया नामांकन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2024-25 के कार्यकारिणी समिति/क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के चुनाव के लिये नामांकन मंगलवार को पूरा हो गया। अंतिम दिन 46 नामांकन हुए। जिसमें 38 नामांकन कार्यकारिणी समिति के लिये और 8 नामांकन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के लिये प्राप्त हुए हैं। उम्मीदवारों के प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी संध्या 4 बजे के बाद चैंबर भवन में शुरू हुई। कोल्हान व पलामू प्रमंडल में एक पद के लिये दो-दो नाकांकन प्राप्त होने की स्थिति में इस दोनों ही प्रमंडल में चुनाव होंगे। शेष 4 प्रमंडलों में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निर्विरोध चयनित किये जायेंगे।

चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया व चेयरमैन अंचल किंगर ने कहा कि नामांकन वापसी लेने की अंतिम तिथि गुरूवार 12 सितंबर को संध्या 4 बजे तक तय है। नामांकन वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जायेगा। बता दें कि चैंबर का चुनाव 22 सितंबर को गुरूनानक स्कूल में होगा। मतदान दिन के 9 बजे से संध्या 5 बजे तक होगी।

## झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो का आयोजन 20 से 22 सितंबर तक

- माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर उद्योग को मिलेगी नई दिशा
- प्रभात तारा मैदान, धुर्वा में आयोजित शो में शामिल होंगी कई कंपनियां

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** आगामी 20, 21 और 22 सितंबर को धुर्वा स्थित प्रभात मैदान में झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो का आयोजन किया जा रहा है। इस शो में माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी 100 से अधिक सरकारी और निजी कंपनियां शामिल हो रही है। ओलंपिया ने इस आयोजन में शामिल होने के लिए झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री, मेकॉन के सीएमडी, झारखंड के औद्योगिक सचिव और झारखंड के कमिश्नर को विशेष रूप से आमंत्रित किया है। शो में प्रवेश निःशुल्क है। जो सुबह 10:00 बजे ऐसी शाम 6:00 बजे तक चलेगा।

इस शो में जेसीबी इंडिया, टीवीएस टायर्स, हीरालाल इंडस्ट्रीज टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, हुंडई कंस्ट्रक्शन इक्यूवमेंट, एजेक्स इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, वीनस टेक्नो इक्यूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड, टेकफैब (इंडिया) इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पीआरडी रिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, मैक्समैच इक्यूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड, प्रेमसंस मोटर उद्योग, शैल ल्यूब्रिकेंट समेत अन्य कंपनियां शामिल हो रही है। इसके अलावा सरकारी कंपनियों में मेकॉन लिमिटेड, कोल इंडिया, सीपीएमपीडीआई, भारत पेट्रोलियम समेत निर्माण कंपनियां, भारी वाहन निमार्ता, खनन कंपनियां, उपकरण निमार्ता, लुब्रिकेंट सप्लायर, और स्पेयर पाट्र्स निमार्ता भी इस आयोजन का हिस्सा होंगे।

ओलपिंया एक्जीबिशन के सीओ एसके त्रिपाठी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर लोकेश चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो वर्ष के सबसे प्रतीक्षित आयोजनों में से एक है। यह शो खनन, निर्माण, और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी प्रमुख कंपनियों और नेताओं को एक मंच पर लाता है। यह सिर्फ नवाचार के लिए एक मंच नहीं है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों को आपस में विचार-विमर्श करने और भारत में खनन और इन्फ्रास्ट्रक्चर के भविष्य पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करता है। यह शो उन तकनीकी उन्नतियों और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास को प्रदर्शित करने का एक मौका है जो राज्य और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाते हैं।

## धार्मिक स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों के समीप बार और शराब दुकानें बंद हों

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### मंदिर के समीप मदिरालय का होना समाज के नैतिक मूल्यों पर सीधा हमला : वेदांत कौस्तव

**रांची।** रांची के कडरू स्थित श्री श्री शिव पौराणिक मंदिर के समीप ओना रेस्टोरेंट और बार में शराब की बिक्री एवं परोसने को लेकर स्थानीय नागरिकों में रोष है। इस विषय को लेकर आज युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह एवं युवा नेता वेदांत कौस्तव के नेतृत्व में युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने एनडीसी डॉ. सुदेश कुमार के माध्यम से रांची के उपायुक्त के नामित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में युवा आजसू ने रांची जिले के धार्मिक स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के समीप संचालित बार और शराब दुकानों को बंद करने की मांग की है। मंदिरों और शैक्षणिक संस्थानों के निकट शराब परोसे जाने या बिक्री किए जाने संबंधी गतिविधियाँ न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत कर रही हैं, बल्कि समाज में भी असंतोष उत्पन्न कर रही हैं।

युवा आजसू के वेदांत कौस्तव ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिए गए निदेशों के बावजूद, मंदिरों के बगल में मदिरालय का संचालन चिंताजनक है। हम प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि वे इन बार और शराब दुकानों को तत्काल बंद करवाएं और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक गौतम सिंह, रांची जिला सह प्रभारी नीरज वर्मा, नीतीश सिंह, अभिषेक झा, अभिषेक शुक्ला, रोहित चौधरी, प्रियांशु शर्मा, विशाल कुमार यादव, रोशन नायक, मनस्वी, सुमित, विशाल गुप्ता, ईशा गुप्ता, मनोज कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बढ़ती सैन्य क्षमता


भारत के रक्षा बलों के लिए एक ऐतिहासिक घटना में, भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के उप प्रमुखों ने पहली बार स्वदेशी रूप से निर्मित हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस में एक साथ उड़ान भरी। यह ऐतिहासिक उड़ान भारत की बढ़ती एकीकृत रक्षा क्षमताओं को रेखांकित करती है और आधुनिक चुनौतियों का सामना करने में क्रॉस-डोमेन सहयोग के प्रति देश की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ (वीसीएएस) एयर मार्शल एपी सिंह ने मुख्य लड़ाकू विमान को उड़ाकर मिशन का नेतृत्व किया, जबकि वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि और वाइस चीफ ऑफ नेवल स्टाफ वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने तेजस के ट्विन-सीटर वेरिएंट में उड़ान भरी। उनकी संयुक्त भागीदारी पहली बार है कि सशस्त्र बलों की तीनों शाखाओं के उप प्रमुखों ने एक ही अभ्यास में उड़ान भरी है, जो सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच तालमेल पर बढ़ते जोर को दशार्ता है। यह उड़ान भारतीय वायु सेना के बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति 2024 के हिस्से के रूप में जोधपुर के आसमान पर हुई। भाग लेने वाले मित्रवत विदेशी देशों (एफएफसी) के बीच अंतरसंचालनीयता और परिचालन समन्वय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभ्यास भारत का अपनी तरह का पहला अभ्यास है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ, तरंग शक्ति 2024 विभिन्न सैन्य क्षमताओं में मजबूत रक्षा संबंधों और सहयोग को बढ़ावा देना चाहता है। इस अभ्यास में तेजस को शामिल करना भारत के रक्षा बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण में स्वदेशी प्लेटफार्मों द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।

# राजनैतिक लाभ की बात

गरीब की थाली में पुलाव आ गया है, लगता है शहर में चुनाव आ गया है। भारत की राजनीति से जुड़ी विसंगतियों एवं विडम्बनाओं पर ये दो पंक्तियां सटीक टिप्पणी हैं। चुनाव आते ही वोटरों को लुभाने के लिए जिस तरह राजनीतिक दल और उनके नेता वायदों की बरसात करते हैं, यह शासन-व्यवस्थाओं को गहन अंधेरों में धकेल देता है। मुफ्त की संस्कृति को कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकी जाती रही है। भारत जैसे विकासशील देश के लिये यह मुक्त संस्कृति एक अभिशाप बनती जा रही है। सच भी है कि मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग आज भी इस स्थिति में है कि कथित तौर पर मुफ्त या सस्ती चीजें उसके वोट के फैसले को प्रभावित करती हैं। मुफ्त ह्यरेवड़ीह्न व कल्याणकारी योजनाओं में संतुलन कायम करना आवश्यक है, परंतु वोट खिसकने के डर से राजनीतिक दल इस बारे में मौन धारण किये रहते हैं, बल्कि न चाहते हुए भी इसे प्रोत्साहन भी देते हैं। फ्रीबीजह्न या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने एवं राजनीतिक धरातल मजबूत करने का हथियार हैं। मुफ्त उपहार के मामले में कोई भी देश पीछे नहीं है। ब्रिटेन, इटली, जर्मनी, फ्रांस, डेनमार्क, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश, मलेशिया, कनाडा, अंगोला, कीनिया, कांगो, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया सहित अनेक देश इस दौड़ में शामिल हैं। विकसित देश जहां अपनी जीडीपी का 0.5 प्रतिशत से 1 प्रतिशत तक लोककल्याण योजनाओं में खर्च करते हैं, तो विकासशील देश जीडीपी का 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत तक फ्रीबीज के नाम पर खर्च कर देते हैं। भारत में अब जब न्यायालय की चौखट पर यह मुद्दा विचाराधीन है, तो संभावना है कि सरकार पर अनावश्यक आर्थिक भार डालने वाली घोषणाओं पर नियंत्रण को लेकर कोई राह भारत ही दुनिया को दिखाए।

# मुफ्त की संस्कृति से पंजाब-हिमाचल की बढ़ी आर्थिक मुश्किलें



- ललित गर्ग

> रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है।

दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सम्मुख वित्तीय संकट के धुंधलके छाने लगे हैं। सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकारों के सामने चुनाव के दौरान वोटरों को लुभाने के लिए की गयी फ्रीबीज या रेवड़ी कल्चर की घोषणा आर्थिक संकट का बड़ा कारण बन रही है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने एवं लोक-लुभावन घोषणाओं के कितने भारी नुकसान होते हैं, इस बात को दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सामने खड़ी हुई वित्तीय परेशानियों से समझा जा सकता है। इन सरकारों के लगातार बढ़ते राजस्व घाटा व बड़ी होती देनदारियां राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। विकास योजनाओं को तो छोड़े, इन राज्यों में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किलें आ रही हैं। इन जटिल होती स्थितियों को लेकर रेवड़ी कल्चर पर न्यायालय से लेकर बुद्धिजीवियों एवं राजनीति क्षेत्रों में व्यापक चर्चा है। पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट में राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर को उजागर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक्त की संस्कृति पर तीखे प्रहार करते हुए इसे देश के लिए नुकसानदायक परंपरा बता चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जता चुके हैं। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं है।

कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते एवं मुक्त की सुविधाएं देने से बाज नहीं आते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं दिया जा सका है। इसके बावजूद सत्ता पर काबिज नेता मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखे हुए हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ रही है बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य का खर्चा जहां 13 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है, वहीं राजस्व प्राप्तियां 10.76 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। जाहिर है, ये अंतर राज्य की आर्थिक बदहाली, आर्थिक असंतुलन एवं आर्थिक अनुशासनहीनता की तस्वीर ही उकेरता है। दिल्ली से लेकर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारें हों या हिमाचल प्रदेश से लेकर अन्य राज्यों में कांग्रेस की सरकारें तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांट कर भले ही वोट बैंक को अपने पक्ष में करने का स्वार्थी खेल खेला जा रहा हो, लेकिन इससे वित्तीय बजट लडखड़ाने ने इन राज्यों के लिये गंभीर चुनौती बन रहा हैं।

दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्टा बैठ जाता है। फिर उसका आर्थिक संतुलन कभी नहीं संभल पाता। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। ये और ऐसी ही अन्य मुफ्त सुविधाओं की भरमार के कारण सरकारों के सामने अपने कर्मियों को समय पर वेतन देने के लिये वित्तीय संकट है, जबकि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई आदि समय पर चुकाने में दिक्कत हो रही है। इन जटिल होते हालातों को देखते हुए अपेक्षा है कि राजनेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये सब्सिडी की राजनीति एवं मुफ्त की संस्कृति से परहेज करें और वित्तीय अनुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करें। जब भी ऐसी लोक-लुभावन घोषणाएं की जाती हैं तो उन दलों को अपने घोषणापत्र में यह बात स्पष्ट करनी चाहिए कि वे जो लोकलुभावनी योजना लाने जा रहे हैं, उसके वित्तीय स्रोत क्या होंगे? कैसे व कहां से यह धन जुटाया जाएगा? साथ ही जनता को भी सोचना चाहिए कि मुफ्त के लालच में दिया गया वोट कालांतर उनके हितों पर भारी पड़ेगा। जनता को गुमराह करते हुए, उन्हें ठगते हुए देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है- अक्सर करों अथवा उपकरों के रूप में। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के समय मुफ्त रेवड़ियां देने के मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि कई राज्यों ने अपनी वित्तीय स्थिति की अनदेखी करते हुए मुफ्त की सुविधाएं देने का वादा कर दिया है।

रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। पंजाब में महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा हुई, जबकि वहां की महिलाएं समृद्ध है। दिल्ली में उन महिलाओं को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल 15 करोड़ रुपये तक का नुकसान होगा। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। मुफ्तखोरी की राजनीति से देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का खतरा है। और इसके साथ निष्क्रियता एवं अकर्मण्यता को बल मिलेगा। हिंदुस्तान में लोगों को बहुत कम में जीवन निर्वहन करने की आदत है ऐसे में जब मुफ्त राशन, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा मिलेगा तो काम क्यों करेंगे।

## खास बात

### मंकी पाक्स की इंट्री

**भारत** में आठ सितंबर को पहली बार मंकी पॉक्स का मामला सामने आया है। मंकी पॉक्स का मामला एक युवक में देखने को मिला है, जो किसी ऐसे देश से यात्रा कर आया है जहां मंकीपॉक्स पहले से फैला हुआ था। गौरतलब है कि इन दिनों अफ्रीका में बड़ी संख्या में मंकीपॉक्स के मामले देखने को मिल रहे है। अफ्रीका में हजारों लोग मंकी पॉक्स से ग्रसित है और इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 500 तक पहुंच चुकी है। यह प्रकोप अधिक विषैले क्लेड 1बी स्ट्रेन के कारण होता है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि क्लेड 1बी लगभग 3.6 प्रतिशत मामलों में मृत्यु का कारण बनता है, जिसमें बच्चों को अधिक जोखिम होता है।

**जानें एमपॉक्स के बारे में**

एमपॉक्स एक वायरल संक्रमण है जो मुख्य रूप से मनुष्यों और जानवरों को प्रभावित करता है। यह आमतौर पर फ्लू के लक्षणों से शुरू होता है - बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान और परिणामस्वरूप मवाद से भरे घाव हो जाते हैं। यह 2 से 4 सप्ताह तक रह सकता है। यह किसी संक्रमित व्यक्ति, जानवर या दूषित पदार्थों के संपर्क में आने से फैल सकता है। अपरिचित व्यक्तियों के साथ यौन संपर्क से बचने, चकत्ते, पुटिकाओं या फुंसियों वाले लोगों के साथ निकट संपर्क से बचने, बार-बार हाथ धोने और दूसरों के साथ व्यक्तिगत वस्तुओं को साझा न करने से एमपॉक्स को रोका जा सकता है। क्लेड क मध्य अफ्रीका में स्थानिक है जबकि क्लेड क प्लस क को पहले पश्चिमी अफ्रीकी क्लेड के रूप में जाना जाता था और इसे आगे उपक्लेड्स में विभाजित किया गया है: 2022 के मल्टीकाउंटी प्रकोप को जन्म दिया। 1980 के दशक में डब्ल्यूएचओ द्वारा किए गए अध्ययनों में क्लैड कएमपॉक्स को लगभग 10 प्रतिशत मृत्यु दर के रूप में वर्णित किया गया था, जिसमें अधिकांश मौतें बच्चों में होती थीं। एमपॉक्स के वैश्विक प्रकोप के बीच, यूएस सीडीसी की रिपोर्ट से पता चलता है कि कोविड-19 के विपरीत, वायरस (एमपीएक्सवी) आसानी से हवा के माध्यम से नहीं फैलता है। निष्कर्षों से पता चलता है कि ₹एमपॉक्स वाले व्यक्ति के साथ उड़ान पर यात्रा करना जोखिम का कारण नहीं बनता है।

## आपके ट्वीट

10 सितंबर को मेरे पिता, स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी का जन्मदिन है। पापा, आपने अपने जीवन में जो संघर्ष, बलिदान और प्रेम दिखाया, वो हम सबके लिए एक प्रेरणा है। आज भी आपके दिखाए मार्ग पर चलने की कोशिश करती हूं और आपके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना चाहती हूं।
**– जयश्री सोरेन, दुर्गा सोरेन सेना**

**समय-समय** पर इस देश की गरीब-गुरूबा जनता ने, किसानों ने, ऐसे सामंती विचार वालों को मुंह तोड़ जवाब दिया है। हम लोग हक-अधिकार मांगते हैं, तो हमें जेल में डाल दिया जाता है। 1 लाख 36 हजार करोड़ का राज्य का केन्द्र पर बकाया है।
**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**देश** के 35 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के कुल 756 जिलों में पोषण के प्रति जागरूकता अभियान के तहत 1.79 करोड़ कार्यक्रम आयोजित किए गए।
**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# निर्मल मन सो मोहि पावा

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यांनदजी परमहंस**

**एक** डाकू लूटेरा जो जंगल में रहता था उसके पास ब्रम्हज्ञानी नारदजी चले गये और गुरु की दया सबसे अधिक उसी को प्राप्त हुई है जिसका हृद्य निर्मल होता है। उसका कर्म तो डकैती का था पर हृदय निर्मल होता है। उनका कर्म तो डकैती का था पर हृद्य निर्मल था। निर्मल हृदय वाला ही परमात्मा को प्राप्त होता है। निर्मल मन जन सो मोहि पावा। मोहि कपट छल छिद्र न भावा।। निर्मलता में रत्नाकर की कमी नहीं थी, भले ही वह डकैती और हत्या का कर्म करता था। निर्मलता ही भक्ति का आधार है। तुलसीदास संत-मत साहित्य के रचनाकारों में प्रमुख हैं। रामनाम की महिमा का बखान करने और भगवान श्री रामचन्द्र जी की कथा को जनप्रिय बनाने के लिये उन्हें याद किया जाता है। तुलसीदास का जन्म उत्तर प्रदेश के बांदा जिला के राजापुर गांव में हुआ था। उनका जन्म 1532 ईसवी तद्नुसार विक्रमी संवत 1589 ईस्वी के श्रावण मास के शुक्ल पक्ष सप्तमी को हुआ था। इनके पिता आत्माराम दूबे और माता का नाम हुलसी था। इनका बचपन का नाम रामबोला था। शिशु के जन्म के दूसरे दिन ही माता का निधन हो गया था। उससे उनके पिता अनिष्ट की आशंका से घबराकर उन्हें दासी चुनियां को सौप दिया था। चुनियां ने ही तुलसीदास को बचपन में पाला। जब तुलसीदास पांच साल के थे तब चुनियां का भी देहांत हो गया। चुनियां भिखारी टोला में रहती और भिक्षाटन करती। उसके देहांत के बाद तुलसीदास उर्फ रामबोल अनाथ हो गली-गली भटकने लगे और भिक्षाटन कर जीवन बसर होने लगा। इसी क्रम में उनकी मुलाकात प्रसिंद्ध संत नरहरिदास से हुई।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड

विश्व के लिए खतरा...



साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### इनसानियत का तकाजा

**कोरोना** की दूसरी भयावह लहर इनसानों को बुरी तरह से लील रही है। कहीं लापरवाही से ऑक्सीजन आपूर्ति रुक रही है, कहीं अस्पताल वाले पैसे जमा न कराने पर शवों को नहीं दे रहे हैं। ऐसे विकट व विषम समय में गिरावट का प्रमाण देते हैं। चंद लोगों की वजह से न केवल मानवता शर्मसार हो रही है अब भी नकली दवा का काम जारी है।

**–हेमा हरि, जमशेदपुर**

### मूल्यों का क्षरण

आज कोरोना महामारी के संकट में कुछ लोग बेईमानी, लालच और कालाबाजारी जैसी बुरी प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रहे हैं। इस आपदा के दौरान रेमडेसिविर इंजेक्शनों की कालाबाजारी ने यह तो साबित कर दिया है कि आपदा को लाभ के अवसर में बदलने की कोशिश में इन लोगों का कितना नैतिक पतन हो चुका है। ये मानवीय मूल्यों को कलंकित कर रहे हैं।

**–खुशबू, रांची**

# मृग मरीचिका के सामन है रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

**अजय शुक्ला**

## सामयिक

**रक्षा** मंत्रालय ने जब 108 रक्षा उपकरणों की दूसरी 'सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची' जारी की तो इसमें 'आत्मनिर्भर भारत' प्रमुखता से नजर आया। 101 वस्तुओं की पहली सूची गत अगस्त में जारी की गई थी। यानी अब 209 ऐसी वस्तुएं हैं जिन्हें अनिवार्य तौर पर भारतीय कंपनियों से खरीदना होगा। सन 2025 तक यह तादाद हर वर्ष बढ़ने है। सरसरी तौर पर यह स्वदेशीकरण की सराहनीय पहल लगती है।

बहरहाल, इसे लेकर कई सवाल हैं। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार रक्षा कंपनियों के पास यह क्षमता है कि वे उल्लिखित सूचियों में से कम से कम दो तिहाई बना सकें। एक मुख्य कार्याधिकारी कहते हैं कि दोनों सूचियों को मिला दिया जाए तो लगभग वही वस्तुएं हैं जिनका उत्पादन शुरू होने वाला है।

आयात पर इस रोक के असर के आकलन के लिए पहले उन 69 वस्तुओं पर नजर डालते हैं जिनके आयात पर एक जनवरी 2021 को रोक लगाई गई थी। इसके चलते सेना ट्रैक्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड और पहिये वाली तोपें, पिनाका श्रेणी के मल्टी बैरल्ड रॉकेट लॉन्चर, स्नाइपर राइफल्स और बुलेटप्रूफ जैकेट और हेल्मेट के लिए भारतीय आपूर्तिकताओं पर निर्भर हो गई। नौसेना को कई श्रेणियों में स्वदेशी युद्धपोतों की आवश्यकता है मसलन मिसाइल डेस्ट्रॉयर, अगली पीढ़ी के मिसाइल क्षमता संपन्न पोत, पनडुब्बी रोधी पोत, तटीय गश्ती पोत और सोनार सिस्टम तथा हथियार। वायु सेना को भारत में विकसित स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टरों, हल्के परिवहन विमान और उपकरणों को हवा से गिराने के लिए पैराशूट आपूर्ति तंत्र की आवश्यकता होगी। लार्सन ऐंड टुब्रो ने 100 सेल्फ प्रोपेल्ड तोपें सेना को सौंप दी हैं और पुणे के निकट उसकी निर्माण क्षमता भविष्य के आदेशों की प्रतीक्षा में खाली पड़ी है। पहिये वाली तोप के मामले में आयुध निमार्णी बोर्ड को अपनी स्वदेशी 155 मिलीमीटर धनुष हॉवित्जर पर पूरा भरोसा है जबकि डीआरडीओ अपनी एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम का परीक्षण कर रहा है। पिनाका रॉकेट लॉन्चर बन रहा है और सेना से अगले आदेशों की प्रतीक्षा है। कुल 41 नौसैनिक युद्धपोत और पनडुब्बियां निमार्णाधीन हैं उनमें से 39 भारत में निमार्णाधीन हैं। 103 तेजस विमानों का ऑर्डर हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड को दिया जा चुका है और उसे स्वदेशी हल्के लड़ाकू और उपयोगिता वाले हेलीकॉप्टरों तथा एचटीटी-40 प्रशिक्षण विमानों के लिए और आदेश मिलने का अनुमान है।

स्वदेशी की परिभाषा आसान बनाने के लिए ही रक्षा मंत्रालय की नीति के अनुसार तकनीक हस्तांतरण और 50 फीसदी स्वदेशी सामग्री वाले प्लेटफॉर्म को आत्मनिर्भर उत्पाद माना जा रहा है। फ्रांस के नेवल ग्रुप से तकनीक हस्तांतरण के तहत पहले ही मझगांव डॉक लिमिटेड स्कॉर्पीन पनडुब्बियां बना रहा है।

हल्के हेलीकॉप्टरों के स्वदेशी निर्माण में भी कठिनाई नहीं है। अगली पीढ़ी के लड़ाकू जलपोत (गार्डन रीच शिपबिल्डर्स), हथियारबंद वाहन, टैंकरोधी गाइडेड मिसाइल और मध्यम रेंज की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (डीआरडीओ), युद्धपोत बनाने लायक स्टील (भारतीय इस्पात प्राधिकरण) तथा अन्य सूचीबद्ध सामग्री भी बन रही है। भविष्य की प्रणालियों की बात करें तो दिसंबर 2025 तक लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल, ऐंटी मटीरियल राइफल्स और 1,000 अश्व शक्ति के टैंक इंजन को भी आत्मनिर्भरता के दायरे में लाना है। डीआरडीओ (निर्भय क्रूज मिसाइल) और किर्लोस्कर समूह (टैंक इंजन) इन परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं।

# जंगल को उजाड़ने में कई नेताओं ने सक्रिय भूमिका निभायी

**रामलखन सिंह**

## राजनीति

**इगुनिया** और बनौ के कुछ लोगों ने जंगल काटने - उजाडने से मना किया था। लोगों का कहना था कि चौपारण के जंगल, चौपारण के लोगों का खतियानी सर्वे वाला जंगल है। इसे बर्बाद करने की हरकत बंद करो। इससे क्रोधित होकर उमाशंकर अकेला ने चौपारण की एक आम सभा में यह घोषणा की थी कि इगुनिया तथा बनौ विवाद खड़ा कर दूंगा। इगनिया - बनौ के लोगों ने इसे पागल प्रलाप समझा और मन में दृढ़ संकल्प लिया था कि हमारे गांव में आकर कोई आदमी हमें मारने का दुस्साहस नहीं करेगा। लेकिन क्या मालूम था कि इस घोषणा को वह जंगल में ही अंजाम देगा। इगुनिया - बनौ के लोग अपनी खेत-बारी और घर के कामों के सामान के लिए जब जंगल गये थे असमाजिक तत्वों ने घात लगाकर हिंसा किया। इस हृदय विदारक स्थिति से दोनो गांव के लोग शोक-सागर में डूब गये। दोनों गावों में आर्त्त नाद सुनाई देने लगा । बहुत मुश्किल से मारे गयें लोगों की लाशें दोनों गांव में लायी गयी। मुख्य मंत्री तक गुहार लगायी गयी। प्रो० के० पी० शर्मा ने पहल की तो तात्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री, माननीय रवीन्द्र राय इगूनिया - बनौ के लोगों का दुख-दर्द सुनने तथा उनके आंसू पोछने आये। सभी छः मृतकों की लाशों का पोस्टमार्टम कराया गया । मृतकों में

ग्राम इगुनिया - 1 सुशील कुमार सिंह, ग्राम बनौ 2 खड्गधारी साव, 1 रामकृपाल सिंह, पिता- रामप्रसाद सिंह (भूमिहार) पिता- टोड़ी साव ( तेली ) पिता - प्रयाग सिंह (भूमिहार) 2 डब्लु सिंह उर्फ सत्यदेव सिंह,पिता - रामकृपाल सिंह (भूमिहार)3 मटुकी भुइयां, पिता - बिन्दो भुइयां(भुइयां )4 नान्दो भुइयां,पिता - चान्दो भुइयां( भुइयां )

माननीय तात्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री श्री रविन्द्र राय ने छः मृतक व्यक्तियों के परिवार के लागों के आंसू पोछने एवं गम को कम करने हेतु मृतकों के आश्रितों को चतुर्थ वर्ग में बहाली का पत्र दिया ।

उमाशंकर अकेला का प्रारम्भ से ही जंगल ही जीविका रहा है। अपने अत्याचार के चलते अपने गांव-घर से वह निकाला गया था। चौपारण के जिन लोगों ने उन्हें शरण दिया था उन्हें ही मरवा डाल और चौपारण के जंगलों का विनाश कर चौपारण को मरुभूमि में तब्दील कर दिया। वन विनाश के चल वर्षा नहीं होती है जिससे कृषि बाधित है। चौपारण जी० टी० रोड, चौपारण- चतरा रोड और पटना - रांची रोड में भी लाखों गाड़ियां चलती है जिससे प्रदूषण होता है। बरही क्षेत्र के सघन जंगल रहने से प्रदूषण से मुक्ति मिलती थी ।

ऐसे अपराधी तत्त्वों को जो पार्टियां टिकट देती हैं, बदनामी का कलंक उनके माथे पर भी लगता है। 2009 में उसे भाजपा का टिकट मिला था और कलंक-कालिमा भाजपा के माथे पर भी लगी थी । यह आदमी विधायक बनकर राज्य सभा चुनाव के समय करोड़ों में बिका था ।

2019 में दल-बदलकर कांग्रेस का टिकट लेने में कामयाब हुआ और यहां भी कलंक -कालिमा कांग्रेस के माथे पर लगी, यहां भी दल-बदल करने हेतु रुपये लेने के वक्त पकड़ाया और पकड़ाने पर कहा कि जो है सो लोगों ने झूठमूठ पकड़वाया । यह सर्वविदित है ।

दो बाहरी के आगमन से बरही क्षेत्र भी बदनाम हुआ है क्योंकि इन दोनों ने शांति, सौहार्द्र और भाईचारा समाप्त कर हत्याओं और मुकद्दमों का दौर पैदा किया है। ये दोनों गांव-गांव में झगड़े करवा रहे हैं। यहां के लोगों के परिवारों को आपस में लड़ाकर बर्बाद कर रहे हैं। इन दोनों को हटाने का बरही क्षेत्र के लोगों ने मन बनाया है। इन्हें जो पार्टी टिकट देगी, वे पार्टियां भी बदनाम हो जायेंगी। बरही के लोगों की मंशा देखते हुए इन दोनों को पार्टियां टिकट नहीं दें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## स्पीड न्यूज

### मांडू में उप मुखिया संघ की बैठक



**कुजू।** मांडू प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को मांडू प्रखंड के सभी उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों ने अधिकार के लिए बैठक की। इसकी अध्यक्षता उप मुखिया अशोक मुंडा व संचालन उप मुखिया विजय पासवान ने किया। बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। जिसमें बिहार के तर्ज पर मुखिया का मानदेय 5000 देने की घोषणा राज्य सरकार ने की है उसी के तर्ज पर उप मुखिया एवं वार्ड सदस्य को पावर मिले और उप मुखिया का मानदेय 2500, वार्ड सदस्य का मानदेय 1250 देने, मुखिया की तरह मान सम्मान एवं अधिकार देने, जिस प्रकार से मुखिया को बैठक की सूचना चिट्ठी के माध्यम से दिया जाता है उसी प्रकार से उप मुखिया एवं वार्ड सदस्य को भी सूचना देने, पंचायत में होने वाले विकास योजनाओं की जानकारी देने आदि की मांग की गयी। मौके पर मांडू प्रखंड के सभी उप मुखिया एवं वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### भाजपा बूथ प्रभारी-अध्यक्ष की बैठक



**कुजू।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 बोंगावर में बूथ नंबर 275, 276, 277, 278 के अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख का सत्यापन को लेकर बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ नगर परिषद के प्रभारी जिला मंत्री अनमोल सिंह, रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक बूथ पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी सदस्यों को जोड़ा गया एवं संगठन को मजबूती बनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुआ। मनोज गिरि ने बताया कि हर महीने के अंतिम रविवार को नरेंद्र मोदी के मन की बात को हरेक बूथ पर एलईडी, रेडियो, मोबाइल के माध्यम से सुनना है। साथ ही सामाजिक वर्ग के लोगों को सुनाना भी है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जा रहे केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता भुवनेश्वर महतो व संचालक प्रकाश कुशवाहा तथा धन्यवाद ज्ञापन तेज नारायण कुशवाहा ने किया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी पंडा, सुरेंद्र कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, दुलाल पंडा, त्रिभुवन कुशवाहा, राजेश प्रजापति, प्यारेलाल कुशवाहा, अमित कुशवाहा आदि मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने पीओ को दिया आवेदन

**कुजू।** आरा डूमरबेड़ा, डूमरबेड़ा मांझी टोला, बघलता टोला व आरा बस्ती के रैयतो, विस्थापितों व प्रभावित बेरोजगार ग्रामीणों को सीसीएल कुजू क्षेत्र के सारूबेड़ा परियोजना के आउटसोर्सिंग कंपनी व लोकल सेल में शामिल करने को लेकर पीओ को सोमवार को आवेदन दिया गया। दिये गये आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि सारूबेड़ा परियोजना के सीओसीपी खान में खनन कार्य अप्रैल से शुरू किया गया है। पांच माह बीत जाने के बाद भी इस गांव के संबंधित लोगों को रोजगार नहीं दिया गया। जबकि झारखंड सरकार के नियमानुसार 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाना है। वहीं सारूबेड़ा लोकलसेल में संरक्षक, समन्वय समिति सदस्य, संचालन समिति सदस्य, मुंशी, लोडिंग सदस्य के रूप में भागीदारी सुनिश्चित की जाय। कहा गया है कि सारूबेड़ा लोकलसेल में आरा मौजा के डूमरबेड़ा, डूमरबेड़ा मांझी टोला, बघलता टोला, आरा बस्ती के ग्रामीणों, रैयतो, विस्थापितों के दिए गए जमीन पर खनन कार्य किया जा रहा। परंतु ग्रामीणों को उचित भागीदारी देने में पक्षपात पूर्ण रवैय अपनाया जा रहा। जिससे सारूबेड़ा परियोजना लोकलसेल व आउटसोर्सिंग कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रबंधन जल्द से जल्द ग्रामीणों के साथ वार्ता करे। इससे पूर्व भी 6 मई को एक मांगपत्र प्रबंधन को दिया गया था। लेकिन पहल नहीं किया गया. अगर सात दिनों के भीतर वार्ता नहीं होती है तो आंदोलन को बाध्य होंगे।

### अखड़ा में गीतों पर थिरकीं महिलाएं

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के बनासो बिलंडी टांड़ मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति विष्णुगढ़ कमिटी द्वारा जबर करम अखड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति/ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो शामिल हुए। कार्यक्रम शुभारंभ प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो एवं जेबीकेएसएस पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। करमेती बहने द्वारा करम डाल को विधि विधान से पूजा अर्चना कर जावा जगाई। करम अखड़ा में ढोल नगाड़ों के धुन में माताएं बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कई पंचायतों से आए झूमर टीम ने अपनी कला का करम अखड़ा में प्रदर्शित किए । साथ ही क्षेत्रीय कलाकार, बबन देहाती, मनोज झारखंडी,लाली पटेल,विकाश रंगीला,चंद्रिका के मधुर करम गीतों से लोग झूम उठे। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो,उपाध्यक्ष नंदलाल महतो ,सुरेश कुमार, शैलेंद्र पाठक,सुजीत कुमार, रामचंद्र राम ,सचिव गंगाधर कुमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, बकसपुरा पंचायत संरक्षक भागीरथ महतो, बिनोद साव,अध्यक्ष मुकेश कुमार, उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार,नवरत्न कुमार, संतोष सिंह,उदय महतो समेत जबर करम अखड़ा में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### टाटीझरिया में गणपति पूजा

**टाटीझरिया ।** भराजो झरपो खैरा टाटीझरिया ,नारायणपुर समेत अन्य आठों पंचायत के विभिन्न गांवों में इस वर्ष भी धूमधाम के साथ ब्राह्मणों द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण कर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना आराधना करवाया जा रहा है। पुरोहितों में धर्मेंद्र शास्त्री,संदीप शास्त्री,ज्योतिष पंडा ,विनय पांडेय, सत्यानंद मिश्र, सुधीर पंडा, सुनील पांडेय, पंकज पांडेय,पप्पू पांडेय,राहुल मिश्र ने कहा किगणपति की पूजा भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि से अपने यथा शक्तिनुसार पूजा अर्चना आराधना कीर्तन श्रद्धा युक्त करने से भगवान श्री गणेश की आसिम कृपा प्राप्त होती हैं।

# कहीं का भी हो मामला, थाने में दर्ज होगा एफआइआर : आइजी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** कहीं का भी हो मामला पीड़ित व्यक्ति थाने और कार्यालय का चक्कर नहीं लगाएगा। वह जिस थाने में पहुंचेगा वहीं पदाधिकारी उसकी समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे। यदि किसी दूसरे थाना क्षेत्र का मामला होगा तो उसके आवेदन पर जीरो एफआईआर कर उसे संबंधित थाने में भेजेंगे। ना कि पीड़ित व्यक्ति को ही वहां का रास्ता दिखा देंगे। यह बात मंगलवार को रामगढ़ में जन समस्या समाधान कार्यक्रम में पहुंचे आईजी अमोल बेणुकांत होमकर ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा साफ है। पुलिस और आम जनता के बीच की दूरी को कम करना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यह चाहते हैं कि जनता की छोटी से छोटी समस्या का निराकरण किया जाए। थाने में पहुंचने पर उनके साथ बेहतर व्यवहार होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि डीजीपी यह चाहते हैं कि थाने में भी पीड़ित व्यक्तियों के साथ बेहतर व्यवहार हो और जनता का खौफ उनके अंदर ना रहे। पुलिस के वर्क कल्चर में बदलाव होना चाहिए, ताकि किसी को परेशानी नहीं हो। उन्होंने बताया कि महिला हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन, गुमशुदा हेल्पलाइन, डायल 112, डायल 1930 की जानकारी सभी लोगों को हो, ताकि जनता इसका लाभ उठा सके। इसके अलावा जनता की छोटी-मोटी समस्या के मुद्दे पर भी आईजी और डीआईजी जांच करेंगे। अगर किसी पीड़ित व्यक्ति की समस्या थाने में पदाधिकारी नहीं सुनते हैं, तो उन पर तत्काल कार्रवाई होगी।

**नशे के चंगुल से युवाओं को बचाना मुख्य उद्देश्य :** होमकर ने कहा कि आज सबसे बड़ी समस्या नशे का अवैध कारोबार है। कहीं पर अफीम की खेती हो रही है, तो कहीं ब्राउन शुगर के तस्करी। युवा पीढ़ी इसमें बबार्दी के कगार पर पहुंच गया है। उन लोगों को नशे की इस दलदल से निकलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को पुलिस से अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की उम्मीद रहती है। लेकिन पुलिस को भी आम जनमानस से इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए सहयोग की अपेक्षा है।

**व्यापारी भी प्रतिष्ठानों में लगाएं सीसीटीवी :** आईजी अमोल वेणुकांत होमकर ने कहा कि आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है लेकिन उसमें जन सहयोग से ही काबू पाया जा सकता है। आज सीसीटीवी और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की मदद से अपराधी जल्दी ही न सिर्फ पहचान में आते हैं, बल्कि उनकी गिरफ्तारी भी होती है। उन्होंने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों और आवास में ज्यादा से ज्यादा मात्रा में सीसीटीवी इंस्टॉल करने की अपील की।

### रामगढ़ में लगा जन समस्या समाधान शिविर



**किसी पीड़ित व्यक्ति की समस्या अधिकारी नहीं सुनते हैं, उन पर तत्काल कार्रवाई होगी : होमकर**

**शिविर में 184 आवेदन**

जन शिकायत समाधान शिविर में 184 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एसपी अजय कुमार ने सभी आवेदकों को आश्वासन दिया और कहा कि उनकी समस्या जल्द ही सुलझा दी जाएगी।

**शिविर का लाभ उठायें : डीसी**

डीसी चंदन कुमार ने भी आम जनमानस से समस्या का निराकरण कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार आपके द्वारा का कार्यक्रम चल रहा है। दूसरी तरफ पुलिस विभाग ने भी आम लोगों के बीच संपर्क साधा है। पूरे राज्य का सिस्टम आम जनता को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सीधे उनके घर तक पहुंच रहा है। इसलिए जनता को बढ़-चढ़कर ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होना चाहिए और अपनी समस्या को बेझिझक होकर रखना चाहिए। कार्यक्रम में डालसा सचिव अनिल कुमार, एसडीओ आशीष गंगवार , मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, सभी प्रखंडों के अंचल अधिकारी और सभी थानों के प्रभारी मौजूद थे।

# सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से काम पर लौटे स्वच्छता कर्मी

**सफाई कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल नगर विकास सचिव सुनील कुमार से मिला, हड़ताल लिया वापस**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल का हजारीबाग नगर निगम में कार्यरत हड़ताल पर गए सफाईकर्मियों से वार्ता का प्रयास रंग लाया। सोमवार को ही हजारीबाग शहर में बाधित सफाई को लेकर कूड़े के ढेर में तब्दील होते शहर की गंदगी और वातावरण में फैलते बदबू से परेशान लोगों को निजात दिलाने हेतु हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने पहल किया और अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे झारखंड राज्य लोकल बॉडीज क एम्पलाइज फेडरेशन,कर्मचारी संघ हजारीबाग इकाई के पदाधिकारी से अपने सांसद सेवा कार्यालय में एक विशेष बैठक की। जिसमें सांसद जायसवाल ने उनकी समस्याएं जानी और फिर तत्काल इस पर पहल करते हुए नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन और विभाग के सचिव सुनील कुमार से दूरभाष पर बात करते हुए संबंधित मामले पर संज्ञान लेकर कर्मचारी संघ से वार्ता हेतु विशेष समय दिलवाया और उनसे यथाशीघ्र इनके न्यायोचित मांग पर पहल करने का आग्रह किया। जिसके बाद सांसद मनीष जायसवाल के पहल पर हजारीबाग से सफाई कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल नगर विकास सचिव सुनील कुमार से मिलने राजधानी रांची पहुंचे। यह प्रतिनिधिमंडल के हजारीबाग लौटते ही मंगलवार को उन्होंने हड़ताल समाप्त कर काम पर वापस लौटने का ऐलान कर दिया ।

सांसद मनीष जायसवाल के पहल के बाद 18 वें दिन सफाईकर्मी काम में लौट गए जिससे हजारीबाग नगर वासियों को अब कूड़े के उठाव होने से गंदगी और बदबू से राहत मिलेगी ।

### रामगढ़ में काष्ठ कला प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, राँची, झारखण्ड एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विशेष घटक योजना के तहत 20 लाभुकों के पारम्परिक काष्ठ कला के कौशल को विकसित करने हेतु 50 दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन ग्राम कुंदरु खुर्द कला रामगढ़ में मंगलवार को किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कुंदरु खुर्द कला पंचायत के मुखिया रेखा देवी, रोशन कुमार, वार्ड सदस्य अनजन वाड़ा, जिला समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, गंगा मुंडा, प्रखण्ड समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, कुणाल कुमार सिंह, सचिव, भारतीय लोक कल्याण संस्थान ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर उद्घाटन किया। उक्त प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य काष्ठ कला के कारीगरों में कौशल विकास कर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाना, आय सृजन करना एवं समुदाय को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

## एनटीपीसी टाउनशिप विकसित करने के लिए भूटान से समझौता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनटीपीसी ने एनटीपीसी टाउनशिप और कार्यालयों को नेट जीरो प्रतिष्ठानों के रूप में बदलने को लेकर एक रोडमैप विकसित करने के लिए दिल्ली में अपने भारत मिशन के माध्यम से यूएसएआईडी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक (एसएसईए और पर्यावरण इंजीनियरिंग) डॉ. विजय प्रकाश और यूएसएआईडी/भारत और भूटान के उप मिशन निदेशक (ए) आरोन शुबर्ट ने निदेशक (संचालन) रवींद्र कुमार की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दिल्ली में एनटीपीसी लिमिटेड भारत में सबसे बड़ी एकीकृत बिजली उपयोगिता, जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दों को सक्रिय रूप से संबोधित कर रही है। एनटीपीसी दुनिया भर में पहली ऊर्जा कंपनी थी जिसने ऊर्जा पर लिन उच्च स्तरीय वार्ता के एक भाग के रूप में अपने ऊर्जा कॉम्पैक्ट लक्ष्यों की घोषणा की। अगले कदम के रूप में, एनटीपीसी ने अपने टाउनशिप और कार्यालयों को नेट जीरो बनाने का निर्णय लिया है। वित्त वर्ष 2025-26 तक स्कोप 2 उत्सर्जन में एनटीपीसी भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है। टाउनशिप और कार्यालयों को पानी व अपशिष्ट में शुद्ध शून्य घोषित करने के प्रयास जल्द से जल्द शुरू होंगे। एमओयू का उद्देश्य एनटीपीसी टाउनशिप के लिए शुद्ध शून्य स्थिति प्राप्त करने के लिए रणनीति और रोडमैप विकसित करना है।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने रद्द की बैठक

रामगढ़। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा रामगढ़ जिले के दौरे पर पहुंची थी। मंगलवार को जहां एक तरफ मुख्यमंत्री जन समस्या समाधान कार्यक्रम को लांच कर रहे थे। काफी देर तक जब डीसी और एसपी वहां नहीं पहुंचे तो उन्होंने बैठक को रद्द करने का ही फैसला ले लिया। जब उन्होंने बैठक करने से इनकार किया तो जिले के अधिकारी सर्किट हाउस में ही उनके बुलावा का इंतजार करते रहे। काफी देर तक बैठने के बाद राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्या डॉक्टर आशा लकड़ा अपनी गाड़ी में बैठी और रांची की ओर निकल गई। आयोग की सदस्या डॉक्टर आशा लकड़ा का स्वागत फूलों से किया गया।

# लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने लगाया हेल्थ कैंप

खबर मन्त्र संवाददाता

**▸▸ शूगर मरीज खानपान में परहेज और डॉक्टरों की सलाह पर सही समय पर दवा लें : अशोक सिन्हा**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में सोमवार को भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में डायबिटीज अवेयरनेस और ब्लड जांच शिविर लगाया गया। इसका शुभारंभ क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जोन चेयरपर्सन लायन डॉ. राजेंद्र महतो, मुख्य प्रवक्ता सह डायबिटीज अवेयरनेस के जिला चेयरपर्सन लायन अशोक कुमार सिन्हा व गार्ड ऑफ ऑनर जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा उपस्थित थें। मुख्य वक्ता सह डायबिटीज अवेयरनेस के जिला चेयरपर्सन लायन अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि किसी भी बीमारी का जागरूकता सही उपचार ही है। उन्होंने कहा कि भारत में शुगर मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही रही है। खानपान में परहेज और चिकित्सकों के सलाह पर सही समय पर दवा ली जाए तो इसे कंट्रोल किया जा सकता है। मुख्य वक्ता श्री सिन्हा ने कहा कि डॉक्टर के सलाह पर ध्यान देते हुए दिनचर्या में नियमित रूप से योग और एक्सरसाइज को शामिल कर इस बीमारी से निजात पाया जा सकता है। शिविर में महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। साथ ही दर्जनों मरीजों का निःशुल्क डायबिटीज जांच किया गया। मरीजों का ब्लड टेस्ट कुमार पैथोलॉजी के पैथोलॉजिस्ट शनि नायक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लायन विजयंत कुमार, लायन माला शर्मा, लायन डॉ. एमके मंजुल, लायन विजय वर्णवाल, लायन रेखा मंजुल, लायन निर्मल अग्रवाल, लायन प्रमोद शर्मा सहित क्लब के तमाम सदस्यों का विशेष योगदान रहा। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक महीने के 9 तारीख को उक्त शिविर लगाया जायेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की

## एक नजर में

### हजारीबाग में लगा जन शिकायत शिविर



**हजारीबाग।** नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण साथ ही पुलिस एवं नागरिकों के बीच एक अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय हेतु महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड,राँची के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। मंगलवार को जिला स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम पूरे राज्य में आयोजित किया किया गया। शिकायतकर्ता द्वारा प्राप्त आवेदन- 393, जमीन विवाद-150, पारिवारिक विवाद- 90, अन्य-153, 97 को निष्पादित किया गया।
१० है पी २ : जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

### विधायक ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

**बड़कागांव।** तलसवार में सोमवार देर शाम बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने 2.65 करोड़ की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। तलसवार में बीस वर्ष पुराने सड़क को ग्रामीणों के मांग को देखते हुए विधायक ने कहा कि पीसीसी सड़क निर्माण तलसवार मुख्य पथ से लेकर तलसवार उपरैली तालाब( 2.400 किमी ) तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य डीएमएफटी मद से होना है ।इस सड़क कार्य का स्वीकृति मिल जाने से स्थानीय ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल है। इससे पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को गाजे बाजे के साथ फूल माला पहनाकर तथा जय-जयकारे नारों के स्वागत किया गया। पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया गीता देवी, संजय महतो, उप मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र साव, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो,नरेश साव, देवनारायण साव,बिमल करमाली, सुरेंद्र दास, बालेश्वर मेहता, जितेंद्र कुमार साव,सोहर साव, आनंद प्रसाद कुशवाहा, कमलेश गुप्ता उर्फ विशाल,गणेश महतो,कृपाल महतो, प्रभु साव, कैलाश राणा, जितेंद्र कुमार महतो, राजू कु साव, रामदेव राम, बिहारी प्रसाद,अफिंता देवी,पुनम देवी, रीना देवी समेत कई उपस्थित थे।

### महेंद्र प्रताप सिंह का मना शहादत दिवस

**टाटीझरिया ।** धर्मपुर पंचायत के मुक्ति दूधमनियां निवासी टाटीझरिया 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद रवि सिंह और छोटे पुत्र राहुल सिंह के पिता झारखंड आंदोलन कारी शहीद महेंद्र प्रताप सिंह का 41 वा शहादत दिवस मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ तिरंगा ध्वज फहरा कर विशिष्ट अतिथि बरकट्ठा विधान सभा के पूर्व विधायक सह झामुमो वरिष्ठ नेता जानकी प्रसाद यादव ,माले नेता मिथलेश सिंह , मुख्य अतिथियो में दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा,संजीव वेदियां,गौरव पटेल,नीलकंठ महतो समेत अन्य कई नेता मंत्री थे जिन्होंने बारी बारी से स्व.प्रताप सिंह के स्मृति पर मालार्पण और पुष्प अर्पित किया । बाद में सभी नेता मंत्री कार्यकर्ता गणों ने शहीद स्व.महेंद्र प्रताप सिंह के समाज सेवी कार्यों का उल्लेख करते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया और उनके सिद्धांतो पर चलने की आग्रह कर नमन किया। मौके पर इब्राहिम अंसारी, धानेश्वर पासवान,जितेंद्र पासवान,राजेश कुमार अशोक कुमार,केदार गौरव,रवि यादव,नवीन सिंह,रूपन साव,सुरेश प्रजापति, अशोक प्रजापति, पप्पू कुमार,संदीप पाण्डेय समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता ग्रामीण मौजूद थे।

### बड़कागांव में 20 हजार चूल्हा प्रमुख लेंगे भाग

**बड़कागांव।** मंगलवार को बड़कागांव के गुरुचट्टी स्थित रोशनलाल चौधरी के आवास में केरेडारी,बड़कागांव, पतरातु प्रखंड और पिपरवार क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने विधानसभा स्तरीय एक अहम बैठक आयोजित किया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बैठक में रोशनलाल चौधरी व केंद्रीय महासचिव विजय साहू, एजेकेएसएस महामंत्री सतीश सिंहा,हजारीबाग जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो,रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी उपस्थित हुए ।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा तथा संचालन प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर तापस ने किया। 22 सितंबर को होने वाला चूल्हा प्रमुख सम्मेलन ऐतिहासिक और रिकॉर्ड तोड होगा। पार्टी के कर्मठ 20 हजार चूल्हा प्रमुख करेंगे शिरकत। जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक सुनीता चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत,पूर्व मंत्री रामचंद्र साहिस, उमाकांत रजक, पूर्व विधायक शिवपूजन कुशवाहा,हारेलाल महतो,मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो,संतोष महतो सहित आजसू पार्टी के कई दिग्गज नेताओं का आगमन होगा।

### जरबा पंचायत में लगा आपके द्वार शिविर

**चरही।** ग्राम जरबा पंचायत भवन सभागार में मंगलवार को आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक और संचालन पूर्व उप प्रमुख सह पूर्व विधायक प्रतिनिधित चौलेशवर महतो के द्वारा किया। प्रमुख ने के उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ उठायें ।शिक्षित बेरोजगारों के लिए भी कई योजनाएं धरातल पर उतारे गए हैं। यहां लोग अपने ही राज्य में रहकर कार्य कर सकते हैं ।पलायन को रोकने के लिए राज्य सरकार हर कदम उठा रही है ।इस कार्यक्रम में 15 महिला स्वयं सहायता समूह को 48 लाख चेक वितरण किया गया ।उत्क्रमित उच्च विद्यालय के दस छात्र-छात्राओं के बीच कॉपी-किताब का वितरण किया गया ।दो किसानों के बीच हेल्थ कार्ड दिया गया सावित्री बाई फुले योजना के तहत दस किशोरियों को प्रमाण-पत्र दिया गया। मौके पर चुरचू बीडीओ ललित राम सीओ राजमोहन तुरी, जरबा पंचायत मुखिया सुनिता देवी,उप मुखिय बसंती देवी ,वार्ड सदस्य संतोष सिंह,जुगल किशोर साव ,किशोर प्रजापति जागेशवर प्रजापति,अजय राम,कृषक मित्र आशोक प्रसाद,बीटीएम नकुल कुमार,सीआई अमर सिंहा कर्मचारी असीम रंजन सहित कई पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

### चरही में हाथियों ने मचाया भारी उत्पात

**चरही।** सोमवार रात को करीब8 बजे 22 हाथियों के झुंडों का आगमन पिपरा बेड़ा गांव में हुआ ।यहां के ग्रामीणों ने सुबह 4 बजे रात भर जाग कर तक पिपरा हाथियों के झुंडों को भगाने में लगे रहे। पिपरा बेड़ा के किसानों के खेतों और बारी में लगे मकई,बाजरा और धान की खेती को नष्ट कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कई किसानों के द्वारा लगभग 5 एकड़ खेतों में लगी फसल को जंगली हाथियों के झुंडों ने बर्बाद कर दिया है ।इसकी जानकारी वन विभाग के लोगों को दिए जाने के बावजूद भी कोई पहल नही किया गया ।फसल का नष्ट किसान सोनाराम मांझी पिता जीबोन मांझी,सोमार टुडू पिता चेतो टुडू,सोमार टुडू सोधन टुडू पिता कैलू मांझी,अनिल टुडू,पिता होपन टुडू,कालीचरण टुडू,पिता जीबोन मांझी,गहन टुडू पिता ढेंना मांझी, पुसलाल टुडू,पिता चेतो मांझी के द्वारा लगाए गए विभिन्न फसलों को नष्ट कर दिया है ।ग्रामीणों ने आपदा प्रबंधन से क्षति पूर्ति की मांग किया है।

### चरही के फुसरी में पीसीसी पथ का शिलान्यास

**चरही।** बहेरा पंचायत अंतर्गत फुसरी गांव के वार्ड नंबर 15 में 44 मोड़ से लेकर 44 कॉलोनी से बोकारो नदी तक करीब दो करोड़ कि लागत डीएमएफडी मद से पीसीसी पथ एवं पिपरा में पीसीसी पथ का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली, द्वारिका सिंह, शशि कुमार, डॉ. रामसेवक प्रसाद, मुखिया देवकी महतो, ने संयुक्त रूप से फीता काट कर मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर अजीत सिंह, रोहित महतो, संजय साव, रौशनी देवी,संगीता देवी, अशोक सिंह, आशुतोष कुमार, दिनेश्वर साव, सत्येंद्र नारायण सिंह, गब्बर सिंह व अन्य मौजूद थे।

# आखिर ये दुष्कर्म की मानसिकता कैसे और कहां से आती है?



रानी राज

**मैं** देवी हूँ ,क्यूंकि मैं नारी हूँ?मैं सिर्फ इंसान क्यूँ नहीं? शारीरिक बनावट में भिन्नता के कारण? ये शारीरिक उत्तेजना पुरुषों में ही क्यूँ ? रेप की शिकार स्त्रियां ही क्यूँ कुछ अपवाद को छोड़कर?

समाज में नारी का स्थान क्या है ? थोड़ा ठहर कर एक नारी होने के नाते मुझे सोचने की जरूरत है। जब सड़क में , ऑफिस में , बस में , दुकान में , मेले में या घर तक में एक नारी का नारीत्व सुरक्षित नहीं तो मुझे सोचना पड़ रहा है ।आधुनिक जगत के डिजिटल दुनिया में एक नारी के प्रोफाइल पर पिक्चर अपलोड होते हजारो अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट , मैसजेस , लाइक्स , कमेंट्स से जब एक नारी का नारीत्व बेबस है तो सोचना पड़ रहा है , समाज में नारी का स्थान क्या है ?

सदियों से नारी अपने नारीत्व की रक्षा पुरुषों के व्यभिचारी मानसिकता से करती आई है। कभी युद्ध में जीती गई तो कभी बाजारों में बिकती रही। आधुनिक युग के मानवाधिकारों के आड़ में मुझे लगने लगा था की अब मेरा नारीत्व सुरक्षित है। कभी कानून बना कर , कभी चवन्नी अधिकार देकर तो कभी जंजीरों से बंधी स्वतन्त्रता देकर मुझे एहसास दिलाया गया कि समाज में नारी का स्थान है। इसी भ्रम जाल में फांस कर कभी ऑफिस में , कभी सड़को में और कभी घरो में नारीत्व की धज्जिया उड़ाई गई।

कोलकत्ता , बदलापुर आदि तो बस बानगी है , दरअसल इतिहास से जुड़ा नारीत्व का अपमान कभी रुका ही नहीं था। बस उसके रूप बदल दिए गए थे। राजा - महाराजाओ और जमींदारों ने हमें वस्तु समझा था वही आज हम नारी सबके लिए एक वस्तु से अधिक कुछ नहीं।

नारीत्व प्रकृति का सबसे अनुपम उपहार कहा जाता है। एक पुरुष अपने पुरुषत्व से मानवता का विस्तार नहीं कर सकती मगर नारी कर सकती है। लेकिन नारी का नारीत्व ही उसके लिए अभिशाप बन गया है। आधुनिकता की दौड़ में नारी इतिहास से अधिक असुरक्षित हो गई। पता नहीं कब - कौन यहाँ चीरहरण की कुटिल मानसिकता लिए घूम रहा है। नारीत्व के अपमान को पुरुष अपना सम्मान बनाने के लिए पागल है। मानवाधिकार की आड़ में नारीत्व के सम्मान के रक्षा के लिए समाज ने कई कानून और संस्थाए बनाए है मगर इन्होने नारियो के अपमान को बढ़ावा ही दिया है। कोर्ट से लेकर सरकारों तक ने नारीत्व के अपमान में कोई कमी नहीं छोड़ी है। एक नारी जन्म के साथ समाज में केवल दया दृष्टि पर जीती है। इस दया के बदले उससे नारीत्व का सौदा किया जाता है। नारी तो आधुनिकता के साथ गुलामी की कठोर जंजीरो में जकड़ती जा रही है। नारी को बेइज्जत करेगी , वकील सम्मान का सरेआम चीरहरण करेगी और न्याय के देवता केस को लम्बा खिंच कर इन सभी को मौका देते हैं नारी को रौंदने में,ताकि नारी दबी रहे कागजो के ढेर में।







रजनीतिक दलों ने तो नारीत्व का भी राजनीतिककरण कर दिया दिया है। नारीत्व के अपराधियों को माला पहनाये जा रहे है , टिकट दिए जा रहे है , उच्च पदों पर बिठाये जाते हैं जिसका वर्तमान उदाहरण है कोलकाता रेप केस के दोषी गिरोह में शामिल प्रिंसिपल जिसे सम्मान दिया गया। गलती से अगर वो दुर्गा और काली बन गई तो न्याय के देवता ही उन्हें सजा देकर गुलामी की जंजीरो में जकड़ देते है। जिससे आजाद होने की वकालत में सादिया गुजर गई।

वर्तमान स्थिति में इसे भी दरकिनार नहीं किया जा सकता कि फेमिनिज्म के भेंट कई बेकसूर पुरूष भी चढ़े हैं,कानून का दुरुपयोग भी होता है।लेकिन सोचनीय यही है कि ये कानून बने ही क्यूँ?

**आखिर ये दुष्कर्म की मानसिकता आती कैसे है ?**

इसके मुख्य कारणों में पुरुषवादी सोच,झूठी भौतिकता का चकाचौंध ,बदले की भाव,लोगों के बीच बढ़ती दूरी,हावी कामवासना, सोशल मीडिया,राजनीति में अपराधियों का महिमामंडन,सिनेमा आदि।पर सवाल यह है कि इन सबके पीछे की मानसिकता आते कैसे हैं ? यह आती है सबसे पहले परवरिश से ,बदले की भाव से और चलते आ रहे पौरुष बल का प्रदर्शन से।लीक से हटकर उत्थान की ओर बढ़ने वाली महिला को समाज में सबसे ज्यादा पुरुषवादी सोच के कारण न जाने क्या क्या झेलने पड़ते हैं।और सबसे अहम लंबे और बेजान न्याय व्यवस्था प्रमुख कारणों में से एक है ।अब दलील यह दी जाती है कि लड़कियों के छोटे कपड़े पहनने से रेप होतेहैं।,मैं पूछती हूँ ऐसी परवरिश ही क्यूँ जहाँ लड़के और लड़कियों के टांगो में,शरीर के अंगों में भेद भाव पैदा करे जाते हैं।फिर ये जघन्यतम कुकर्म छोटे बच्चियों के साथ क्यूँ घटित होते हैं।पौराणिक काल से देखा जाए तो तब भी अत्यंत छोटे और रिझावन कपड़े पहने जाते थे।ये कुकर्म होने के बाद भी सवाल स्त्रियों पर ही सिर्फ क्यूँ उठते हैं। 21वीं सदी में जहाँ संविधान से लेकर हर विधान में समानता की बात की जाती है वहाँ भी भेद भाव क्यूँ?स्त्री को अलग समझा ही क्यूँ जाना चाहिए ?कुछ प्रावधानों में विशेष प्रबंध किए गए हैं महिलाओं हेतु क्यूंकि वह जरूरत है,जैसे गर्भवती महिला कर्मी को अधिक छुट्टी मिलना हालांकि साथ मे पुरुषों को भी अब इसमें पितृत्व अवकाश जैसी व्यवस्था भी है।कोलकाता में घटित घटना के विरोध में मुख्यमंत्री सड़क पर आती हैं,आखिर किसके खिलाफ आती हैं? क्या एक मुख्यमंत्री के अधिकार क्षेत्र में यह नहीं कि तत्काल करवाई की अपील कर सके या बुद्धिसम्मत कोई फैसला ले सके?वोट बैंक से ऊपर सोच सके?

**वर्तमान एनसीआरबी का आंकड़ा कहता है कि भारत में हर 20 मिनट में एक बालात्कार होता है जिसमें ताज्जुब की गर्भवती महिलाएं और बच्चियां जिनका केश पिछले पाँच वर्षो में लगातार बढ़ा है ,जबकि विवाहित महिलाओं के रेप के आंकड़े अगर जोड़े जाएँ तो पता नहीं आंकड़ा कहाँ जाएगा। 4 लाख से अधिक करीब सालाना मामले दर्ज होते हैं जिनमें दहेज छेड़छाड़,ट्रैफिकिंग, तेजाब अटैक भी शामिल हैं। इनमें से मात्र 100 दुष्कर्मी में से 27 को ही मृत्युदंड की सजा मिल पाती है वह भी हद पार विलंब के बाद।पिछले 24 वर्षो में सिर्फ पांच अपराधियों को ही सजा मिली है।2004 में धनंजय चटर्जी के बाद सीधा 2020 में निर्भया के दोषियों को सजा मिली जबकि इस बीच हजारों रेप कांड हुए जो दर्ज थे। परिणामतः स्थिति आज बदूतर है।**

घटता लिंगानुपात,गर्भपात जैसी चीजें बढ़ रही हैं।लोक समाज के डर से तो आधे से अधिक मामले दर्ज ही न होते,घुट के जीने को बेबस होती हैं। बेशक महिलाओं के प्रति बढ़ते शोषण के कारण समाज और देश का विकास बाधित होता है। इस सामाजिक बीमारी को दूर करने हेतु मानसिक बदलाव की दरकार है।सरकार और आम नागरिक को द्वार -द्वार तक जागरूकता की जरूरत है। घर से लेकर स्कूली शिक्षा में शारीरिक ज्ञान और भेदभाव के दुष्परिणाम के बारे में बताया जाना चाहिए।महिलाओं को आर्थिक सशक्त होने की नितांत आवश्यकता है।सामाजिक सुरक्षा बढ़ाये जाने की जरूरत है। सबसे बड़ी जरूरत न्याय व्यवस्था को सख्त और तत्परता से लागू किये जाने की है।घोषित दुष्कर्म की सजा मौत से कम होनी ही नहीं चाहिए। सजा की समय सीमा तय की चाहिए कि इतने दिनों के भीतर करवाई हो ही जाए। पैसे ,राजनीति,और ओहदे की लोलुपता से उठकर अपराधी को अपराधी ही समझना चाहिए।

नारी फुलो नहीं कि तुम श्रद्धा हो ,पूजनीय हो । **(ऑडिट ऑफिसर, बिहार सरकार)**

# राष्ट्रीय एकता का पर्व है गणेशोत्सव

**रमेश सर्राफ धमोरा**

गणेश शब्द का अर्थ होता है, जो समस्त जीव के ईश अर्थात स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नों के नाश करने और मंगल करने वाले देवता हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप से गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है।

पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नौ दिनों तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते हैं। नौ दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। गणेश हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवता है। यह उत्सव खासतौर से महाराष्ट्र में मनाया जाता है। हालाँकि अब ये भारत के लगभग सभी राज्यों में मनाया जाने लगा है। गणेश चतुर्थी पर लोग पूरी भक्ति और श्रद्धा से ज्ञान और समृद्धि के भगवान की पूजा करते हैं।

भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाइयां प्रसाद में चढ़ाई जाती हैं।



गणेश जी को मोदक प्रिय है। इसे चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। पूजा में गणपति को लड्डुओं का भोग लगाया जाता है।

इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काट कर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया।

**स्वतंत्रता आंदोलन और गणेश चतुर्थी पर्व**

महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगों मे अंग्रेजों के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगों मे अंग्रेजों के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा में गणपति उत्सव का आयोजन किया गया। देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 में अंग्रेजों ने भारत में एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी लागू है। इस कानून में किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे। ना समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे।

1894 से पहले लोग अपने घरों मे गणपति उत्सव मनाते थे लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे। पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजों को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएगे, अंग्रेज पुलिस उन्हें गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम मे एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी लेकिन किसी धार्मिक समारोह मे उमड़ी भीड़ को नहीं।

20 अक्तूबर 1894 से 30 अक्तूबर 1894 तक पहली बार 10 दिनों तक पुणे के शनिवारवाड़ा में गणपति उत्सव मनाया गया।

# कई कोलकाता कांड जेहन में ...

**अल्का हेम्बरोम**



एक ऐसी घटना जो मुझे हर रोज रूलाती है...#कोलकाता की घटना देख सुन कर फिर से वो घटना जीवीत सा हो गया ...

मेरी उम्र बस 17 की थी और एक दिन हमारे घर एक परिचित दरवाजे पर दस्तक दिए मैं दौड़ते चली गयी ...वो व्यक्ति कहा जाए तो पिता के दोस्त थे ....मेरे दरवाजा खोलते ही वो मुझे धक्के मारते अंदर आ गये ...मुंह से शराब की बू आ रही थी ..

मैनें बस इतना कहा पिताजी और माँ अभी घर पर नहीं है कृपया आप जाईए ....उसने मुझे लड़खड़ाते अवाज में कहा मुझे पता है ...तुम अकेली हो ..और इतना सुनते ही मैं सकते में आ गयी

मुझे समझ में आ गया कि मैं....असुरक्षित हूँ ...मैं घबरा कर बार बार घर से निकलने कहने लगी लेकिन वह ...नीच कमीना इंसान घर के बेडरूम तक चला गया ...तभी मेरी दोस्त भी आ गयी ...वह हमेशा हमारे पास शाम को आती थी लेकिन उस दिन दिन में आ गयी मेरी स्थिति देख वह भी घबरा गयी ...लेकिन वह बहुत हिम्मत से काम ली ...और बगल के घर जाकर वहाँ से लोगों को बुला कर उस व्यक्ति को जबरन घर से निकाला ...।

मैं इतना डर गयी थी कि ...मेरी आवाज नहीं निकल पा रही थी ..।

ये घटना का जिक्र हमने अपने अभिभावक को दिया ...

स्वभाविक था कि गुस्से में सभी थे ...दूसरी ओर मेरी मानसिकता

कुछ अन्य सवालों से गुजर रहा था ...

क्या ये मेरी गलती थी कि मैं उस व्यक्ति गिद्ध वाली नजरों की शिकार बनने लायक थी ...??

क्या मेरा अस्तित्व सिर्फ शारिरिक भोग करने के लिए था ?

क्या मेरा अस्तित्व बस एक शरीर मात्र है ?

ये सवाल उस समय से आज तक मेरे अंदर है ...

अपराध बोध सा है ....ऐसी घटनाएं औरों के साथ भी होता होगा और मेरी स्थिति जैसी उनकी भी होती होगी ...

यदि हमारे संज्ञान में आए तो....परामर्श देना चाहिऐ ताकि

मनोबल बना रहे ...

देश में हर रेपिस्ट चौथे मामले में औसतन पकड़ा जाता है, पांच मामलों में एक का रिपोर्ट ही सार्वजनिक होता है पुलिस के पास जाता है। यह अपराध भयावह स्थिति तक पहुंच चुका है लेकिन ...

मनोबल बना रहे...

(जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार)

# ऑनलाइन की दुनिया में धोखे ही धोखे हैं संभलकर करें इस्तेमाल!

**मुकुंद**

दुनिया में ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स इस्तेमाल करने में भारत शीर्ष पांच देशों में शामिल है। इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका पहले और चाइना दूसरे स्थान पर है। भारत में डेटिंग के लिए सर्वाधिक लोकप्रिय ऐप टिंडर, बम्बल, हप्पन और ट्रूली मैडली हैं। ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स की चर्चा में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के महरौली इलाके का श्रद्धा हत्याकांड का जिक्र जरूरी हो जाता है। 18 मई 2022 को श्रद्धा के लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने उसकी गला घोटकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद उसने श्रद्धा के शव को अलग-अलग टुकड़ों में काटकर ठिकाने लगाया। उसके कुबूलनामे से जुड़े तमाम साक्ष्य इकट्ठा करने के बाद पुलिस ने उसे 12 नवंबर को गिरफ्तार किया। इस हत्याकांड का जिक्र इसलिए अहम हो जाता है कि इन दोनों की दोस्ती ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स के जरिये हुई थी।

हाल ही में फ्रांस बेस्ड एक्सट्रा मैरिटल डेटिंग ऐप ग्लीडेन ने बताया कि भारत में उसके 20 लाख यूजर्स हैं। ऐसे में मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या ऑनलाइन डेटिंग ऐप के लिए भारत में कोई कायदा-कानून है या नहीं? इसका जवाब यह है कि भारत में डेटिंग ऐप्स के रूल्स और रेगूलेशन को लेकर कोई स्पेसिफिक कानून नहीं है। माना जा रहा है कि देश में तीन करोड़ से ज्यादा लोग डेटिंग ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। इनमें 67 फीसदी पुरुष और 33 फीसदी यूजर्स महिलाएं हैं। ऐप यूज करने वालों ऐसे यूजर्स अधिक हैं जिनका जन्म 2000 के बाद हुआ है। यह बड़ा तथ्य है कि भारत में हर साल डेटिंग ऐप्स के सब्सक्रिप्शन से 500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई होती है। देश में दो करोड़ से ज्यादा डेटिंग ऐप्स के पेड सब्सक्राइबर्स हैं। यूजर्स पर नजर रखने वाली वैश्विक कंपनी ग्लीडेन के मुताबिक, भारत में सितंबर 2022 से यह आंकड़ा 11 प्रतिशत बढ़ा है। अधिकांश नए ग्राहक (66 प्रतिशत) टीयर 1 शहरों से आते हैं। शेष (44 प्रतिशत) टीयर 2 और टीयर 3 शहरों से आते हैं। इस कंपनी का दावा है कि ऐप्स इस्तेमाल करने वाले पुरुष और महिला दोनों इंजीनियर, उद्यमी, सलाहकार, प्रबंधक, अधिकारी और चिकित्सक जैसे पेशेवर हैं।

देश में डेटिंग ऐप्स को निजता के अधिकार के तहत रेगुलेट किया जाता है। मगर सूचना



प्रौद्योगिकी (उचित सुरक्षा प्रथाओं और प्रक्रिया और संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा या सूचना) नियम, 2011 निजता के अधिकार को एनेबल करते हैं, लेकिन यह केवल क्रेडिट, डेबिट कार्ड, बॉयोमेट्रिक जानकारी, पासवर्ड, स्वास्थ्य जानकारी, मेडिकल रिकॉर्ड जैसी संवेदनशील जानकारी तक ही सीमित है। ऐसे में डेटिंग ऐप्स को अन्य जानकारी जैसे कि उम्र, लिंग, धर्म और राजनीतिक संबद्धता को संवेदनशील जानकारी की श्रेणी के रूप में रखने की जरूरत नहीं होती है। बावजूद इसके भारतीय यूजर्स चिंताओं से घिरे रहते हैं। एक्सक्लूसिव सिंगल्स क्लब जूलियो ने वैश्विक जनमत कंपनी यूगोव के साथ मिलकर भारत के आठ बड़े शहरों में 1,000 से ज्यादा एकाकी (सिंग्लस) लोगों का सर्वे किया। इस सर्वेक्षण का चौंकाने वाला तथ्य यह है कि सिंगल्स के प्रोफाइल ऑनलाइन तो मैच हो रहे हैं, लेकिन वे असल जिंदगी में एक-दूसरे से नहीं मिलते। यूजर्स 24 घंटे सुरक्षा, प्रोफाइल की सच्चाई और डेटिंग ऐप्स की जटिलता से घिरे रहते हैं। कभी-कभी तो इसका मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है और लोग अवसाद से घिर जाते हैं। सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है कि

इन ऐप्स और वेबसाइट्स का इस्तेमाल करने वाले ती में से दो लोगों ने कभी अपने संभावित साथी से आमने-सामने मुलाकात नहीं की। यह असली जीवन में जुड़ाव की कमी को दिखाता है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ी समस्या सही प्रोफाइल न मिलना और फेक पहचान का होना है। सर्वेक्षण में शामिल 78 फीसदी महिलाओं ने माना कि उन्हें इन प्लेटफार्मों पर फेक प्रोफाइल की समस्या का सामना करना पड़ा। इसलिए, वह चाहती हैं कि उनकी प्रोफाइल पर गोपनीयता और नियंत्रण बेहतर हो। वहीं, 74 फीसदी पुरुष और महिलाएं मानते हैं कि उनकी प्रोफाइल सिर्फ उन्हीं को दिखनी चाहिए, जिन्हें वे चुनते हैं। 82 प्रतिशत महिलाओं का कहना है कि डेटिंग या शादी के ऐप्स पर सुरक्षा के लिए सरकारी आईडी से प्रोफाइल की जांच जरूरी होनी चाहिए। सरकारों को इन प्लेटफार्मों पर होने वाले स्कैम्स को ध्यान में रखते हुए इस नियम को अनिवार्य बनाने पर विचार करना चाहिए।

इसके अलावा, युवाओं को इस प्रक्रिया में भावनात्मक और मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि यह अनुभव मुश्किल और थकाने वाला हो सकता है। सर्वे में शामिल करीब आधे लोगों ने माना कि डेटिंग या शादी के प्लेटफार्मों के इस्तेमाल से उनकी मानसिक सेहत पर बुरा असर पड़ा। ऑनलाइन बातचीत की सुविधा लोगों पर पहली मुलाकात में अच्छा प्रभाव डालने का दबाव डालती है। 62 प्रतिशत ने कहा कि वे बातचीत को मजाकिया या हल्का-फुल्का रखने का दबाव महसूस करते हैं। सर्वेक्षण का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि चार में से तीन महिलाएं डेटिंग या शादी के ऐप्स और वेबसाइटों पर अपने अनुभव से खुश हैं। हालांकि, लगातार स्वाइप करते रहने से भावनात्मक थकान हो जाती है। 70 फीसद पुरुष और महिलाएं मानते हैं कि यह फीचर बेकार है और इससे उनकी परेशानियां बढ़ती हैं।

मशहूर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और टेड एक्स की वक्ता कामना छिब्बर का कहना है कि ₹आजकल रिश्ते निभाना मुश्किल हो गया है। बहुत सारे विकल्प होने की वजह से एक मजबूत और खास रिश्ता बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। साथ ही, जब लोग एक-दूसरे से मिलने की कोशिश करते हैं तो उनकी सुरक्षा को लेकर भी खतरे होते हैं। इसलिए जरूरी है कि एक ऐसा सिस्टम बनाया जाए जो लोगों को सुरक्षित महसूस कराए, चाहे वह शारीरिक, भावनात्मक या मानसिक रूप से हो।

जूलियो के संस्थापक सीईओ वरुण सूद ने कहा, "यह रिपोर्ट आज के युवाओं को प्यार की तलाश में होने वाली मुश्किलों को सामने लाती है। असली रिश्तों की बुनियाद आमने-सामने की बातचीत और मुलाकातों से ही बनती है। मिलने से ही बात आगे बढ़ती है। इसलिए हमने जूलियो के जरिए सिंगल लोगों के लिए एक सुरक्षित, भरोसेमंद और जिम्मेदार तरीके से प्यार पाने की प्रक्रिया को बदलने के लिए एक वैश्विक मुहिम शुरू की है।" (लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

स्पीड न्यूज



## एनसीसी कैडेट अनिमा का थल सेना कैंप दिल्ली के लिए चयन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई की कैडेट अनिमा कुमारी का चयन प्रतिष्ठित थल सेना कैम्प, दिल्ली के लिए किया गया है। यह कैम्प एनसीसी के सबसे महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में से एक है, जिसमें देशभर से चुने गए कैडेट्स को भारतीय सेना के विभिन्न पहलुओं और अनुशासन का गहन प्रशिक्षण प्राप्त होता है। अनिमा कुमारी 3 सितंबर से 13 सितंबर 2024 तक दिल्ली में इस कार्यक्रम में भाग लेंगी। अनिमा कुमारी भूगोल विषय से यूजी सेमेस्टर 4 की छात्रा हैं और गम्हरिया की निवासी हैं। उनका यह चयन विश्वविद्यालय और एनसीसी इकाई के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो न केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान है, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति, प्रो. डॉ. अंजिला गुप्ता ने अनिमा कुमारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। अनिमा कुमारी की यह उपलब्धि उनकी अथक मेहनत, समर्पण और अनुशासन का परिणाम है। हमें विश्वास है कि वे थल सेना कैम्प में अपनी प्रतिभा और दक्षता का प्रदर्शन करते हुए न केवल विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगी, बल्कि अन्य कैडेट्स के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बनेंगी। कुलपति प्रो. डॉ. अंजिला गुप्ता ने 37 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर, कर्नल विनय आहूजा को भी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा, रकर्नल विनय आहूजा और उनकी टीम के उत्कृष्ट प्रशिक्षण और नेतृत्व ने इस सफलता को संभव बनाया है। अनिमा का चयन 37 झारखंड बटालियन की प्रशिक्षण प्रक्रिया की गुणवत्ता का प्रतीक है। केयर टेकर ऑफिसर (सीटीओ) प्रीति ने भी अनिमा कुमारी को प्रेरित करते हुए कहा, अनिमा कुमारी ने हमेशा अनुशासन, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का परिचय दिया है। उनकी यह उपलब्धि सभी कैडेट्स के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी। हम उन्हें इस नई चुनौती के लिए शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे थल सेना कैम्प में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगी।

## तुलसी भवन में महासर माता का उत्सव आज

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर तुलसी भवन के एसी हॉल में कुलदेवी (गढ़ी) महासर माता का तृतीय वार्षिक उत्सव 11 सितंबर बुधवार (अष्टमी तिथि) को आयोजित होगा। जिसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। इसमें कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला समेत कोलकाता और रांची से भी श्रद्धालु शामिल होंगे। महासर धाम के संजय गुरुजी के सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना होगी। पंडित रामजी पारिख पूजा में सहयोग करेंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मानगो के आपराधिक गिरोहों को संरक्षण दे रहे मंत्री बन्ना गुप्ता : सरयू राय

विधायक का आरोप

- जमशेदपुर पुलिस पर राजनीतिक दबाव के कारण नहीं हो पा रहा अपराध नियंत्रण
- शक्तिनाथ हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त ईश्वर सिंह बन्ना गुप्ता का खासमखास
- बन्ना गुप्ता के दबाव में ईश्वर सिंह को जेल ले जाने की जगह एमजीएम अस्पताल भेज दिया
- ईश्वर सिंह की बीमारी की जाँच के लिए मेडिकल बोर्ड बने
- जमशेदपुर पुलिस स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर कार्रवाई के लिए सरकार से अनुमति मांगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर में अपराधिक घटनाएं पुलिस-प्रशासन के नियंत्रण से बाहर हो गई हैं। आए दिन गोली-बारी, छिनतई, घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटनाएं हो रही हैं। अपराधी बेलगाम हो गए हैं। ऐसा नहीं की जमशेदपुर पुलिस में योग्य और कर्मठ अधिकारियों की कमी है, पर राजनीतिक दबाव का माहौल बन जाने से वे अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। नतीजा है कि शहर में अपराध नियंत्रित नहीं हो पा रहे हैं। दुर्भाग्य की बात है कि शहर के चुनिंदा आपराधिक गिरोहों को झारखंड के स्वास्थ्य एवं खाद्यान्न मंत्री बन्ना गुप्ता संरक्षण दे रहे हैं, इससे स्थिति बेकाबू हो रही है।

उक्त गंभीर आरोप जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने लगाया है। यहां जारी एक बयान में विधायक सरयू राय ने कहा है कि



जमशेदपुर के चुनिन्दा अपराधी गिरोहों को सत्ताधारी समूह का संरक्षण मिल रहा है। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री श्री बन्ना गुप्ता की भूमिका इसमें अग्रणी है। नतीजा है कि अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के मामले मे जमशेदपुर पुलिस-प्रशासन के सामने अक्सर असमंजस की स्थिति पैदा हो जाती है।

विधायक ने कहा कि हाल ही में मानगो में हुए शक्तिनाथ सिंह हत्याकांड के अपराधियों को स्वास्थ्य मंत्री का सीधा संरक्षण प्राप्त है। मंत्री जी के साथ इन अपराधियों की बड़ी-बड़ी होर्डिंग मानगो के चौक चौराहों पर लगी हुई है। मानगो फ़्लाई ओवर के पहले पिलर के शिलान्यास के दिन भी उस व्यक्ति के ही होर्डिंग चारों ओर लगे थे जिसे पुलिस ने शक्तिनाथ सिंह हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त मानकर गिरफ़्तार किया है। यह व्यक्ति ईश्वर सिंह है जो मानगो मंडल कॉंग्रेस का अध्यक्ष है और श्री बन्ना गुप्ता का खासमखास है। सरयू राय ने आरोप लगाया कि पक्का सबूत होने और प्रत्यक्षदर्शी का बयान होने के बाद भी ईश्वर सिंह को पुलिस ने चार दिन तक गिरफ़्तार नहीं किया।

# दंगाइयों-अपराधियों के खुद संरक्षक हैं विधायक सरयू राय : नितेश मित्तल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



- दंगाईयों और अपराधियों के खुद संरक्षक हैं सरयू : नितेश
- मंत्री के ऊपर आरोपों के बाद विधायक प्रतिनिधि ने किया पलटवार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता के प्रतिनिधि नितेश मित्तल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आखिर किस मापदंड के तहत विधायक सरयू राय स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर अपराधियों को संरक्षण देने का दावा कर रहे हैं। जबकि सच्चाई है कि उनके कार्यकाल में मानगो में दंगा हुआ, जिसमें पूरे शहर के आम जनमानस को एक काला अध्याय देखने को मिला। पुलिस जांच में ये सामने भी आया था कि उनके करीबी भाजपा युवा मोर्चा के नेता छोटू पंडित दंगा के आरोपियों में एक थे। हद तो तब हो गयी जब सारे जेल मेन्युअल को तोड़ कर वे एक अपराधी से मिलने जेल पहुंच गए, क्या तब उन्होंने पुलिस का मनोबल तोड़ कर एक अपराधी को संरक्षण नहीं दिया था? मित्तल ने सवाल किया कि प्रशासन पर दबाव बनाने की बात कर रहे विधायक सरयू को बताना चाहिए कि आखिर किस कारण छोटू पंडित से मिलने वो जेल गये थे। क्या तब प्रशासन पर दबाव बनाने का प्रयास नहीं किया गया था? विधायक सरयू को बताना चाहिए कि उन्हीं के पार्टी के नेता और तत्कालीन उलीडीह भाजपा अध्यक्ष नीरज सिंह को जब हत्या के मामले में जेल हुई तो आखरी ऐसी कौन सी बीमारी थी जिसके कारण वह 6-6 महीना वह एमजीएम अस्पताल में अपना इलाज करवा रहे थे?

### ईमानदारी से जनता की सेवा की, बस याद रखियेगा : हेमंत सोरेन

# झारखंड की विकास योजनाओं से बिचौलियों और दलालों से मुक्त कराना मेरा लक्ष्य: सीएम

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम को दी 555 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**डोबो काजू बागान, चांडिल, सरायकेला-खरसावां।** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड अंतर्गत डोबो काजू बागान मैदान में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में हुए सम्मिलित। पूर्वी सिंहभूम तथा पश्चिमी सिंहभूम जिले के विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने पूर्वी सिंहभूम तथा पश्चिम सिंहभूम जिले को 555 करोड़ 83 लाख 80 हजार रूपए की दी सौगात देते हुए विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास एवं दोनों जिलों के 84899 लाभुकों के बीच लगभग 472 करोड़ 16 लाख 83 हजार रुपए की परिसंपत्तियां वितरण की। मौके पर मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लाभुकों से संवाद भी किया।



एक वृद्ध लाभुक से बात करते मुख्यमंत्री हेमंत। साथ में मंत्री बन्ना गुप्ता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आपकी योजना-आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम चलाकर महत्वाकांक्षी योजनाओं को आप तक पहुंचा रही है। मैं स्वयं राज्य का भ्रमण कर यह देखने की कोशिश कर रहा हूं कि राज्य सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर पर उतर रही है या नहीं। बरसात का मौसम है, जगह-जगह बारिश हो रही है, फिर भी आप सभी लोग इतनी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में पहुंच रहे हैं यह हर्ष का विषय है। आपसभी का समर्थन और आशीर्वाद हमें राज्यहित के कार्य करने की शक्ति प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी पंचायत-पंचायत, गांव-गांव, टोला-टोला में शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं को आपके घर-आंगन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। वैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जहां रोड कनेक्टिविटी नही है वहां भी विभिन्न माध्यमों से राज्य सरकार के पदाधिकारी आप तक पहुंच रहे हैं और आपको योजनाओं से आच्छादित कर रहे हैं। 2019 से पहले राज्य के वृद्ध, दिव्यांग, विधवा माता-बहनें पेंशन को लेकर जिला एवं प्रखंड कार्यालयों एवं बिचौलियों का चक्कर काटते थे। पेंशन कार्ड तो बनता नहीं था लेकिन दलाल इनसे पैसे जरूर वसूल कर लेते थे। कहा कि आज उनकी सरकार राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू कर सभी पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन उपलब्ध करा रही है। कोई एक भी पात्र व्यक्ति ढूंढने से नहीं मिलेगा जिसे पेंशन नही मिल रहा है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड स्थित डोबो काजू बागान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में कही।

## टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस और कर्नाटक सरकार ने 25 वें टीसीएस रूरल आइटी क्विज की घोषणा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**बेंगलुरु/ जमशेदपुर।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) (बीएसईः 532540, एनएसई:टीसीएस) और कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बीटी और सायंस एंड टेक्नॉलॉजी डिपार्टमेंट ने घोषणा की है कि 25 वें टीसीएस रूरल आईटी क्विज में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन्स शुरू हो चुके हैं। बेंगलुरु टेक समिट 2024 के एक हिस्से के रूप में इस क्विज का आयोजन किया जाएगा। इस क्विज में ऑनलाइन टेस्ट्स, और वर्चुअल और फिजिकल क्विज शोज भी होंगे। छोटे शहरों और जिलों के आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को इसमें हिस्सा लेने के लिए बढ़ावा दिया जाता है। शहर निगम की सीमाओं के भीतर के स्कूलों के छात्र इसमें हिस्सा नहीं ले सकते। इस क्विज में विभिन्न क्षेत्रों और पहलुओं में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिनमें प्रौद्योगिकी पर्यावरण, कारोबार, लोग, नए रुझान शामिल हैं। जिन क्षेत्रों को आईटी ने प्रभावित किया है उन्हें भी क्विज में शामिल किया जाता है, जैसे कि, बैंकिंग, शिक्षा, मनोरंजन, किताबें, मल्टीमीडिया, संगीत, मूवीज, इंटरनेट, एडवरटाइजिंग, खेल, गेमिंग, सोशल नेटवर्किंग आदि। टीसीएस रूरल आईटी क्विज में भारत भर में आठ रीजनल फाइनल्स होंगे।

## आइआइटी मुंबई के प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी ने सौर उर्जा के महत्व पर एनएमएल में प्रकाश डाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मंगलवार को सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर में आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर तथा एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के संस्थापक प्रो. चेतन सिंह सोलंकी ने दौरा किया और साथ ही साथ व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। डॉ. संदीप घोष चौधरी, निदेशक, सीएसआईआर-एनएमएल ने उनका स्वागत किया, उसके बाद सभी प्रभागों के प्रमुखों के साथ बैठक की।

उन्होंने प्रयोगशाला में ऊर्जा की खपत को अनुकूलित करने हेतु आगे की रणनीति पर चर्चा की।



कार्यक्रम की शुरूआत में निदेशक, सीएसआईआर-एनएमएल ने औपचारिक रूप से प्रो. सोलंकी का स्वागत किया और एनएमएल सभागार में उपस्थित सभी श्रोताओं से उनका परिचय कराया। फिर, प्रो. सोलंकी ने ₹जलवायु परिवर्तन और सुधारात्मक कार्रवाइयों की 6-बिंदु की समझ विषय पर व्याख्यान दिया।

प्रो. सोलंकी ने इस बात पर जोर दिया कि क्योटो प्रोटोकॉल और पेरिस समझौते जैसे अंतरराष्ट्रीय समझौतों, अनेक सीओपी बैठकों और दुनिया भर के हजारों संगठनों के सामूहिक प्रयासों के बावजूद, जलवायु परिवर्तन न तो रुक रहा है और न ही धीमा हो रहा है; बल्कि, यह और तेजी से बढ़ रहा है। प्रो. सोलंकी ने लंबी ऊर्जा स्वराज यात्रा के अपने अनुभव को साझा किया, जिसमें उन्होंने सौर बस में यात्रा की, ताकि जलवायु सुधार की दिशा में व्यापक जागरूकता और कार्रवाई की जा सके और 11 साल बीत जाने तक घर वापस न लौटने की प्रतिबद्धता जतायी।

## शोध कार्य विकास की आधारशिला : डॉ मृणाल

- सोना देवी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय सेमिनार शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला में रिसर्च मैथोडोलॉजी, रियर्च पेपर राइटिंग और पब्लिकेशन पर आज दिनांक 9 सितंबर 2024 को तीन दिवसीय कार्यशाला का उदघाटन हुआ। दिनांक 11सितंबर तक चलने वाली इस कार्यशाला। में सोना देवी विश्वविद्यालय के रिसर्च स्कॉलर के अलावा अन्य विश्वविधालय के रिसर्च स्कॉलरो ने भी हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में रिसर्च स्कॉलरो को शोध के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यशाला के पहले दिन मुख्य वक्ता के रूप में नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर, महाराष्ट्र के मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ एन. आर मृणाल ने रिसर्च स्कॉलरो को शोध के विभिन्न चरणों के बारे में गहन जानकारी दी ' उन्होंने कहा कि शोध कार्य विकास की आधारशिला है। रिसर्चर शोध समस्या के चयन में किन - किन बातों का ध्यान रखें? परिकल्पना का निर्माण एवम- उसकी जॉच कैसे करें, रिसर्च डिजाइन बनाते समय किन चीजों पर ध्यान दे ताकि शोध में शामिल सैंपल का प्रतिनिधित्व हो सके?




## सोनारी की नाबालिग लड़की सुसाइड नोट लिखकर लापता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोनारी के झाबरी बस्ती के हीरो होंडा सर्विस सेंटर के बगल में रहने वाले विशंभर मुर्मू की 17 वर्षीय नाबालिक लड़की अपने मोबाइल के इंस्टाग्राम और वॉट्सप में सुसाइड करने की बात लिखकर घर से 6 सितम्बर को दोपहर लगभग दोपहर 2 बजे निकल गयी। इंस्टाग्राम और वाट्सप लड़की ने लिखा कि उसे एक लड़का तंग करता है इसलिए वह सुसाइड करने जा रही हैं अंत में अपने पापा को माफ करने की बात कही। विशंभर मुर्मू अत्यंत ही गरीब है दिहाड़ी मजदूरी में पति पत्नी दोनों काम करते हैं तीन दिन तक नाबालिक बच्ची का सुसाइड नोट लिखकर लापता होने की शिकायत करने 6 सितंबर से लगातार सोनारी थाने का चक्कर लगाने का कार्य बच्ची के माता पिता कर रहे थे लेकिन थाने से लापता लड़की के माता-पिता को बार-बार आवेदन में सुधार करने के नाम में लौटा दिया जा रहा था थाने में सुनवाई नहीं होने पर बच्ची के माता-पिता ने मामले की जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दी।

## तनाव से बचने के लिए कार्य, जीवन संतुलन और समय प्रबंधन पर ध्यान दें : चाणक्य चौधरी

- टाटा मेन हॉस्पिटल ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मेन हॉस्पिटल जमशेदपुर के मनोचिकित्सा विभाग ने मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज (एमटीएमसी) के सहयोग से आज विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना था।

दिन का मुख्य आकर्षण एक गेस्ट लेक्चर था, जिसका शीर्षक था, आत्महत्या पर परिदृश्य को बदलना, जिसे डॉ वरुण मेहता, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकेट्री , रांची के मनोचिकित्सा के प्रोफेसर, ने प्रस्तुत किया। इस सत्र में डॉक्टरों, नर्सों, मेडिकल छात्रों और टाटा स्टील के कर्मचारियों सहित अन्य दर्शकों ने भाग लिया।



कार्यक्रम में बोलते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी।

इस अवसर पर चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और उन्होंने तनाव से निपटने में कार्य-जीवन संतुलन और समय प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और तनावपूर्ण परिस्थितियों से जूझ रहे किसी व्यक्ति का समर्थन करने में परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम से पहले, पूरे सप्ताह के दौरान कई पहल आयोजित की गईं। इनमें 6 सितंबर को टाटा स्टील के ट्रांसपर्सन कर्मचारियों के लिए भावनात्मक स्वास्थ्य पर एक सत्र शामिल था, जिसमें 70 ट्रांसपर्सन ने भाग लिया था और 8 सितंबर को किशोरों की भावनात्मक सुरक्षा पर माता- पिता के लिए एक सत्र आयोजित किया गया था, जिसमें 130 अभिभावकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्रों (कक्षा 8-12) के लिए पोस्टर और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं और एमबीबीएस (एमटीएमसी) और नर्सिंग छात्रों के लिए पोस्टर और रील-मेकिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह भी शामिल था। जमशेदपुर के 30 से अधिक स्कूलों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम का समापन एमबीबीएस छात्रों द्वारा एक नाटक की प्रस्तुति के साथ हुआ। कार्यक्रम का समन्वय डॉ मनोज साहू, टीएमएच के साइकेट्री विभाग के हेड, ने किया। मौके पर डॉ सुधीर राय, जेनरल मैनेजर भी मौजूद थे।

## एक नजर में

### मदरसा दारुस सलाम में छह मासिक परीक्षा शुरू



**जमशेदपुर।** आजादनगर के सब से पुराने मदरसा दारुस सलाम के विद्यार्थियों की छह मासिक परीक्षा शुरू हो गई है। मदरसा के प्रधानाध्यापक मौलाना सगीर आलम फैजी ने बताया कि बच्चों के दरसियात, तजवीद , हिन्दी विषय, अंग्रेजी विषय, खुशखत, इमलानवेसी, गणित व दीनियात विषय की परीक्षा हो रही है। मदरसा के सचिव मतलूब अनवर खान की सरपरस्ती मे हो रही है।

### जाहेरस्थान के सौंदर्यीकरण को लेकर विधायक मंगल कालिंदी ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर।** मंगलवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ से मुलाकात कर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जमशेदपुर प्रखंड के पंचायत- दक्षिणी सारजामदा के ग्राम- छोलागोड़ा में जाहेरस्थान की चारदीवारी का निर्माण तथा सौंदर्यीकरण एवं कला संस्कृति भवन का निर्माण (खाता सं 479, प्लॉट सं 1705, थाना सं 1164) में प्राथमिकता के आधार पर करवाने को लेकर एक ज्ञापन सौपा। उन्होंने मंत्री जी से जल्द से जल्द प्रशासनिक स्वीकृति देने का आग्रह किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मल्लिक और जिला परिषद सदस्य गीतांजलि महतो भी उपस्थित थी।

### टेल्को में इस बार कुरुक्षेत्र की थीम पर हो रहा है भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण



**जमशेदपुर।** टेल्को पी एन एंड के टाईप दुर्गा पूजा पंडाल का भूमिपूजन विधिवत पूजन एवं मंत्रोच्चार के साथ पुरोहित ने कराया। इस वर्ष कुरूक्षेत्र के थीम पर बंगाल के कारीगरों द्वारा बनाया जा रहा पंडाल आकर्षण का केंद्र होगा। पिछले वर्ष कमेटी का केदारनाथ मॉडल भक्तों के बीच काफी आकर्षक रहा। साथ ही इस पूजा पंडाल में सप्तमी, अष्टमी और नवमी नि:शुल्क भोग का वितरण भी किया जाता है। कमिटी के संयोजक अभिषेक श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी दी। इस अवसर पर पूजा समिति के चेयरमैन शशि शेखर सिंह, सचिव अनिल कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव, राकेश वर्मा, नवीन घोष, सज्जन कुमार, रितेश कुमार, दीवाकर, पप्पू भाई, रणविजय एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### एसबीआई ने करायी अंतर कार्यालय प्रतियोगिता



**जमशेदपुर।** भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के बैनर तले अंतर कार्यालय राजभाषा नीति प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव रंजन ने कहा कि हिंदी हमारे ग्राहकों की भाषा है और इसका प्रयोग एवं प्रसार हम सभी का परम कर्तव्य है। प्रतियोगिता में विभिन्न कार्यालय से लगभग 50 प्रतिभागियों ने सहभागिता की, और अपने दैनिक कामकाज में हिंदी का प्रयोग को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया। इस आयोजन में अन्य अधिकारियों में डॉ संजय कुमार सिंह सहायक महाप्रबंधक राजभाषा स्थानीय प्रधान कार्यालय पटना के अतिरिक्त शंभू कुमार मुख्य प्रबंधक श्री राम हेमराम मुख्य प्रबंधक राजभाषा प्रशासनिक कार्यालय रांची, वीरेश कुमार, ललन शाह आदि उपस्थित होकर अपने उद्गार व्यक्त किये एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

### जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय में एनसीसी प्रथम वर्ष नामांकन प्रक्रिया संपन्न



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विवि के बिष्टुपुर कैंपस में एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) के प्रथम वर्ष के नामांकन की प्रक्रिया सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इस प्रक्रिया में विवि के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की स्नातक की छात्राओं ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षा और साक्षात्कार आयोजित किये गये। चयन का आयोजन 37 झारखंड बटालियन द्वारा किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय की केयरटेकर अधिकारी प्रीति, जीसीआई (गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर) रुचिता गौतम एवं पीआई स्टाफ ने अहम भूमिका निभायी।

# पैरालिंपिक खेलों के पदक विजेताओं को केंद्रीय खेल मंत्री ने नकद पुरस्कार से किया सम्मानित



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को पेरिस में हाल ही में संपन्न पैरालिंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख रुपये, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख रुपये और कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय एथलीटों को 30 लाख रुपये के नकद पुरस्कार दिए। इसके अलावा मिश्रित टीम स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को 22.5 लाख रुपये दिये गए। मंडाविया ने पैरा-एथलीटों को पूर्ण समर्थन और सुविधाएं देने का भी वादा किया, जिससे उन्हें 2028 लॉस एंजिल्स पैरालिंपिक में अधिक पदक जीतने का लक्ष्य रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मंडाविया ने कहा, देश पैरालिंपिक और पैरा खेलों में आगे बढ़ रहा है। 2016 में 4 पदकों में से, भारत ने टोक्यो में 19 और पेरिस में 29 पदक जीते हैं, और 18वें स्थान पर रहा। उन्होने कहा, हम अपने सभी पैरा-एथलीटों को सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे ताकि हम 2028 लॉस एंजिल्स पैरालिंपिक में अधिक पदक और स्वर्ण पदक जीत सकें।

### विजेताओं को स्वदेश पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

भारत ने अपने शानदार प्रदर्शन के साथ पैरालंपिक खेलों के इतिहास में 50 पदकों का आंकड़ा भी पार कर लिया। पैरालंपिक पदक विजेताओं का मंगलवार को स्वदेश वापस लौटने पर सैकड़ों प्रशंसकों ने फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। भारत ने पेरिस पैरालंपिक में अपने ऐतिहासिक अभियान का समापन 29 पदकों के साथ किया जिसमें सात स्वर्ण के अलावा नौ रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं।

### लॉस एंजिलिस में अधिक पदक जीतने के लिए मिलेगा पूर्ण समर्थन'

मांडविया ने 2028 लॉस एंजिलिस पैरालंपिक में अधिक पदक जीतने के लिए पैरा खिलाड़ियों को पूर्ण समर्थन और सुविधाएं देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा, देश पैरालंपिक और पैरा खेलों में आगे बढ़ रहा है। 2016 में चार पदकों से, भारत ने टोक्यो में 19 पदक और पेरिस में 29 पदक जीते और 18वें स्थान पर रहा। हम अपने सभी पैरा खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे ताकि हम 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक में और अधिक पदक तथा स्वर्ण पदक जीत सकें।

### भारत ने तोड़ा टोक्यो का रिकॉर्ड



भारत के लिए पेरिस पैरालंपिक सबसे सफल पैरालंपिक साबित हुआ है। टोक्यो पैरालंपिक 2020 इससे पहले भारत का सबसे सफल पैरालंपिक रहा था। उसमें भारत ने 54 एथलीट्स भेजे थे और 19 पदक जीतने में कामयाब रहे थे। इनमें पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक शामिल थे। भारत ने 20वां पदक जीतते ही टोक्यो पैरालंपिक का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके अलावा सात स्वर्ण जीतकर भारत ने टोक्यो के पांच स्वर्ण के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

## दलीप ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे दौर के लिए कुछ बदलावों के साथ टीमें घोषित





एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने 12 सितंबर से अनंतपुर में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के लिए कुछ बदलावों के साथ टीमों की घोषणा कर दी है। मयंक अग्रवाल को इंडिया ए का कप्तान बनाया गया है। इंडिया ए के कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव और आकाश दीप को बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारत की टेस्ट टीम में नामित किया गया है और वे आगामी दौर में शामिल नहीं होंगे। चयनकताओं ने गिल के स्थान पर प्रथम सिंह (रेलवे), केएल राहुल के स्थान पर अक्षय वाडकर (विदर्भ सीए) और जुरेल के स्थान पर एसके रशीद (आंध्र सीए) को नामित किया है। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी टीम में कुलदीप की जगह लेंगे, जबकि आकिब खान (यूपीसीए) आकाश दीप की जगह टीम में शामिल होंगे। इंडिया बी में शामिल यशस्वी जयसवाल और ऋषभ पंत को भारत की टीम में नामित किया गया है और चयनकताओं ने क्रमशः सुयश प्रभुदेसाई और रिंकू सिंह को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया है। तेज गेंदबाज यश दयाल को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है, जबकि सरफराज खान को भी भारत की टीम में शामिल किया गया है। हालांकि वह दूसरे दौर के खेल में शामिल होंगे। हिमांशु मंत्री (मध्य प्रदेश सीए) को यश दयाल की जगह टीम में शामिल किया गया है। अक्षर पटेल टीम डी से भारतीय टीम में शामिल होंगे। उनकी जगह निशांत सिंधु (हरियाणा सीए) लेंगे। तुषार देशपांडे चोट के कारण दूसरे दौर से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह भारत ए के विदवथ कावेरप्पा लेंगे।

- **इंडिया ए टीमः** मयंक अग्रवाल (कप्तान), रियान पराग, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुष कोटियन, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, अवेश खान, कुमार कुशाग्र, शाश्वत रावत, प्रथम सिंह, अक्षय वाडकर, एसके रशीद, शम्स मुलानी, आकिब खान।
- **अपडेटेड इंडिया बी टीमः** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), सरफराज खान, मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीसन (विकेटकीपर), सुयश प्रभुदेसाई, रिंकू सिंह, हिमांशु मंत्री (विकेटकीपर)।
- **अपडेटेड इंडिया डी टीमः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, रिकी भुई, सारांश जैन, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, संजू सैमसन (विकेटकीपर), निशांत सिंधु, विदवथ कावेरप्पा।

## धोनी बनाम विराट बनाम रोहितः सहवाग ने अपने पसंदीदा क्रिकेटर का खुलासा किया



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वीरेंद्र सहवाग ने 'दिस ऑर दैट' चैलेंज में विराट कोहली, एमएस धोनी और रोहित शर्मा के बीच अपने पसंदीदा क्रिकेटर का खुलासा किया है। 'दिस ऑर दैट' चैलेंज सोशल मीडिया पर एक ट्रेंड बन गया है जिसमें मशहूर हस्तियों को रैपिड-फायर राउंड में दो नामों में से एक चुनने के लिए कहा जाता है। भारत के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने भी दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 टूनामेंट में इस चैलेंज में हिस्सा लिया समें उन्हें क्रिकेट इतिहास के कुछ सबसे बड़े नामों में से अपनी पसंद बताने के लिए कहा गया। चुनौती की शुरूआत सहवाग से एमएस धोनी और बेन स्टोक्स में से किसी एक को चुनने के लिए कहा गया और पूर्व भारतीय कप्तान का नाम लिया। हालांकि धोनी दक्षिण अफ्रीका के महान खिलाड़ी एबी डिविलियर्स से हार गए, जिनका नाम अगले नंबर पर आया। जब सहवाग से डिविलियर्स और विराट कोहली में से किसी एक को चुनने के लिए कहा गया तो उन्होंने कोहली वाले को प्राथमिकता दी। लेकिन जब कोहली का सामना रोहित शर्मा से हुआ, तो सहवाग ने टीम इंडिया के मौजूदा वनडे और टेस्ट कप्तान को चुना। रोहित शर्मा का कद पिछले एक साल में बढ़ा है, खासकर तब जब उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम को वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचाया, हालांकि वह टूनार्मेंट आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मुकाबले में उनके और टीम के लिए दिल तोड़ने वाला रहा। रोहित ने इस साल टी20 विश्व कप में खुद को साबित किया, टूनार्मेंट में टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। एक समय भारत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में हार के कगार पर था, लेकिन तेज गेंदबाजों ने बेहतरीन वापसी करते हुए टीम को खेल में वापस ला दिया।

## अफगानिस्तान बोला- 'दोबारा कभी नहीं आयेंगे', नोएडा स्टेडियम की बदहाली ने कटा दी बीसीसीआइ की नाक!

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले में ऐसी बेइज्जती पहले कभी नहीं हुई जैसी ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में कर दी है। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के ग्रेटर नोएडा के स्टेडियम में खेले जा रहे अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट मुकाबले में दूसरे दिन तक एक भी गेंद नहीं फेंकी गई है। 2 दिन का समय बीत गया है।

### स्टेडियम में सुविधाओं का अभाव

शहीद विजय सिंह पथिक क्रिकेट स्टेडियम में अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट मैच के सोमवार को पहले दिन के बाद आज दूसरे दिन का खेल भी अव्यवस्थाओं से 'क्लीन बोल्ड' हो गया. घटिया जल निकासी, गीले मैदान और दयनीय सुविधाओं के चलते सोमवार को टेस्ट का पहला दिन बिना गेंद फेंके समाप्त हुआ है। वहीं, दूसरे दिन का खेल भी बिना टॉस हुए रद्द हो गया जबकि मैदान पर बारिश भी नहीं हो रही है।

### हम यहां कभी वापस नहीं आएंगे : एसीबी

एसीबी के एक अधिकारी ने कहा, बहुत गड़बड़ी है, हम यहां कभी वापस नहीं आएंगे। दूसरी ओर ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने इस मुकाबले उत्तर प्रदेश की हो रही बदनामी को लेकर कुछ भी अधिकृत तौर पर नहीं बोला है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी मोहम्मद फहीम ने बताया कि इससे उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन का कोई लेना-देना नहीं है। अफगानिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इसका मेजबान है।

### मैदान को सुखा नहीं पाया स्टाफ

इससे पहले बूंदाबांदी के बाद सोमवार और मंगलवार पूरे दिन बारिश नहीं हुई, फिर भी अनुभवहीन कर्मचारी मैदान सुखाने में नाकाम रहे। हाल यह था कि अफगानिस्तान के अभ्यास सत्र के लिए मैदान सुखाने के लिए टेबल फैन का इस्तेमाल किया गया। सुविधाओं की कमी से अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट समेत खिलाड़ी भी नाखुश दिखे। कप्तान टिम साउदी, ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर और रचिन रविंद्र सहित न्यूजीलैंड के कई खिलाड़ी भी मैदान का जायजा लेने आए लेकिन मिड-ऑन और मिड विकेट चिंता का विषय बना रहा। जबकि 30 गज के घेरे के अंदर भी कई गीले क्षेत्र थे। सुविधाओं की कमी मैदान के बाहर तक थी जिससे संचालन पर असर पड़ा। मीडिया के लिए उचित स्टैंड और फैंस के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। इसके अलावा 'एक्रिडिटिड' मीडिया को पानी की कमी, बिजली की



आपूर्ति और महिला शौचालय तक की कमी का सामना करना पड़ा।

### टीम एसजी गेंद के व्यवहार के तरीके को अपनाने का कर रही है प्रयास : लिटन

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास ने बताया है कि उनकी टीम भारत के साथ होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए एसजी गेंद के व्यवहार के तरीके को अपनाने का प्रयास कर रही है। लिटन ने कहा, भारत में गेंद अलग होगी। उन्होंने कहा, एसजी गेंद के खिलाफ खेलना थोड़ा कठिन है। कूकाबुरा गेंद पुरानी होने पर खेलना आसान होता है। एसजी गेंद के साथ यह उलट है।

### कोरिया ने पाक को 2-2 से बराबरी पर रोका

**मोकी (चीन)।** हन्नान शाहिद के 60वें मिनट में पाकिस्तान के लिए लगातार दो गोल की बदौलत पाकिस्तान ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के एक मैच में सोमवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच को बराबरी पर रोक दिया। हन्नान शाहिद ने 60वें मिनट में एक के बाद एक गोल करके पाकिस्तान को बराबरी दिलाने और 2-1 की बढ़त दिलाने का शानदार अंतिम प्रयास किया, लेकिन खराब बचाव के कारण कोरिया को अंतिम हूटर बजने से कुछ सेकंड पहले ही मैदानी गोल करने में सफलता मिल गयी। कोरिया के लिए जिवांग ह्यून ने 16वें और सुंगह्युन किम ने 60वें मिनट में गोल किये।

### रैना, हरभजन, हाफीज, ब्रावो बिखेरेंगे जलवा

**लॉडरहिल (फ्लोरिडा)।** अमेरिका के टेक्सास में आठ नवंबर से 17 नवंबर तक होने वाले यूएस मास्टर्स टी-10 के दूसरे सीजन सुरेश रैना, हरभजन सिह, हाफीज सईद, ड्वेन ब्रावो सहित क्रिकेट के कई पूर्व दिग्गज टूनार्मेंट में बिखेरेंगें अपना जलवा।

### मप्र, उप्र, हिमाचल,मणिपुर,मिजोरम और पंजाब हॉकी ने जीत दर्ज की

**जालंधर।** 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के दूसरे दिन मंगलवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, मणिपुर, मिजोरम और पंजाब की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। मंगलवार को यहां खेले गये पहले मैच में मध्य प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 6-0 से हराया। मध्य प्रदेश के लिए पहले क्वार्टर में जमीर मोहम्मद ने चौथे और 10वें मिनट में लगातार दो गोल किए। इसके बाद मोहम्मद अनस ने 46वें मिनट में कैप्टन अली अहमद ने 50वें मिनट में, विवेका पाल ने 54वें मिनट और तुषार परमार ने 56वें मिनट में एक-एक गोल दागा।

### सोफी व सूजी नौवीं बार खेलेंगी महिला टी-20 विश्वकप में

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड ने महिला टी-20 विश्वकप के लिए कप्तान सोफी डिवाइन की अगुवाई में अनुभवी 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है और यह नौवीं बार होगा जब सोफी डिवाइन तथा सूजी बेट्स इस टूनार्मेंट में खेलेंगी। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज इजी गेज का यह पहला टी-20 विश्वकप है। न्यूजीलैंड ने महिला टी-20 विश्वकप के लिए टीम की घोषणा कर दी है। कप्तान सोफी डिवाइन और सूजी बेट्स के लिए यह नौवां महिला टी-20 विश्वकप है। इसके अलावा चोटिल तेज गेंदबाज रोजमेरी मैयर की भी टीम में वापसी हुई है।

### डीएएस प्रीमियर लीग 26 सितंबर से होगी शुरू

**नयी दिल्ली।** अंबेडकर स्टेडियम में 15 सितंबर से खेली जाने वाली तीसरी डीएसए प्रीमियर लीग अब 26 सितंबर से शुरू होगी और सीएमएस की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 सितंबर तक कर दी गई है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार लीग में भाग लेने वाले राजधानी के शीर्ष 12 क्लबों में से अधिकांश ने तैयारियों को लेकर मैचों के आयोजन की तिथि आगे बढ़ाने का आग्रह किया था जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

## इंग्लैंड टीम घोषित, बेन स्टोक्स बतौर कप्तान लौटे

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंग्लैंड ने अक्टूबर में खेले जाने वाले पाकिस्तान के तीन मैचों के टेस्ट दौरे के लिए मंगलवार को 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इसमें बेन स्टोक्स कप्तान के रूप में वापसी करते हुए नजर आएंगे जबकि पता चला है कि वह अभी भी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं। चोट के कारण ही वह श्रीलंका के



खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में खेल नहीं पाए थे। टीम में स्पिनर रेहान अहमद और जैक लीच लौट आए हैं जबकि अनकैप्ड खिलाड़ी ब्रायडन कार्स और जॉर्डन कॉक्स को भी शामिल किया गया है। तीन मैचों की श्रृंखला के लिए स्थानों की अभी पुष्टि नहीं हुई है, इस सप्ताह के अंत में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से इसकी घोषणा होने की उम्मीद है। बहरहाल, जक क्रॉली, जो दाहिनी छोटी उंगली में फ्रैक्चर के कारण जुलाई से बाहर हैं, भी वापसी के लिए तैयार हैं।

# जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगा भारत

**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी**

एजेंसी



**हुलुनबुइर (चीन)।** पहले दो मैच में जीत से उत्साहित गत चैंपियन भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूनार्मेंट में बुधवार को यहां मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैच में जीत का अपना सिलसिला जारी रखने के लिए उतरेगी। भारतीय टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था लेकिन तब मैदानी गोल नहीं कर पाना उसके लिए चिंता का विषय बना हुआ था। प्रतियोगिता में भारत ने 15 गोल किए थे लेकिन इनमें केवल तीन मैदानी गोल शामिल हैं। वर्तमान टूनार्मेंट में हालांकि उसके युवा स्ट्राइकरों ने उसकी इस चिंता को कुछ हद तक कम किया है। ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भी इस क्षेत्र में सुधार करने की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था, अगर हमें भारतीय हॉकी टीम को अगले स्तर पर पहुंचाना है और ओलंपिक में लगातार पदक जीतने हैं तो हमें अधिक मैदानी गोल करने होंगे क्योंकि हमारी रक्षापंक्ति की भी अपनी सीमाएं हैं। भारतीय रक्षापंक्ति लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उसने ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भी उसने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराकर खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरूआत की थी। उसने अपने अगले मैच में जापान को 5-1 से हराया था। भारत ने अभी तक जो आठ गोल किए हैं, उनमें सात मैदानी गोल शामिल है जबकि युवा ड्रैग-फ्लिकर संजय ने जापान के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला था। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा रहे युवा स्ट्राइकर सुखजीत सिंह ने अभी तक तीन मैदानी गोल किए हैं जबकि अभिषेक और उत्तम सिंह ने दो-दो मैदानी गोल किए हैं। वर्तमान फॉर्म को देखते हुए भारतीय टीम इस टूनार्मेंट में जीत की प्रबल दावेदार है। वह इससे पहले चार बार चैंपियन रह चुकी है। दूसरी तरफ मलेशिया का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उसे एक मैच में हार का सामना करना पड़ा जबकि एक अन्य मैच उसने ड्रॉ खेला। भारत ने हालांकि नए ओलंपिक चक्र की शुरूआत की है और ऐसे में वह किसी भी टीम को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगा। छह टीमों के राउंड रोबिन मैच के बाद चोटी पर रहने वाली चार टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी जो 16 सितंबर को खेले जाएंगे। फाइनल 17 सितंबर को होगा।

## एमबापे के बिना भी जीता फ्रांस, बेल्जियम को 2-0 से हराया



एजेंसी

**जिनेवा।** स्टार फॉरवर्ड किलियन एमबापे को विश्राम दिए जाने के बावजूद फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल टूनार्मेंट में बेल्जियम को 2-0 से हराया। एमबापे के पेरिस सेंट जर्मेन के दो पूर्व साथियों रैंडल कोलो मुआनी और ओस्मान डेम्बेले ने फ्रांस की तरफ से गोल किए। फ्रांस अपने पिछले मैच में शुक्रवार को इटली से 3-1 से हार गया था लेकिन बेल्जियम के खिलाफ जीत से उसने टूनार्मेंट में आगे बढ़ने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इटली ने सोमवार को इजराइल को 2-1 से हराया और वह चार टीमों के ग्रुप में शीर्ष पर है। इस बीच अर्लिंग हॉलैंड के 80वें मिनट में किए गए निर्णायक गोल की मदद से नॉर्वे ने ऑस्ट्रिया पर 2-1 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में स्लोवेनिया के स्टार बेंजामिन सेस्को ने कजाकिस्तान पर 3-0 की जीत में हैट्रिक बनाई।

# प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने किया मेडिकल एवं पैथोलॉजी सेंटर का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** गढ़वा सीएस डॉ अशोक कुमार के आदेशानुसार भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने सीएचसी के सामने संचालित हो रहे मेडिकल एवं पैथोलॉजी सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण की भनक मात्र से दुकानदारों में हड़कंप मच गया और आधा दर्जन अधिक दुकानदारों ने अपना-अपना दुकान बंद कर के फरार हो गए। निरीक्षण के दौरान नन्हकूली चैधरी का मेडिकल, मॉडर्न पैथोलॉजी, समीमा मेडिकल, बजरंग पैथोलॉजी, यादव मेडिकल, ज्योति पैथोलॉजी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नन्हकूली चैधरी मेडिकल का रजिस्ट्रेशन नहीं होने पर जब एक रजिस्ट्रेशन नहीं होता है तब तक दुकान बंद करने को बोला गया। वहीं मॉडर्न पैथोलॉजी का निरीक्षण किया गया जब रजिस्ट्रेशन का नहीं होने की बात संचालक द्वारा बोले जाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा पैथोलॉजी को बंद करने का आदेश देते हुए कहा कि यह आखिरी अल्टीमेटम है बिना रजिस्ट्रेशन के पैथोलॉजी को खोला गया तो दुकान को सील करते हुए कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। डॉ. हरिहर पाल के दुकान को निरीक्षण के दौरान अपना किसी भी तरह का कोई कागजात नहीं दिखाया। वहीं किसी अन्य उपा कुमारी का रजिस्ट्रेशन का पेपर दिखाया गया जिसके बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने एक घंटा के अंदर अपना सर्टिफिकेट एवं रजिस्ट्रेशन का पेपर कार्यालय में लेकर उपस्थित होने को बोला। निरीक्षण की सूचना मिलते ही न्यू लाईफ पैथोलॉजी, सूरज पैथलोजी, नीलू बैठा का मेडिकल संचालक दुकान बंद करके फरार हो गए। मौके पर लिपिक अरुण लकड़ा, सुनील पटेल, बीटीटी अनुज कुमार सहित सीएचसी के गार्ड शामिल थे।



मॉडर्न पैथोलॉजी की जांच करते डॉ. दिनेश कुमार।

## खबर एक नजर

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में 746 आवेदन प्राप्त



शिविर में उपस्थित लोग।

**मझिआंव।** प्रखंड अंतर्गत तलसबरिया पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत, अंचल अधिकारी शंभू राम, पंचायत मुखिया महताब आलम, पंचायत समिति सदस्य सहिस्ता खातून ने शिविर का उद्घाटन किया। इस शिविर में विभिन्न विभागों से आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें स्वास्थ्य व पोषण से संबंधित 44 आवेदनों का तत्काल निष्पादन किया गया। बाकी के 702 आवेदन ऑनलाइन किया गया और लंबित रहा। शिविर में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना में 419 आवेदन मिले। मौके पर डॉ रजनीश सिंह, श्रीकांत उपाध्याय, जनसेवक परमानन्द प्रसाद, बीटीएम दयानंद पांडेय, नीति आयोग से कुंदन कुमार, पशुपालन से अरविंद कुमार श्रीवास्तव, अजीत कुमार दुबे, सतीश सिंह, वसीम अंसारी सहित प्रखंड व अंचल के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### धुरकी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**धुरकी।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के पंचायत टाटीदीरी पंचायत भवन में किया गया। बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी, मुखिया सगुनी राम आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं और योजनाओं से संबंधित आवेदन देने और शिकायत करने पहुंचे थे। इस दौरान जेएसएलपीएस महिलाओ के बीच तीन लाख रुपए का चेक वितरण किया गया। कुछ आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शेष आवेदन का ऑनलाइन किया गया। मौके पर बीडीओ खुद लोगों को सरकार के महत्वकांक्षी योजना के बारे में समझा रहे थे। दिन भर के कार्यक्रम में अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि के स्टॉल लगाये गये थे। मौके पर प्रखंड सहायक फैयाज आलम, राजस्व कर्मचारी शशि विश्वकर्मा, विकास कुमार, जितेन्द्र कुमार, देवंती देवी, सुरेंद्र साह, धिरेन्द्र कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

### लूट एवं हत्या के मामले में छह अपराधी गिरफ्तार

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले के सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र में करीब सप्ताह पूर्व चार पहिया वाहन की लूट एवं हत्या के मामले का उद्भेदन कर पुलिस ने छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि जिले के रामपुरा से राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-57 को जोड़ने वाली सड़क के ढीकापाही के निकट से एक अज्ञात व्यक्ति शव बरामद किया गया, जिस संबंध में चौकीदार 100-3/9 नारायण मंडल के लिखित बयान के धार अज्ञात के विरूद्ध सिंहवाड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसके बाद अज्ञात शव ककी पहचान उनके परिजन अनिल कुमार सिंह ने की और बताया कि मृतक व्यक्ति उनका उनका संबंधी है औरर सीतामढी रेलवे स्टेशन पर रहकर अपना स्कार्पियों वाहन को किराए पर चलाने का काम करता था। अग्रतर अनुसंधान के क्रम में एफ०एस०एल० टीम के पदाधिकारी एवं डॉग स्क्वायड टीम/तकनीकी शाखा के कर्मियों से जांच की गयी।

### सुपौल : हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के सुपौल थाना क्षेत्र से हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि सूचना के आधार पर जिला पुलिस की गश्ती दल एवं मद्यनिषेध इकाई, सुपौल की संयुक्त टीम ने एक ठिकाने से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान इनके पास से देशी कट्टा एवं कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान मिंटू सिंह, आशीष कुमार सिंह एवं राजाराम झा के रूप में की गयी है।

### बिहार मे अपराधी एवं भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है सरकार : तेजस्वी

**समस्तीपुर।** बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद)की मजबूती और विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने प्रथम चरण की अपनी सात दिवसीय कार्यकर्ता संवाद सह आभार यात्रा मंगलवार को समस्तीपुर से शुरू की। समस्तीपुर के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजद नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को सरकार संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि जिसके कारण प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि आज ऐसा कोई दिन नहीं है जहां प्रदेश में हत्या एवं लूट की घटनाएं नहीं होती है।

### सारण : आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में छह लोग गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने मंगलवार को यहां बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि के कर्णपुरा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मार-पीट की घटना घटित हुई। जिसमें दोनों पक्ष के कई लोग मार-पीट के दौरान घायल हो गए।

### एड्स नियंत्रण को लेकर निकली जागरूकता रैली



**भागलपुर।** दो विहार गर्ल्स बटालियन के विभिन्न कॉलेजों के बालिका सीनियर विंग के कैडेटों ने एनसीसी ग्रुप भागलपुर के दिशा निदेर्शानुसार एवं ज़िला प्रशासन द्वारा बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति से प्राप्त निदेर्शों के तत्वाधान में मंगलवार को एड्स नियंत्रण जागरूकता रैली निकाली, जिसकी नेतृत्व स्वयं कमान अधिकारी कर्नल दिनेश कुमार पाठक ने की। एड्स जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव एवं नियंत्रण के लिए युवाओं एवं आम जनमानस को जागरूक किए जाने के उद्देश्य से विभिन्न ओजस्वी एवं ज्ञानवर्धक नारों के साथ उक्त रैली दो बिहार गर्ल्स बटालियन सैंडिस कंपाउंड से निकलकर समाहरणालय, तिलकामांझी चौक, पुलिस लाइन इत्यादि प्रमुख स्थानों से गुजरते हुए वापस यूनिट के प्रांगण में एक विशेष परिचर्चा और कमान अधिकारी के उद्बोधन के साथ समाप्त की गई।

### दबंगों ने युवक को खंभे से बांधकर बेरहमी से पीटा, वीडियो वायरल



**भागलपुर।** जिले के सनोखर थाना क्षेत्र के सिलहन खजुरिया गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां गांव के ही एक दबंग व्यक्ति ने एक युवक को खंभे से बांधकर बुरी तरह पीटा। इस अमानवीय घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, सिलहन गांव निवासी स्वर्गीय राजेन्द्र साह के पुत्र निशिकांत साह से किसी बात को लेकर विवाद होने के बाद निक्कू यादव ने अपनी ताकत का दुरुपयोग करते हुए उसे घसीटते हुए अपने घर खजुरिया ले गया। इसके बाद उसे खंभे में रस्सी से बांध कर युवक को बेरहमी से पीटने लगा। घटना का वीडियो वहां मौजूद किसी शख्स ने बना लिया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस भी हरकत में आ गई है।

## स्पीड न्यूज

### स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया

**मझिआंव।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनपुरवा में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें सभी अलग-अलग जातियों के कुल 12 सदस्य बनाए गए। बनाए गए सदस्य में से दूदून शर्मा एवं बेलाल खान अध्यक्ष का दावेदारी पेश किया। लेकिन 12 में से 8 सदस्य दूदून शर्मा का समर्थन कर उन्हें स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुना। चुनाव कराने गए पर्यवेक्षक रामप्रवेश राम एवं प्रतिमा कुमारी ने नियम संगत अध्यक्ष का चयन किया। वहां कार्यक्रम का अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अख्तर खान ने किया। मौके पर प्रेम शर्मा, रामप्रवेश चैधरी, शिवमंगल चैधरी, प्रभा देवी, नूर आलम खान, योगेंद्र प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित है।

### केतार प्रखंड स्तरीय प्रतियोगता शुरू



**केतार।** खेलो झारखंड 2024-2025 के तहत प्रखंड स्तरीय प्रतियोगता का शुभारंभ केतार लोहिया समता उच्च विद्यालय के मैदान में प्रमुख चंद्रावती देवी ने दीप प्रज्वलित कर व फीता काट कर किया। खेल में बालिकाओं ने एथलेटिक, कबड्डी, खो खो, बॉलीबॉल, फुटबॉल, दौड़ जैसे अन्य खेलों में भाग लिया। अंडर 14, 17 और 19 बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। अंडर 14 कबड्डी में विजेता पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार, उप विजेता मध्य विद्यालय अमावाडीह, कब्बड़ी अंडर 17 में विजेता प्लस टू हाई स्कूल छाताकुंड, उप विजेता उच्च विद्यालय मेरौनी हुआ। मौके पर बीपीएम राकेश वैद्य, शिक्षक देवेंद्र कुमार, बसंत कुमार राम, बीरेंद्र राम, अखिलेश पाठक, मुरली पाठक, प्रेम कुमार, नवीन कुमार, दीनानाथ मेहता, संजीव आनंद, धर्मनाथ पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### करनी सेना के आठ सदस्यों ने निकाला उत्पाद सिपाही का दौड़

**मझिआंव।** मझिआंव कला के करनी सेना के आठ सदस्यों ने पिछले दिनों रांची व पलामू सहित अन्य स्थानों पर हुई उत्पाद सिपाही की दौड़ निकाल लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए करनी सेना के सक्रिय सदस्य संजीव कुमार सिंह ने बताया कि वे अपने आठ सददयों के साथ उत्पाद सिपाही की दौड़ में गये थे।और सभी ने 44 से 48 मिनट में निर्धारित 10किलोमीटर की दौड़ पूरी कर ली।कहा कि सौरभ सिंह, भैरों सिंह, अविनाश सिंह, शशिकांत सिंह, सत्यम सिंह, अभिमन्यु सिंह, कौशल सिंह आदि के द्वारा दौड़ निकालने पर मझिआंव सूरवार टोला के लोगों में खुशी देखी जा रही है।

# खेल के क्षेत्र में भी नंबर वन बनेगा गढ़वा : मंत्री

## गढ़वा में साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से होगा चार स्टेडियम का निर्माण, मिली स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में चार प्रखंडों में लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से प्रखंड स्तरीय चार स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनिया प्रखंड के ग्राम चिरका में एक करोड़ 12 लाख 55 हजार 800 रुपए की लागत से, डंडा प्रखंड के ग्राम मोतीहारा में एक करोड़ 34 लाख 25 हजार 600 रुपए की लागत से, रमकंडा प्रखंड के ग्राम सबाने में एक करोड़ 42 लाख 53 हजार 300 रुपए की लागत से तथा गढ़वा प्रखंड के ग्राम बलिगढ़ में एक करोड़ 33 लाख 76 हजार 600 रुपए की लागत से प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस उन्हें उचित प्रोत्साहन एवं सहयोग की जरूरत है। इसके लिए वे हमेशा तैयार हैं। हर क्षेत्र के खिलाड़ियों को सारी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर।

**खास बातें :** मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ, सामाजिक, धार्मिक एवं खेल के क्षेत्र में भी काफी तेजी से विकास कर रहा है। खेल के क्षेत्र में भी विकास का गढ़वा अब इतिहास रचेगा। जिले में खेल की सारी आधारभूत संरचनाएं उपलब्ध होगी। यहां के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का हर अवसर एवं सुविधा प्रदान किया जाएगा।

# गढ़वा सोशल वर्कर संस्था ने किया भंडारा का आयोजन





वितरण करते संस्था के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वधावन में शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में प्रसाद स्वरूप पूड़ी व सब्जी वितरण किया गया। कार्यक्रम में विश्वजीत केशरी ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर संस्था के सप्ताहिक भंडारा मे सहयोग किया। मौके पर विश्वजीत केशरी ने कहा की मैं भी बहुत दिनों से जरूरतमन्दो की सेवा करना चाहता था। मैं सभी से अपील करना चाहता हूं जो अपने किसी विशेष दिन पर कुछ अच्छा करना चाहते है उनके लिए यह सोशल वर्कर संस्था का प्लेटफॉम सबसे कुशल है। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के लोग फूड फॉर हंगर का प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं। मौके पर सदस्य शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, शुभम गुप्ता, सुनील सोनी, प्रीतम केशरी, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में 266 मामलों का निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** कैलान पंचायत के शिवाजी खेल मैदान में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ नंदजी राम, सीओ आफताब आलम, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, मुखिया सुकनी देवी, उप मुखिया सुरेन्द्र यादव, समाजसेवी राम प्रताप यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। शिविर में 1312 आवेदन मिले जिसमें 266 का निष्पादन किया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि, 15वें वित्त आयोग, समाज कल्याण, ई श्रम पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। इस दौरान बीडीओ, सीओ, जिला परिषद सदस्य, मुखिया ने जेएसएलपीएस सखी मंडल की महिलाओं को रोजगार के लिए 8 लाख 50 हजार का चेक दिया। कार्यक्रम का संचालन राज मोहन यादव यादव ने किया। मौके पर सीआई इंतखाब आलम, कल्याण पदाधिकारी राजगीर राम, बीपीओ आनंद कुमार रजक, जेई विजय शंकर राय, चंदन कुमार, बीटीएम राकेश कुमार, पंचायत सेवक नवनीत कुमार, श्रम मित्र नंदू राम, कौशल कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अशोक कुमार, पंकज कुमार, पंचम साह, विष्णु उरांव, सूर्यदेव यादव, भीम यादव, अनिल यादव, संजय यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।



चेक प्रदान करते अतिथि।

# सुगवा नाला का पइन मरम्मत को लेकर संघर्ष समिति का हुआ गठन

## चंदा से किया जाएगा उड़ाही



बैठक के दौरान समिति के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड के पुरहे गांव में सुगवा पइन संघर्ष समिति की बैठक जिला परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से सहयोग राशि से पइन के मरम्मत का कार्य शुरू कराने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि उनके पिता स्व. मटर सिंह के अथक प्रयास से सुगवा डैम का निर्माण हुआ था। जिससे निकाली गई पइन के माध्यम से हजारों किसान अपने खेत को पानी देकर फसल बचाते थे। लेकिन वर्तमान समय में वह पइन पूरी तरह से कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। साथ ही उसमे मिट्टी भर गया है। जिसके कारण किसानों का धान सहित अन्य कई तरह के फसल सूख जा रहे हैं। जिप सदस्य ने कहा कि पइन का अधिकांश भाग वन विभाग में होने के कारण उसमे जिला स्तर से कार्य कराना काफी मुश्किल है। जिसके कारण हम किसान इसका मरम्मत हम किसान आपस में सहयोग राशि इकठ्ठा कर करेंगे ताकि किसानों के फसल की रक्षा हो सके। इस अवसर पर सुगवा नाला संघर्ष समिति के 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। साथ ही प्रस्ताव पारित कर सुगवा नाला पर बने बिछली तक पइन के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया गया। जिसका कार्य बुधवार से शुरू किया जाएगा। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि वे पइन की मरम्मत के लिए 11 हजार रुपये सहयोग राशि दिए हैं। वहीं बैठक में उपस्थित राम प्रसाद यादव के द्वारा 21 हजार, पंचायत मुखिया शम्भू पासवान ने भी 10 हजार रुपये का सहयोग किया। इसी सुगवा संघर्ष समिति के धर्मेंद्र ठाकुर सहित अन्य सदस्यों ने भी अपने समर्थ के अनुसार आर्थिक सहयोग किया। मौके पर बीडीसी सदस्य राम गहन पासवान, उप मुखिया धर्मेन्द्र ठाकुर, चंदन ठाकुर, कामता ठाकुर, राम प्रसाद यादव, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, हरिहर चंद्रवंशी, नंदू रजवार, प्रमोद सिंह, रमेश यादव, सतीश ठाकुर सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# नीतीश मंत्रिमंडल ने 46 प्रस्तावों को दी मंजूरी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार शाम संपन्न राज्य मंत्रिमडल की बैठक में सीएम ग्रामीण सेतु योजना के तहत 204 किलोमीटर नई सड़क को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा दरभंगा एम्स के लिए 37.31 एकड़ जमीन केंद्र सरकार को हस्तांनतरित सहित कुल 46 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गयी। खास बात यह कि कई विभागों में बड़े पैमाने पर नई नियुक्तियां होगी। इसके लिए पद को सृजित किया गया है। बिहार विधान मंडल के सचेतक को उप मंत्री के बदले राज्य मंत्री का दर्जा दिए जाने को लेकर बिहार विधान मंडल नेता विरोधी दल, संसदीय सचिव, सचेतक और सदन नेता (वेतन भत्ता) नियमावली के संशोधन की स्वीकृति दी गई है। बिहार के 6421 नव स्थापित एवं उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कुल 6421 सहायक के पद को सृजित किया गया है। इस पर प्रति वर्ष एक अरब 27 करोड़ 13 लाख 58 हजार रुपये का व्यय होगा। यानि इन सभी विद्यालयों में एक-एक सहायक को नियुक्त करने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावे कारा निदेशालय में 10 कार्यालय परिचारियों के अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों के लिए कल 60 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। ग्रामीण कार्य विभाग में संविदा के आधार पर 231 सहायक अभियंता की नियोजन की स्वीकृति दी गई है। योजना एवं विकास विभाग में कार्य हित में 350 तकनीकी पर्यवेक्षकों की सेवा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कनीय अभियंता के पद पर नियमित नियुक्ति होने तक प्राप्त किए जाने एवं उसे पर होने वाले अनुमानित वार्षिक व्यय 13 करोड़ 25 लाख 73 हजार की स्वीकृति दी गई है।

# डबल इंजन सरकार कोई काम नहीं कर रही : तेजस्वी

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने मंगलवार को समस्तीपुर में अपनी आभार यात्रा के दौरान कहा कि केंद्र और बिहार की डबल इंजन सरकार कोई काम नहीं कर रही है। अपनी आभार यात्रा की शुरूआत समस्तीपुर से करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राजग गठबंधन पर निशाना साधा है।उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता संवाद कार्यकम से पहले समस्तीपुर परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र और बिहार की डबल इंजन सरकार कोई काम नही कर रही है। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार और सम्राट चौधरी द्वारा आभार यात्रा को ग्राहक खोजो यात्रा बताए जाने पर तेजस्वी यादव ने कहा कि वे लोग और क्या बोलेंगे, सिर्फ लालू जी और मुझको गाली देने का काम ही कर रहे है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि जदयू और भाजपा में यह होड़ मचा है कि हमलोगों को कौन कितना ज्यादा गाली दे सकता है। सब लोगो को पता है कि जो भी भाजपा का विरोध करता है उसके पीछे केंद्रीय एजेंसियों को लगा दिया जाता है, जबकि उनके साथ आ जाने पर सभी दोष मुक्त हो जाते है। श्री यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भले उन्हें कम सीट मिला परन्तु वोट प्रतिशत काफी बढ़ा है इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर जिले में लोकसभा वाइज कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम शुरू किया गया है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, अख्तरुल इस्लाम शाहीन, रणविजय साहू, राज्यसभा सदस्य संजय यादव, मुख्य प्रवक्ता शक्तिसिंह यादव समेत कई नेता मौजूद थे।



## तेजस्वी यादव ने सीएम पर लगाया आरोप

तेजस्वी यादव ने सीएम पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है लेकिन वे चुप बैठे है। सीएम सिर्फ दो चार लोगों से घिरे हुए है। जाति आधारित गणना, आरक्षण में क्रीमीलेयर, वक्फ बोर्ड मुद्दे पर भी सीएम चुप हो गए है। तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में लोकसभा चुनाव से बिल्कुल अलग परिणाम होने वाला है इसलिए वे कार्यकताओं को अभी से ही तैयारियों में जुट जाने की अपील करने निकले है।

# नालंद में पुलिस टीम पर जान लेवा हमला, छह पुलिसकर्मी चोटिल

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिलान्तर्गत चेरो थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस बल पर उपद्रवियों नें सोमवार की देर शाम हमला कर दिया, जिसमें छह पुलिसकर्मी चोटिल हो गये, जिन्हें इलाज क लिए मंगलवार की सुबह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रामाश्रय पासवान के पुराने मकान में कुछ लोग शराब का सेवन कर रहे हैं। ओपी थानाध्यक्ष ने बताया कि जैसे ही छापेमारी दल रामाश्रय पासवान के पुराने मकान के पास पहुंचा मकान के एक कमरे में चार व्यक्ति शराब पीते हुए पाए गए और पुलिस टीम को देखते ही वे लोग शराब की बोतल और गिलास फेंककर भागने लगे। पुलिस दल ने चारों व्यक्तियों को पकड़कर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से शराब की जांच कराने के लिए कहा परंतु चारों व्यक्तियों ने जोर-जोर से चिल्लाकर अपने आस-पास भीड़ एकत्रित कर ली और जमा भीड़ के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया।

इस हमले में चारों व्यक्तियों ने भीड़ के साथ मिलकर पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें छह पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। इसी दौरान पुलिस दल ने वरीय पदाधिकारी को अतिरिक्त पुलिस बल की सहायता के लिए सूचित किया। घटनास्थल पर अतिरिक्त पुलिस बल के पहुंचने से पहले ही हमलावर फरार हो गए।

स्पीड न्यूज

## फिल्म गांधारी में काम करेंगी तापसी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू फिल्म गांधारी में नजर आयेंगी। पन्नू की आगामी फिल्म गांधारी है, जिसकी अनाउंसमेंट सोशल मीडिया पर एक वीडियो और फोटो के साथ की गयी है। गांधारी के क्लिप में देखा जा सकता है कि बैकग्राउंड वॉइस में तापसी ने कहा कि कहते हैं मां की दुआ हमेशा साथ चलती है, लेकिन जब उसकी बच्ची पर आती है तो काली भी वही बनती है। वीडियो के साथ एक तस्वीर भी शेयर की गई है, जिसमें तापसी पन्नू और कनिका ढिल्लों साथ में पोज दे रहे हैं। ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस में तापसी लाजवाब लग रही हैं, वहीं कनिका ब्लैक लुक में दिख रही हैं। तापसी के सामने लगे टेबल पर स्क्रिप्ट रखी हुई है। फिल्म अनाउंसमेंट पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा गया, ‘हसीन राइटर और एक्ट्रेस दोबारा वापसी कर रही हैं।

## वियतनाम में तूफान से 82 की मौत, 64 लापता

हनोई। वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र में शक्तिशाली तूफान यागी के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण मंगलवार दोपहर तक करीब 82 लोगों की मौत हो गई, जबकि 64 अन्य लापता हैं। वियतनाम के कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया कि काओ बांग के पहाड़ी प्रांत में सबसे ज्यादा 19 मौतें हुई हैं और 36 लोग लापता हैं।मरने वालों में लाओ कै प्रांत के 19, येन बाई प्रांत के 22, क्वांग निन्ह प्रांत के नौ लोग शामिल हैं।

## रूस ने 144 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया

मॉस्को। रूसी वायु रक्षा बलों ने मॉस्को और ब्रांस्क समेत अपने नौ क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हमले की कोशिश कर रहे 144 यूक्रेनी ड्रोनों को मंगलवार को मार गिराया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ब्रांस्क क्षेत्र में 72, मॉस्को क्षेत्र में 20 और कुर्स्क क्षेत्र में 14 ड्रोन मार गिराये गये। ब्रांस्क के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने मंगलवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि रूसी रक्षा मंत्रालय के वायु रक्षा बलों ने ब्रांस्क क्षेत्र में 59 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट करके बड़े पैमाने पर हमले को नाकाम कर दिया है।

## केंद्र ने छह नये एएसजी नियुक्त किये

नयी दिल्ली। केंद्र ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों में सरकार का पक्ष रखने के लिए छह वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) नियुक्त किया। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ अधिवक्ता एस द्वारकानाथ, अर्चना पाठक दवे, सत्यदर्शी संजय, बृजेंद्र चाहर, राघवेंद्र पी शंकर और राजकुमार भास्कर ठाकरे को तीन साल की अवधि के लिए नये अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया है।

## अमृतसर में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से चार मरे, दो घायल

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर के नांगल गांव में मंगलवार को किराए के मकान में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यहां बताया कि एक महिला और उसके पांच बेटे किराए के मकान में यह अवैध पटाखा निर्माण इकाई चला रहे थे, जिसे उन्होंने दो महीने पहले कुलदीप कौर से लिया था। गांव की पूर्व सरपंच अमरजीत कौर ने कहा कि यह कुलदीप कौर का घर है, उनके पति की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। इन लोगों ने दो महीने पहले उससे यह मकान किराये पर लिया था।

# भारत में बनेगा सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस

## टाटा ने अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से किया समझौता

- विमान का रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिंग फैसिलिटी का सेटअप भी तैयार करेगा टाटा ग्रुप
- वायु सेना हरक्यूलिस का उपयोग करती है और उसके पास 12 विमानों का बेड़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और रक्षा उत्पाद बनाने वाली अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन के बीच एयरलिफ्टर प्रोजेक्ट को लेकर महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। दोनों कंपनियों ने सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस टैक्टिकल एयरलिफ्टर प्रोजेक्ट को लेकर साझेदारी शुरू करने का ऐलान किया है। भारतीय वायु सेना के मौजूदा बेड़े के साथ-साथ हरक्यूलिस फ्लीट की रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिंग फैसिलिटी का सेटअप तैयार करने की दिशा में काम किया जाएगा। हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अमेरिका दौरे के समय भारत और अमेरिका के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर सहमति बनी थी। इसके बाद लॉकहीड मार्टिन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के बीच हुए एयरलिफ्टर प्रोजेक्ट के समझौते को काफी महत्वपूर्ण डेवलपमेंट माना जा रहा है। दोनों कंपनियों के बीच हुए समझौते के मुताबिक एयरलिफ्टर प्रोजेक्ट के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा। भारतीय वायु सेना सी-130जे हरक्यूलिस का उपयोग करती है और उसके पास 12



विमानों का बेड़ा है। मौजूदा बेड़े के साथ-साथ हरक्यूलिस फ्लीट की रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिंग फैसिलिटी का सेटअप तैयार करने की दिशा में काम किया जाएगा। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की ओर से कहा गया है कि अगर भारत और अमेरिका की सरकारों की ओर से मंजूरी मिली तो भारत में सी-130 जे की असेंबलिंग और मैन्युफैक्चरिंग के विस्तार के साथ-साथ वायु सेना के लिए मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट (एमटीए) प्रोग्राम के लिए विमान बनाने की दिशा में भी काम हो सकता है। ये इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वायु सेना आने वाले दिनों में 80 मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट खरीदने की योजना बना रही है। इसके लिए 2023 में ग्लोबल टेंडर भी जारी किया गया था, जिसको लेकर लॉकहीड मार्टिन ने भी पॉजिटिव रिस्पॉन्स दिया था।

दावा किया जा रहा है कि अगर मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बनाने का कॉन्ट्रैक्ट लॉकहीड मार्टिन को मिला तो ये कंपनी भारत में असेंबली कैपेसिटी और एक्स्ट्रा प्रोडक्शन के लिए यूनिट भी स्थापित करेगी। अमेरिकी एयरोस्पेस दिग्गज लॉकहीड मार्टिन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने सी-130जे सुपर हरक्यूलिस टैक्टिकल एयरलिफ्टर के माध्यम से व्यापारिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए टीमिंग एग्रीमेंट की घोषणा की है। लॉकहीड मार्टिन और टाटा के पास पहले से ही टाटा लॉकहीड मार्टिन एयरोस्ट्रक्चर लिमिटेड नामक एक संयुक्त उद्यम है। हैदराबाद के संयंत्र में अमेरिकी मुख्यालय वाली कंपनी की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिए सी-130 जे के कुछ हिस्सों का उत्पादन किया जाता है। लॉकहीड मार्टिन ने एक बयान में कहा कि यह घोषणा भारत की रक्षा और एयरोस्पेस क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों को गहरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह समझौता भविष्य के संभावित व्यावसायिक अवसरों पर सहयोग के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है।

# वैज्ञानिकों को संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी : पीएम

## शोध पारिस्थितिकी तंत्र की बाधाओं को दूर करें

**इलेक्ट्रिक वाहन, सौर सेल, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे चुनिंदा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में मिशन मोड में काम करे एएनआरएफ**

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को नवगठित अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) की शासी निकाय की पहली बैठक की अध्यक्षता की जिसमें उन्होंने देश के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र में बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने देश के वैज्ञानिक समुदाय को विश्वास दिलाया कि उनके प्रयासों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र में बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बड़े लक्ष्य तय करने, उन्हें हासिल करने पर ध्यान देने और पथप्रदर्शक शोध करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शोध में मौजूदा समस्याओं के नए समाधान खोजने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि समस्याएं वैश्विक प्रकृति की हो सकती हैं लेकिन उनका समाधान भारतीय जरूरतों के अनुसार स्थानीय स्तर पर होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने संस्थानों के उन्नयन और मानकीकरण की आवश्यकता पर चर्चा की और विशेषज्ञता के आधार पर डोमेन विशेषज्ञों की एक सूची तैयार करने का सुझाव दिया।

उन्होंने एक डैशबोर्ड विकसित करने के बारे में भी बात की, जहां देश में हो रहे अनुसंधान और विकास से संबंधित जानकारी को आसानी से ट्रैक किया जा सकता है। अटल टिंकरिंग लैब्स के सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि इन प्रयोगशालाओं की ग्रेडिंग की जा सकती है। उन्होंने पर्यावरण परिवर्तन के नए समाधान खोजने, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी सामग्री, प्रयोगशाला में विकसित हीरे जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान पर भी चर्चा की। बैठक के दौरान, शासी निकाय ने हब एंड स्पोक मोड में एक कार्यक्रम शुरू



करने का निर्णय लिया, जिसमें उन विश्वविद्यालयों को जोड़ा जाएगा जहां अनुसंधान प्रारंभिक चरण में है। शासी निकाय ने एएनआरएफ के रणनीतिक हस्तक्षेपों के कई क्षेत्रों पर भी चर्चा की जिसमें प्रमुख क्षेत्रों में भारत की वैश्विक स्थिति, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ अनुसंधान एवं विकास को आगे बढ़ाना, समावेशी विकास को बढ़ावा देना, क्षमता निर्माण, वैज्ञानिक प्रगति और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को चलाना और अकादमिक अनुसंधान और औद्योगिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटना शामिल है। एएनआरएफ, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) गतिशीलता, उन्नत सामग्री, सौर सेल, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रौद्योगिकी, सतत कृषि और फोटोनिक्स जैसे चुनिंदा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में मिशन मोड में समाधान-केंद्रित अनुसंधान पर कार्यक्रम शुरू करेगा। गवर्निंग बॉडी ने ज्ञान की उन्नति के लिए मौलिक अनुसंधान को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया और मानविकी और सामाजिक विज्ञान में अंतःविषय अनुसंधान का समर्थन करने के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया। इस बात पर भी सहमति हुई कि अनुसंधान करने में आसानी प्राप्त करने के लिए हमारे शोधकर्ताओं को लचीले और पारदर्शी वित्त पोषण तंत्र के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रावधानों को लागू करने की दिशा में राज्यों के साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत देश भर के विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) का गठन किया गया है।

## राष्ट्रपति ने दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की मांग वाला ज्ञापन केंद्रीय गृह सचिव को भेजा

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में बंद होने के कारण उत्पन्न संवैधानिक संकट के मद्देनजर आम आदमी पार्टी सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करने वाले भारतीय जनता पार्टी के ज्ञापन को केन्द्रीय गृह सचिव के पास भेज दिया है। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता और दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता विजेन्द्र गुप्ता ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली में लगातार हो रहे संवैधानिक उल्लंघनों और शासन की विफलताओं के चलते मेरे साथ सभी भाजपा विधायकों ने 30 अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर दिल्ली सरकार की नाकामियों का ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रपति ने इसे उचित कार्यवाही के लिए केन्द्रीय गृह सचिव को भेज दिया है। मुझे पूरा विश्वास है कि सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी आम आदमी पार्टी के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी।ह्व

ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में पिछले पांच महीने से जेल में बंद होने के कारण राजधानी में कामकाज नहीं हो पा रहा है और कई विषयों को लेकर संवैधानिक संकट पैदा हो गया है।

# मणिपुर में दो दिन स्कूल-कॉलेज बंद

- 15 सितंबर तक इंटरनेट पर बैन, तीन जिलों में निषेधाज्ञा
- ड्रोन हमले में विदेशी लिंक होने की पुष्टिः आइजी

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर में अपनी मांगों को लेकर चल रहे छात्रों का आंदोलन मंगलवार दोपहर बाद उग्र हो गया। पुलिस को आक्रोशित छात्रों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल के साथ आंसू गैस का प्रयोग करना पड़ा। इससे घायल हुए कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य सरकार ने गंभीर स्थिति देखते हुए 11 व 12 सितंबर को पूरे राज्य के स्कूल कॉलेजों को बंद करने और पांच दिन के लिए इंटरनेट सेवा बंद करने का निर्णय लिया है। साथ ही तीन प्रभावित तीन जिलों में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। इसी बीच मणिपुर के पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) आइके मुइवा ने ड्रोन हमले में विदेशी लिंक होने की पुष्टि की है। इंफाल में छात्रों का सोमवार से शुरू हुआ धरना प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। सोमवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात के दौरान छात्रों ने अपनी मांगों की सूची उन्हें सौंपी थी। साथ ही छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर राज्यपाल को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। अल्टीमेट की अवधि पूरी होने के बाद इमा मार्केट के सामने धरने पर बैठे छात्र उग्र हो गए और इमा मार्केट के सामने से उठकर मणिपुर राजभवन की ओर बढ़ने लगे। वहां पहले से ही तैनात सुरक्षा बलों ने उन्हें रोकने की कोशिशें कीं, लेकिन छात्र किसी भी कीमत पर रुकने के लिए तैयार नहीं थे। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बल का प्रयोग किया। पुलिस ने गंभीर स्थिति को देखते हुए आंसू गैस के गोल दागे। इसके बाद हिंसा पर उतारू छात्रों को तितर-बितर कर दिया। पुलिस के बल प्रयोग से कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा का आदेश फिर से लागू कर दी है। इ इंफाल में संवाददाता सम्मेलन में मणिपुर के आइजी (अभियान) आइके मुइवा ने ड्रोन हमले में विदेशी लिंक होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि हम घटनास्थल से बरामद ड्रोन के टुकड़ों सहित विभिन्न साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। बमों में इस्तेमाल किए गए रसायनों का विश्लेषण करने के लिए इन्हें फॉरेंसिक लैब भेजा गया है।

# काम पर नहीं लौटे जूनियर डॉक्टर

**कोलकाता दुष्कर्म-हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हड़ताल खत्म करने का दिया था निर्देश**

कोलकाता। सुप्रीम कोर्ट के मंगलवार शाम 5 बजे तक ड्यूटी ज्वाइन करने के आदेश के बावजूद जूनियर डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल खत्म नहीं की। डॉक्टरों ने अपनी मांगें पूरी नहीं होने तक हड़ताल जारी रखने का फैसला किया है। डॉक्टरों ने स्वास्थ्य भवन तक मार्च किया। यहां प्रवेश की अनुमति नहीं मिलने से वे स्वास्थ्य विभाग के सामने धरने पर बैठ गए।

डॉक्टरों ने कहा कि वे मांगें पूरी होने तक वहीं रहेंगे। स्वास्थ्य भवन की ओर से कहा गया था कि यदि डॉक्टरों का कोई प्रतिनिधिमंडल भवन के अंदर आकर बात करना चाहता है तो उसका स्वागत किया जाएगा लेकिन डॉक्टरों ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी मांगें साफ हैं, मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा। जूनियर डॉक्टरों ने भी शाम 05 बजे तक का समय दिया था लेकिन उनकी मांगें पूरी न होने पर उन्होंने बेमियादी धरना देने की चेतावनी दी। डॉक्टरों का कहना है कि जब तक उन्हें स्वास्थ्य भवन में जाकर अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया जाता तब तक धरना जारी रहेगा। जूनियर डॉक्टरों के साथ सीनियर डॉक्टर, छात्र और नर्सिंग स्टाफ के प्रतिनिधि भी थे।



# कोच्चि में नौसेना ने दो जहाज मालपे और मुल्की किया लांच

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना के लिए एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट मालपे और मुल्की को मंगलवार को एक साथ कोच्चि में लॉन्च किया गया। समुद्री परंपराओं को ध्यान में रखते हुए दोनों जहाजों को दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास की उपस्थिति में उनकी पत्नी विजया श्रीनिवास ने लॉन्च किया। भारतीय नौसेना को ये 'साइलेंट हंटर्स' मिलने पर तटीय सीमाओं पर दुश्मनों की पनडुब्बियों का पता लगाने में आसानी होगी।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार माहे श्रेणी के एएसडब्ल्यू शैलो वाटर क्राफ्ट के नाम भारत के तट पर



सामरिक महत्व के बंदरगाहों के नाम पर रखे गए हैं। इन जहाजों को स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक अंडरवाटर सेंसर से लैस किया जाएगा। इन जहाजों को तटीय जल में पनडुब्बी रोधी अभियानों के साथ-साथ कम तीव्रता के समुद्री संचालन (एलआईएमओ) तथा खदान बिछाने के काम के लिए तैयार किया गया है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

## सेंसेक्स फिर 82 हजार के करीब पहुंचा, निफ्टी 25 हजार के पार

एजेंसी

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, दूरसंचार, यूटिलिटीज, पावर और टेक समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 361.75 अंक मजबूत होकर 81,921.29 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 104.70 अंक की तेजी के साथ 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 25,041.10 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.53 प्रतिशत चढ़कर



48,625.13 अंक और स्मॉलकैप 1.53 प्रतिशत की छलांग लगाकर 56,467.87 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 4042 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2586 में लिवाली जबकि 1352 में बिकवाली हुई वहीं 104 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियों के शेयरों में तेजी जबकि 16 में गिरावट रही।

बीएसई के 17 समूहों में तेजी रही। इससे कमोडिटीज 0.59, सीडी 0.72, एफएमसीजी 0.35, हेल्थकेयर 1.10, इंडस्ट्रियल्स 1.25, आईटी 1.52, दूरसंचार 2.00, यूटिलिटीज 1.76, ऑटो 0.30, बैंकिंग 0.25, कैपिटल गुड्स 1.07, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.98, धातु 0.16, पावर 1.74, रियल्टी 0.92, टेक 1.62 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.20 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.44, जर्मनी का डैक्स 0.02 और जापान का निक्केई 0.16 प्रतिशत गिर गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.22 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.28 प्रतिशत ऊपर रहा। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 209 अंक की तेजी के साथ 81,768.72 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,445.30 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 82,196.55 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,559.54 अंक की तुलना में 0.44 प्रतिशत चढ़कर 81,921.29 अंक पर बंद हुआ।

## एनएच पर 20 किमी तक आवाजाही के लिए नहीं लगेगा टोल टैक्स

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले वाहनों को अब 20 किलोमीटर के दायरे में आवाजाही के लिए कोई टोल शुल्क नहीं देना होगा। अगर यात्रा की दूरी 20 किलोमीटर से अधिक है, तभी यात्रा के दौरान तय की गई दूरी के लिए शुल्क लिया जाएगा। इसे लेकर सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को अधिसूचना जारी की। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रहण) नियम, 2008 में हाल ही में कुछ महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। इन संशोधनों का उद्देश्य टोल संग्रहण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना है।




असर्फी हॉस्पिटल, धनबाद

SURGERY FROM ADMISSION TO DISCHARGE INCLUDING MEDICINE

| Package | Day | Price |
|---|---|---|
| Gallbladder | 4 | ₹ 37,000 |
| Hydrocele | 1 | ₹ 18,500 |
| Appendix | 3 | ₹ 30,500 |
| Lapchole | 3 | ₹ 35,500 |
| Hernia | 3 | ₹ 30,000 |
| Piles | 3 | ₹ 25,500 |

7808368888 www.asarfihospital.com